e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 190
शनिवार
13.07.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
आज और कल में फर्क सिर्फ इतना होता है कि आज को आप जी रहे हैं और कल बीत चुका है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### हाथरस भगदड़ की जांच वाली याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**लखनऊ :** हाथरस भगदड़ की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया। 2 जुलाई को हुई भगदड़ में 121 लोगों की मौत हुई थी। सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह एक परेशान करने वाली घटना है, लेकिन वह इस मामले पर विचार नहीं कर सकती और हाईकोर्ट ऐसे मामलों से निपटने के लिए सशक्त न्यायालय है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह अपनी याचिका लेकर उच्च न्यायालय जाए।

### चार दिन बाद पैदल आवाजाही के लिए खुला बदरीनाथ हाइवे

**गोपेश्वर :** जोशीमठ के जोगीधार के पास अवरुद्ध बदरीनाथ हाइवे चार दिन बाद पैदल आवाजाही के लिए खुला गया। पैदल आवाजाही शुरू होने ले यहां फंसे तीर्थ यात्रियों ने राहत की सांस ली। यहां पर एसडीआरएफ और डीडीआरएफ ने दो हजार से अधिक यात्रियों को आर-पार करवाया। वहीं दो पहिया वाहनों की भी आवाजाही करवायी जा रही है। हालांकि बड़े वाहनों के लिए यह मार्ग अभी पूरी तरह नहीं खुल पाया है।बदरीनाथ हाइवे बीते चार दिनों से जोशीमठ के जोगीधारा के पास पहाड़ी से भारी बोल्डर और मलबा आने से अवरुद्ध है। मार्ग को खोलने के लिए एनएच की ओर से कड़ी मशकत की जा रही है लेकिन बार-बार बोल्डर आने से मार्ग नहीं खुल पा रहा है। इसके कारण यहां पर हजारों की संख्या में तीर्थ यात्री और उनके वाहन फंसे हुए हैं। शुक्रवार को किसी तरह यहां पैदल आवाजाही शुरू हो पायी है। इसके बाद यहां फंसे हुए तीर्थ यात्रियों को निकलवाया जा सका।

### नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दलह प्रचंड ने दिया इस्तीफा

**काठमांडू :** नेपाल की राजनीति में बड़ी हलचल मच गई है। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दलह प्रचंड ने इस्तीफा दे दिया है और के पी शर्मा ओली का नया पीएम बनना लगभग तय हो गया है। संसद में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने विश्वास मत खो दिया। दरअसल, सीपीएम-यूएमल ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। 275 सदस्यों वाले हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव (एचओआर) में प्रचंड के विश्वास मत के खिलाफ 194 और समर्थन में 63 वोट पड़े। विश्वास मत हासिल करने के लिए 138 मतों की आवश्वयकता थी।

### भारत वैश्विक संकट के बीच आजीविका संरक्षण को प्राथमिकता दे रहा हैः ओम बिरला

**नई दिल्ली :** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि भारत वैश्विक संकट के बीच आजीविका संरक्षण को प्राथमिकता दे रहा है। वह रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में 'बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के विखंडन को रोकने और वैश्विक संकट के परिणामों से संबंधित चुनौतियों से निपटने में संसदों की भूमिका' विषय पर पूर्ण सत्र को संबोधित कर रहे थे।10वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि प्रौद्योगिकीय व्यवधान तथा नियोजन और कौशल पर इसके प्रभाव की वैश्विक चुनौती को ध्यान में रखते हुए, यह आवश्यक है कि हम अल्पावधि और मध्यम अवधि में आजीविका संरक्षण को प्राथमिकता दें।

### विदेशी मुद्रा भंडार 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.16 अरब डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच जुलाई को समाप्त हफ्ते में 5.16 अरब डॉलर बढ़कर 657.16 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 1.71 अरब डॉलर घटकर 651.99 अरब डॉलर रहा था।रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि पांच जुलाई को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.23 अरब डॉलर बढ़कर 577.11 अरब डॉलर हो गईं। इस दौरान स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 90.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 57.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया।आंकड़ों के मुताबिक विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी इस अवधि में 2.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.04 अरब डॉलर हो गया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित जमा 40 लाख डॉलर बढ़कर 4.58 अरब डॉलर हो गया है। इस वर्ष सात जून को देश का विदेशी मुद्रा भंडार 655.82 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 27° |

## मुख्यमंत्री ने 1500 नवनियुक्त स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों को सौंपा नियुक्ति पत्र

# जारी रहेगा नियुक्ति पत्र देने का सिलसिला : हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री ने कहा**
- *राज्य के गरीब बच्चों को मिलेगा क्वालिटी एजुकेशन , निजी विद्यालय की तर्ज पर सरकारी विद्यालयों का बदल रहे स्वरूप
- *राज्य के सर्वांगीण विकास की परिकल्पना को साकार करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध
- * राज्य की शैक्षणिक व्यवस्था कर रहे हैं मजबूत, स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस की तरह अब एक्सीलेंट टीचर्स भी दे रहे हैं
- * युवाओं के हुनर को निखारने के साथ रोजगार भी करा रहे उपलब्ध



### आने वाली पीढ़ी के लिए एक्सीलेंट टीचर्स भी देंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह सरकारी विद्यालयों को बेहतर बनाने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गए हैं। उसी तरह यहां की आने वाली पीढ़ी को क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए एक्सीलेंट टीचर्स भी दे रहे हैं। ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी एक्सीलेंट रिजल्ट दे सके। मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले शिक्षकों से कहा कि आप अपने को इस रूप में तैयार करें कि आपकी पहचान एक्सीलेंट टीचर के रूप में हो।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हाथों 1500 नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिला तो सभी के चेहरे खुशी से दमक उठे। मौका था स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों से कहा कि आपके ऊपर बच्चों के भविष्य निर्माण की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मुझे पूरा भरोसा है कि आप निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए राज्य के सर्वांगीण विकास में योगदान देंगे।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस समारोह में मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बैद्यनाथ राम, राज्य सभा सांसद श्रीमती महुआ माजी, विधायक राजेश कच्छप, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह , राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशक श्री उत्कर्ष गुप्ता समेत कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### शिक्षा से ही समाज में बदलाव संभव

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में बदलाव लाना है तो हर व्यक्ति का शिक्षित होना जरूरी है। शिक्षा से सोच बदलती है। यह आगे बढ़ने का राह दिखाती है। इसी वजह से हमारी सरकार शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत बना रही है। हमारी सरकार ने 80 स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस खोले हैं। यहां निजी विद्यालयों से भी बेहतर शिक्षा की व्यवस्था है। इन स्कूलों की संख्या और बढ़ाने पर सरकार विचार कर रही है। हमारी कोशिश है कि सरकारी और निजी विद्यालयों के बीच पढ़ाई की गुणवत्ता को लेकर किसी प्रकार का अंतर नहीं रहे। यहां के गरीब बच्चों को इन विद्यालयों में क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

**80**
**सीएम ऑफ़ एक्सीलेंस स्कूल हमारी सरकार ने खोले हैं। यहां निजी विद्यालयों से भी बेहतर शिक्षा की व्यवस्था है।**

### स्थानीय और जनजातीय भाषा की जानकारी रखें, करें संवाद

मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त शिक्षकों से कहा कि झारखंड जैसे राज्य में जनजातीय और स्थानीय भाषाओं की काफी अहमियत है ऐसे में एक बेहतर शिक्षक के रूप में स्थापित होने के लिए आपको स्थानीय भाषाओं की जानकारी बेहद जरूरी है । इतना ही नहीं, बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ स्थानीय भाषाओं में भी संवाद करें, जिससे आत्मीय लगाव की भावना पनपेगी, जो इस राज्य की भाषा, संस्कृति परंपरा को अक्षुण्ण और आगे बढ़ाने में कारगर होगा।

### नौकरियों के खुले द्वार, स्वरोजगार के लिए भी सरकार कर रही आर्थिक सहयोग


मुख्यमंत्री ने नौजवानों को अपने पैरों पर खड़ा करने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि यह कोई पहला मौका नहीं है जब यहां के युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण कर रहे हैं। अब तक हजारों युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुके हैं। और यह सिलसिला जारी है । वहीं, निजी संस्थानों और कंपनियों में 60 हजार से ज्यादा युवाओं को जॉब दिलाने का काम किया है। जो युवा स्वरोजगार करना चाहते हैं, उन्हें आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्तियों का सिलसिला जारी रहेगा।

### झारखंड के युवा देश और विदेशों में भी कार्यों से मनवा रहे लोहा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के युवाओं के कौशल विकास पर सरकार का विशेष जोर है । यहां विभिन्न माध्यम से युवाओं के हुनर को निखारने के साथ रोजगार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। आज यहां के हुनरमंद युवा देश के साथ विदेशों में भी अपने कार्यों से हर किसी का दिल जीत रहे हैं।

### एचईसी की बदल देंगे तस्वीर

मुख्यमंत्री ने कहा कि एचईसी की पहचान उद्योगों की जननी के रूप में है। लेकिन, आज इसके हालात से हम सभी वाकिफ हैं। जब यह उद्योग लगा था तो 30 हजार से ज्यादा कर्मचारी यहां काम करते थे। लेकिन आज हालात विपरीत है। अगर राज्य सरकार को एचईसी हैंडओवर कर दिया जाए तो हम इसकी तस्वीर बदल देंगे। इसकी पुरानी रौनक वापस लाएंगे और यहां बड़े पैमाने पर युवाओं को रोजगार देने का काम करेंगे।



### झारखंड हाईकोर्ट के अगले चीफ जस्टिस होंगे एमएस रामचंद्र राव

**रांची:** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एम.एस.रामचंद्र राव झारखंड हाईकोर्ट के अगले चीफ जस्टिस होंगे. वह वर्तमान चीफ जस्टिस बीआर सारंगी के 19 जुलाई को सेवानिवृत्त होने के बाद कार्यभार संभालेंगे. सुप्रीम कोर्ट कॉलेजिम ने उनके झारखंड हाईकोर्ट में ट्रांसफर की अनुशंसा की है. कॉलेजियम ने 11 जुलाई को हुई बैठक में इस बाबत फैसला लिया है. जस्टिस एमएस रामचंद्र राव 30 मई 2023 से हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ चस्टिस हैं. इससे पहले 29 जून 2012 को जस्टिस एम. एस. रामचंद्र राव आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के जस्टिस के रुप में नियुक्त हुए थे. झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने यह जानकारी दी है.इनके अलावा सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने राजीव शाकधेर को हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट, जस्टिस सुरेश कैत को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट,जस्टिस गुरमीत सिंह संधावालिया को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट, जस्टिस नितीन जामदार के केरल हाईकोर्ट और केआर श्रीराम को मद्रास हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के रुप में ट्रांसफर करने की अनुशंसा की है.बता दें कि झारखंड हाईकोर्ट के वर्तमान चीफ जस्टिस बीएस सारंगी 3 जुलाई को नियुक्त हुए थे. इससे पहले वो ओडिशा हाईकोर्ट में न्यायाधीश थे. उनके नाम की सिफारिश 27 दिसंबर 2023 को ही की गई थी. जून 2013 में वो ओडिशा हाईकोर्ट के जज बने थे.1985 में उन्होंने वकालत शुरू की थी.

#### 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में किया गया घोषित

## कांग्रेस के दमनकारी कदम को हमेशा याद रखा जाएगा : पीएम मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' घोषित कर दिया है। केंद्र ने अपने इस फैसले को आपातकाल के खिलाफ लोकतंत्र बहाली की जंग लड़ने के दौरान अमानवीय यातना झेलने वाले लाखों लोगों का सम्मान करार दिया। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाना इस बात की याद दिलाएगा कि उस दिन क्या हुआ था और संविधान को कैसे कुचला गया था।गौरतलब है कि 1975 में इसी दिन तत्कालीन इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने देश पर आपातकाल लगाने का एलान किया था और देश में करीब 21 महीने तक आपातकाल लगा रहा था। गृह मंत्रालय के 11 जुलाई को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी। इसके बाद उस समय की सरकार ने सत्ता का घोर दुरुपयोग किया और भारत के लोगों पर ज्यादतियां और अत्याचार किए गए। और जबकि भारत के लोगों को देश के संविधान और देश के मजबूत लोकतंत्र पर दृढ़ विश्वास है। इसलिए भारत सरकार ने आपातकाल की अवधि के दौरान सत्ता के घोर दुरुपयोग का सामना और संघर्ष करने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किया है और भारत के लोगों को भविष्य में, किसी भी तरह से सत्ता के घोर दुरुपयोग का समर्थन नहीं करने के लिए पुनः प्रतिबद्ध किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि 25 जून को संविधान हत्या दिवस देशवासियों को याद दिलाएगा कि संविधान के कुचले जाने के बाद देश को कैसे-कैसे हालात से गुजरना पड़ा। यह दिन उन सभी लोगों को नमन करने का भी है, जिन्होंने आपातकाल की घोर पीड़ा झेली। देश कांग्रेस के इस दमनकारी कदम को भारतीय इतिहास के काले अध्याय के रूप में हमेशा याद रखा जाएगा।

# नेपाल : दो बसें नदी में बहीं, 7 भारतीय समेत 65 लोग लापता

एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल में खराब मौसम लोगों के लिए आफत बना हुआ है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह मध्य नेपाल में मदन-आश्रित राजमार्ग पर भूस्खलन की वजह से लगभग 63 यात्रियों को ले जा रही दो बसें त्रिशूली नदी में बह गई। दोनों चालकों समेत सभी लापता बताए जा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इनमें सात भारतीय भी शामिल थे।



चितवन के मुख्य जिला अधिकारी इंद्रदेव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों बसों में चालकों सहित कुल 63 लोग सवार थे। हादसा सुबह करीब 3:30 बजे हुआ। हम घटनास्थल पर हैं और तलाशी अभियान चल रहा है। लगातार बारिश के कारण लापता बसों की तलाश में हमें दिक्कत आ रही है। घटना चितवन जिले में नारायणघाट-मुगलिंग रोड पर सिमलताल इलाके में हुई। इस बीच मौसम खराब रहने के कारण काठमांडू से भरतपुर, चितवन तक की सभी उड़ानें शुक्रवार को रद्द कर दी गई।जानकारी के मुताबिक, काठमांडू जाने वाली एक बस और राजधानी से गौर जाने वाली दूसरी बस सुबह करीब साढ़े तीन बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गई। काठमांडू जाने वाली बस में 24 लोग और गौर जाने वाली बस में 41 लोग सवार थे। बताया यह भी जा रहा है कि दूसरी बस में सवार तीन यात्री कूदकर भागने में सफल रहे। बीरगंज से काठमांडू जा रहे 21 यात्रियों के बारे में जानकारी मिली है। हालांकि, पुलिस ने बताया है कि बस में सवार यात्रियों में सात भारतीय नागरिक भी थे।

त्रिशूली नदी में बस के लापता होने पर दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने तत्काल खोज और बचाव अभियान के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने नागरिकों से आवश्यक सावधानी बरतने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक भावेश रिमल ने कहा कि नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल के जवान बचाव अभियान के लिए घटनास्थल की ओर बढ़ रहे हैं। नारायणघाट-मुगलिंग सड़क खंड पर विभिन्न स्थानों पर भूस्खलन के कारण मलबा आने से यातायात बाधित हुआ है।

## ईडी मामले में केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने दी अंतरिम जमानत

**गिरफ्तारी को चुनौती वाली अर्जी को अब बड़ी बेंच सुनेगी**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है।

अहम बात यह है कि केजरीवाल को यह राहत ईडी से जुड़े मामले में दी गई है और फिलहाल वे सीबीआई की हिरासत में हैं। ऐसे में उन्हें अभी जेल में ही रहना होगा। इससे पहले पीठ ने 17 मई को केजरीवाल की याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रखा था।



ईडी की ओर से उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। याचिका में दिल्ली में कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई थी।

कोर्ट ने इस याचिका को बड़ी पीठ के पास भेज दिया है।कोर्ट ने ईडी की ओर से दायर आबकारी नीति मामले में अंतरिम जमानत देते हुए कहा कि हम धारा 19 के प्रश्न पर विचार कर रहे हैं। हमने धारा 19 और 45 के बीच अंतर साफ कर दिया है। धारा 19 जांच अधिकारी की व्यक्तिपरक राय है। धारा 45 न्यायालय की ओर से किया गया प्रयोग है।

जस्टिस खन्ना ने कहा कि न्यायालय की शक्ति अधिकारी की शक्ति से अलग होती है। हमने गिरफ्तारी की आवश्यकता, अनिवार्यता को आधार बनाया है। विशेष रूप से आनुपातिकता के सिद्धांत के मद्देनजर, जिसे हमने बड़ी पीठ के पास भेजा है। तो गिरफ्तारी की नीति क्या है, इसका आधार क्या है, हमने संदर्भित किया है।

### झारखंड विस चुनाव में युवा वोटरों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड विधानसभा चुनाव में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने की कोशिश शुरू कर दी गयी है। इसके मद्देनजर स्कूल और कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। युवा मतदाताओं को बताया जा रहा है कि कैसे मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ना है। इसके लिए कौन सा फार्म भरकर देना है। यदि किसी का नाम गलत हो गया है तो उसको कैसे सुधारा जा सकता है।



**संक्षिप्त खबरें**

## पिपरा में मुहर्रम पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा थाना परिसर मे मुहर्रम पर्व को लेकर पिपरा थाना प्रभारी विमल कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। प्रभारी विमल कुमार ने कहा कि आपसी भाईचारे सौहार्द एवं शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम पर्व को मानना है। किसी भी तरीके के अफवाह को नहीं फैलाना है। अगर कोई भी व्यक्ति असामाजिक कार्य करते हुए या उसकी योजना बनाते हुए दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत थाना को देना है। उपस्थित लोगों ने भी अपने-अपने राय विचार को रखा. इस मौके पर मो निसार मोहम्मद बदरुद्दीन आलमगीर अंसारी जहारुद्दीन अंसारी अजमुलाह अंसारी पिंटू सिंह सुनील कुमार सिंह जहीर अंसारी मोहम्मद क्यईमुद्दीन अंसारी मोहम्मद असलम एसआई नकुल शर्मा मनोज राणा कामता प्रसाद यादव एएसआई अनिल नायक संजय मिंज सहीत अन्य लोग बैठक में उपस्थित थे।

# डीसी के निर्देश पर डीडीसी पहुंचे कल्याण कार्यालय, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत कम आ रहे आवेदनों की समीक्षा की

**18, 19 व 20 जुलाई को लगाया जायेगा विशेष शिविर, डीसी ने सभी युवाओं से अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन के निर्देश पर शुक्रवार को उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद जिला कल्याण कार्यलय पहुंचे.यहां उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू व अन्य कर्मियों के साथ बैठक कर मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वित्तवर्ष 2024-25 अंतर्गत अबतक मात्र 537 ही आवेदन प्राप्त हुए है यह चिंता का विषय है। उन्होंने कल्याण पदाधिकारी से ऑनलाइन रूप से आवेदन कम क्यों आ रहें हैं इससे संबंधित प्रत्येक बिंदु पर समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये।



**18,19 व 20 जुलाई को पूरे जिले में लगाया जायेगा विशेष शिविर**

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत ऑनलाइन माध्यम से ज़्यादा से ज़्यादा युवा आवेदन कर पायें इसे लेकर जिले के सभी 21 प्रखंडों में विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा.शिविर में संबंधित बीडीओ, ब्लॉक कल्याण पदाधिकारी, समेत अन्य लोग पूरे उपकरण के साथ उपस्थित रहेंगे.शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों को ऑन स्पॉट एंट्री किया जायेगा.सभी शिविरों का प्रतिदिन संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी निरीक्षण करेंगे.वहीं प्रतिदिन प्राप्त होने वाले आवेदनों का समेकित रिपोर्ट प्रखंड विकास पदाधिकारी कल्याण पदाधिकारी को सौंपेंगे.विदित हो कि इस योजना के तहत विभिन्न वर्ग के लोगों को व्यवसाय शुरू करने हेतु सरकार के तरफ से ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

**इन दस्तावेज़ों के साथ शिविर में पहुंचने की एडवाइजरी**

प्रखंड में आयोजित हो रहे विशेष शिविर को लेकर जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि शिविर में जो कोई भी योजना के तहत लाभ लेना चाहते हैं वे अपने साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति, आवासीय, व आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति, सरकारी नौकरी में नहीं होने का शपथ पत्र लेकर पहुंचे ताकि ऑन स्पॉट एंट्री कराया जा सके.उन्होंने कहा कि अगर कोई वाहन लेने को लेकर इच्छुक है तो वे वाहन का अद्यतन कोटेशन के साथ आएं।

**जिले के बेरोजगार युवक-यूतियों के लिए सुनहरा अवसर,शिविर का अधिकाधिक लाभ लेने की अपील**

इस संबंध में उपायुक्त श्री रंजन ने जिले के युवाओं से शिविर का अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की.उन्होंने कहा कि 18,19,व 20 जुलाई को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत शिविर लगाया जाएगा.ऐसे में अगर किसी के पास ज़रूरी दस्तावेज नहीं भी है तो उसके लिये आवेदन कर दस्तावेज जारी होने के बाद आवेदन करना सुनिश्चित करें।

## विषैला जंतु के काटने से वृद्धि की हुई मौत



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत मुकुंदपुर पंचायत के सिंहपुर गांव निवासी 74 वर्षीय सुरेश राम पिता अनंत दुसाध की मृत्यु गुरुवार की रात्रि विषैला जंतु के काटने से हो गई। मिली जानकारी के अनुसार शाम 7बजे के करीब जैसे ही अपने खपरैल घर में प्रवेश किया। उसके पश्चात ही गर्दन में विषैला जंतु काट लिया जो काफी खोज बिन के बाद भी पहचान में नहीं आया। तत्पश्चात परिजनों ने तुरंत ही उपचार हेतु परसोंडीह गाँव ले गए इसके पश्चात अस्पताल ले जाने के क्रम में उनका मृत्यु कोल रोड के समीप हो गई। मृत्यु की खबर जैसे ही परिजनों को लगी लोग दहाड़ मार कर रोने लगे इसी दौरान पंचायत के बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम घर पहुंच दुखदायक परिजनों के साथ ढाढस बढ़ाया। साथ ही केतार पुलिस प्रशासन के सहयोग से शुक्रवार को गढ़वा में पोस्टमार्टम कराया गया इसके पश्चात थी अंतिम संस्कार पास के ही पंडा नदी तट पर किया गया।

## मुहर्रम को लेकर थाना परिसर मे हुई शांति समिति की बैठक



**नौड़ीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार थाना परिसर मे मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी श्री अमित कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता मे की गई। इस बैठक मे काफी संख्या में दोनो समुदाय के लोग मौजूद थे। थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने सबसे पहले मोहर्रम पर्व को लेकर शुभकामनाए एवं बधाई देते हुए कहा कि असामाजिक तत्वों के लोगों पर पैनी नजर रखने की जरूरत है ताकि पर्व की माहौल खराब ना हो। उन्होंने यह भी कहा कि जो रूट निर्धारित है पहले से उसी के अनुसार जुलुस निकाले। वही पर मौजूद अंचल पुलिस निरीक्षक श्री द्वारिका राम ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान देनें की जरूरत नहीं है और छोटे छोटे समस्याओं को सामाजिक स्तर पर निदान करें जिससे की किसी को कोई प्रकार की परेशानी न हो और उन्होंने कहा कि अनुभवी लोग अपनी जिम्मेवारी को समझेंगे तो समस्या का समधान हो जायेगा। अफवाह से बचने के लिए अफवाह फैलाने वाले पर पैनी नजर रखना होगा। उन्होंने दोनों समुदाय से अपील किया है कि आपसी सौहार्द एवं शांति वातावरण के साथ मनाये। मौक़े पर जीप सदस्य सुदामा पासवान, पूर्व प्रमुख फुलवा देवी, पुलिस अवर निरीक्षक उदय यादव, सहायक अवर निरीक्षक प्रमोद कुमार, सदर जेनरल कमिटी के अध्यक्ष फारुक अंसारी, मुख्यतार अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि आलोक यादव- लाल बिहारी यादव, बीस सूत्रीय सदस्य बिनोद सिंह, अनवर हुसैन, मुमताज़ आलम, जावेद आलम, कलाम अंसारी समेत काफी संख्या मे दोनो समुदाय के लोग मौजूद थे।

## परिवार नियोजन पखवाड़ा का किया गया शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर गुरुवार को अनुमंडल अस्पताल परिसर में 11 जुलाई से 10 अगस्त तक चलने वाला परिवार नियोजन पखवारा का शुभारंभ किया गया.कार्यक्रम का शुभारंभ बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश गुप्ता, विभूति भूषण चौबे, जिप प्रतिनिधि प्रमोद राम, प्रमुख प्रतिनिधि रबिंद्र पासवान, उप प्रमुख गणेश देव, तथा उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जनसंख्या नियंत्रण पर जानकारी देते हुए अस्पताल के उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी ने बताया की स्वास्थ विभाग द्वारा कई योजना चलाया जा रहा है जिसमे बंध्यकरण आपरेशन, पुरुष नसबंदी, कॉन्डम सहित अन्य योजना है जिससे बढ़ते जनसंख्या पर नियंत्रण किया जा सकता है. उपस्थित अतिथियों ने कहा की भारत सरकार जनसंख्या नियंत्रण के लिए कई योजना चला रही है. इसके लिए व्यापक पैमाने पर प्रचार प्रसार की जरूरत है। उन्होंने कहा की ग्राम सहिया अपने अपने कार्य क्षेत्र में नियंत्रण को लेकर लोगो को जागरूक करे। हम दो हमारे दो मूल मंत्र के साथ लोगो को स्वास्थ विभाग द्वारा चलाए जा रहे सुविधा का लाभ ले। कार्यक्रम में नेत्र पदाधिकारी नागेश्वर प्रसाद सिंह, प्रधान सहायक राजेश कुमार सिन्हा, बीपेश राज तमांग, अनुरंजन पांडेय, कृति कुमारी, अनिमेष राज, लेखा प्रबंधक करुणा कुमारी, अशफाक अहमद, सीएचओ प्रेमा लकड़ा, सोनम कुमारी, अस्पताल कर्मी सुषमा गुप्ता, संचरिया तिग्गा, गरिमा तिर्की, सबीना खातून, नीलम लता, संगीता कुमारी, रेशम कुमारी सहित काफी संख्या में अस्पताल के कर्मी और ग्राम सहिया उपस्थित थे।

# पिकअप वैन ने मोटरसाइकल को मारी जोरदार टक्कर, चार घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** रेहला थाना क्षेत्र के बरवाडीह एचपी पेट्रोल पंप के समीप एक तेज रफ्तार पिकप वैन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी है। जिसमे बाइक सवार एक महिला,दो बच्चे सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शुक्रवार दोपहर की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार गढ़वा जिला के डंडई क्षेत्र के जरही गांव निवासी रवींद्र पासवान अपनी पत्नी मीरा देवी, बेटी अनामिका कुमारी और बेटा मयंक कुमार को मोटरसाइकल पर बैठाकर पांडू रिश्तेदार के यहां जा रहा था। इसी बीच रेहला पांडू मुख्यपथ पर बरवाडीह गांव के पास विपरित दिशा से तेज रफ्तार आ



रही एक पिकअप वैन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतना जोरदार था कि मोटरसाइकल पर बैठा सात वर्षीय मयंक उछलकर पिकअप वैन के डाला में चला गया। घटना के बाद चालक पिकअप वैन को लेकर फरार हो गया। गूरी और भंडार गांव के बीच पिकअप वैन को खड़ा कर चालक फरार हो गया.रोने की आवाज सुनकर ग्रामीण जमा हुए और मयंक को पिकअप वैन के डाला से घायल अवस्था में नीचे उतारा और पुलिस को इसकी सूचना दी.बाद में मयंक का चाचा उसे इलाज हेतु अस्पताल ले गया। इधर घायल रवींद्र पासवान, मीरा देवी और अनामिका को स्थानीय लोगों ने विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार हेतु सभी को मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। रवींद्र पासवान और मीरा देवी की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस पिकअप वैन को जब्त कर फरार चालक को ढूंढने का प्रयास कर रही है।

## प्रखंड मुहर्रम इंतजामिया कमिटी का हुआ गठन, शमशेर आलम बने सदर



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नप अंतर्गत निमीटांडी गांव में मुस्लिम समाज के लोगों की बैठक हुई। बैठक में दर्जन भर गांव के लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता हाजी समसूदीन अंसारी और संचालन सिराजुदीन अंसारी ने किया। बैठक में मुहर्रम जुलूस के सफल संचालन हेतु मुहर्रम इंतजामिया कमिटी का गठन किया गया.सर्वसम्मति से समाजसेवी शमशेर आलम को कमेटी का सदर चुना गया। वहीं महमूद अंसारी को सेक्रेटरी, फिरोज आलम को खजांची, डॉ इलाहक अंसारी को नायब सदर और अब्दुल जलार अंसारी को नायब सेक्रेटरी बनाया गया। जबकि हाजी रियाजुदिन कादरी, राजद नगर अध्यक्ष सिराजूदीन, मजामुदीन अंसारी, नासिर अंसारी, मिन्हाज अंसारी व ज्यारत अंसारी को कमेटी का सरपरस्त चुना गया। नवनिर्वाचित सदर शमशेर आलम ने कहा कि इस बार मुहर्रम का भव्य जुलूस निकाला जायेगा। जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। उन्होंने जुलूस शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में निकालने का संकल्प भी दोहराया। बैठक में नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, वार्ड पार्षद सलीमुदिन अंसारी, उस्मान अंसारी, मोजिब अंसारी, अनीस अंसारी, अकरम अंसारी, हाजी रेयाज अंसारी, गयासुदीन अंसारी, कसमुदीन अंसारी, नसरूदीन हसन अंसारी, सलीम अंसारी, मजमुदिन अंसारी, इमाम अली अंसारी, जावेद अख्तर, फिरोज अंसारी, महमूद अंसारी, नेजाम अंसारी, हाफिज सलीमुदीन, हुसैन अंसारी, इकबाल अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## ग्रासिम सीएसआर के द्वारा लगाया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व द्वारा पशुधन विकास योजना के तहत शुक्रवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर विशुनपुर सीएसआर प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित किया गया। रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में पशुओं में होने वाली बीमारियां की पहचान और उसके रोकथाम हेतु पशुपालकों को प्रशिक्षित किया गया। गढ़वा कृषि विज्ञान केंद्र के पशु चिकित्सक सह प्रशिक्षक डॉ सुषमा बाखला ने कहा कि पशुपालकों के लिए पशु एक ऐसा साधन है चाहे वह गाय हो, बैल हो बकरी हो मुर्गी हो जिसे हम कभी भी बेचकर तुरंत धन की प्राप्ति कर सकते हैं। इसलिए पशुओं को पशुधन भी कहा जाता है। उन्होंने पशुपालकों को पशुओं में होने वाली मौसमी एवं अन्य बीमारियों जैसे खुरहा चपका, गलघोंटू, लँगड़ी बुखार, सर्रा, थनैला जैसे विभिन्न प्रकार की बीमारियों के कारण, लक्षण, इलाज एवं रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी.साथ ही बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण के बारे में भी बताया.शिविर में बीमारियों के अलावा पशुओं को स्वस्थ रखने हेतु जरूरी संतुलित आहार,कम खर्च में हरे चारे जैसे एजोला,नेपियर आदि की खेती के बारे में भी पशुपालकों को प्रशिक्षित किया गया.कार्यक्रम के अंत मे डॉ सुषमा ने पशुपालकों के पशुओं से सम्बन्धित समस्याओं एवं उनके प्रश्नों का निराकरण भी किया।

**बाल श्रम कानूनों की उड़ रही धज्जियां**

# स्कूली बच्चों से वाहनों पर लोड कराई जा रही साइकिलें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर ऊंटारी प्रखंड कार्यालय परिसर में बाल और श्रम कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। उक्त कानूनों की धज्जियां कोई और नहीं बल्कि सरकारी स्कूलों के शिक्षक एवं स्कूलों में साईकिल की आपूर्ति करने वाले कंपनी के सुरवाईजर दोनों मिलकर उड़ा रहे हैं। सरकारी स्कूलों के शिक्षक अपने-अपने स्कूल के बच्चों को विद्यालय में शिक्षा देने के बजाय उन्हें साईकिल दिलाने का लालच देकर प्रखंड कार्यालय परिसर ले जाकर पलदारी करा रहे हैं। जबकि स्कूल तक साईकिल की आपूर्ति करने वाले कंपनी का सुरवाईजर ठाठ से कुर्सी पर बैठ कर चिलचिलाती धूप में बच्चों से पीकअप पर साईकिल लोड करा रहा है।यह क्रम पिछले कई दिनों से चल रहा है। उसके बाद भी प्रखंड प्रशासन की नजर इस पर नहीं पड़ी। जबकि बीडीओ एवं सीओ नियमित रूप से कार्यालय में



बैठ कर लगातार कार्यों का निष्पादन कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकार के द्वारा वर्ग आठ पास करने वाले बच्चों को साईकिल दिया जा रहा है। इसी क्रम में नगर ऊंटारी प्रखंड को आठ सौ साईकिल की आपूर्ति की गई है।साईकिल आपूर्ति की जिम्मेवारी हीरो एकोटेक्स कलकत्ता की कंपनी को दी गई है। कंपनी के द्वारा सभी स्कूलों में जाकर साईकिल की आपूर्ति किया जाना है। किंतु कंपनी के द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा है। गुरुवार को प्रखंड के स्तरोन्नत हाईस्कूल जतपुरा के हेडमास्टर रमोद कुमार के निर्देश पर विद्यालय के अभिषेक कुमार एवं हाईस्कूल चितविश्राम के हेडमास्टर अमित कुमार के निर्देश पर सहायक शिक्षक नरेंद्र श्रीवास्तव अपने अपने बच्चों को साईकिल दिलाने के लिये प्रखंड कार्यालय पहुंचे थे।प्रखंड कार्यालय पहुंचने पर कंपनी का सुरवाईजर परितोष शंकर के द्वारा ठाठ से कुर्सी पर बैठ कर चिलचिलाती धूप में बच्चों से गोदाम से साईकिल निकलवाकर पीकअप पर लोड कराया जा रहा था। वहीं स्कूल के शिक्षक इसका विरोध करने के बजाय मस्ती में ठहाके लगा रहे थे। जब इसकी सूचना बीडीओ अदिति गुप्ता को हुई तो वे आनन-फानन में साईकिल गोदाम पहुंच कर सुपरवाईजर को कड़ी फटकार लगाई तथा स्कूलों में साईकिल पहुंचाने की कड़ी हिदायत दी। उन्होंने कहा कि बच्चों से तपती धूप में साईकिल लोड कराना अपराध है। कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने मुख्यमंत्री के नाम लिखे 12 सूत्री मांग पत्र बीडीओ व सीओ को सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने जिला सचिव राजकुमार राम के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम लिखे 12 सूत्री मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी को सौंपा। नेताओ ने अपने स्तर की समस्याओं के निदान की दिशा में त्वरित कार्रवाई करने की मांग किया है। मांग पत्र में सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान प्रत्येक माह करने,सभी परिवारों को राशनकार्ड देने तथा छूटे व्यक्तियों का नाम राशनकार्ड में जोड़ने,राशन वितरण में सुधार करने,प्रखंड के अलकर ग्राम में वर्ष 2017 में टूटे सतबहिनी नाला, पूर्णानगर के नइकी अहरा बांध बनवाने, बभनी खांड डैम नया खांड का टूटे फाटक को बदलवाने, देइ खोह डैम का लिकेज बन्द कराने, सभी जलमिनारों व चापानलों को ठीक कराने, झुमरी ढूढडी नाला पर पुल बनवाने, सहारा इंडिया बैंक में



जमाकर्ताओं की राशि वापस कराने, तुलसी दामर डोलोमाइट खदान को चालू कराने, ट्रॉमा सेंटर, आईटीआई कॉलेज मह देइया तथा नवनिर्मित कारागार को चालू कराने, त्रुटिपूर्ण हालसर्वे खतियान को रद्द कर रजिस्टर टू में भू लगान लेने, ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर दाखिल खारिज कराने, आदिवासियों की खतियानी भूमि तथा सीएनटी एक्ट की हिफाजत करने, वन पट्टा देने, सलसलादी कसया नाला,चेचरिया नकटी नाला, भोजपुर सुलक्षणा नाला, हलीवन्ता पन्डरवा नदी, सनपुरा नारायण नाला पर चैकडैम बनवाने तथा नरखोरिया कला उत्क्रमित मध्य विद्यालय का सड़क पूरब तरफ से बनवाने की मांग शामिल है। मांग पत्र सौपने वालो में रामेश्वर प्रसाद अकेला, देवीदयाल मेहता, मोती राम, खलील खां, रामनाथ उरांव, एनुस खां, श्रीराम, नगीना राम सहित अन्य के नाम शामिल है।

# प्रधानाध्यापकों की बैठक बीईईओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड के सभी उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, उत्क्रमित उच्च विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तथा नव प्राथमिक विद्यालय के सभी प्राधानाध्यापको की बैठक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक में प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे भी उपस्थित थे.प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। चौबे ने सभी प्रधानाध्यापको को संबोधित करते हुये कहा कि आप सभी शिक्षा के स्तंभ है ,आप लोग बड़ी मेहनत लगन कर बच्चों की जिंदगी संवारने का काम करते हैं.उन्होंने कहा कि आप सभी प्रधानाध्यापकों के पास समस्याओं का अम्बार है, लेकिन आपलोग समस्याओं का निदान करते हुये



आगे बढ़ते रहते हैं. सरकार समय -समय पर स्कूली बच्चों के सर्वागीण विकास के लिये कार्यक्रम चलाते रहती है, आप सभी से आग्रह है कि सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों का शतप्रतिशत पालन करना सुनिश्चित करेंगे.प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय ने विभागीय कार्यो की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में बीईईओ ने सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि साप्ताहिक रेल प्रोजेक्ट के तहत होने वाली परीक्षा सभी विद्यालयों में हो इसे सुनिश्चित किया जाय. परीक्षा लेने के बाद विभाग द्वारा भेजी गई लिंक को अवश्य भरें। परीक्षा लेने के उपरांत बच्चों के कॉपी का मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाय.उन्होंने प्लांटेशन का लिंक भरने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पोषक क्षेत्र के सभी 6-14 आयु वर्ग के अनामांकित बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन कराने, कोई भी बच्चा अनामांकित न रहे इसकी व्यवस्था करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि विद्यालय में प्रयास कार्यक्रम को गम्भीरता से लागू कराना सुनिश्चित करें. बीआरपी श्रीकांत चौबे ने प्रयास कार्यक्रम के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि हाउस का निर्माण करते हुये विद्यालय के पोषक क्षेत्र के प्रत्येक टोले के नामांकित बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करेंगें। ट्रांजिशन, प्रोजेक्ट इंफैक्ट, पुस्तकालय, प्रयोगशाला आदि विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर उसे विद्यालय में लागू कराने का निर्देश दिया.उन्होंने कहा कि विद्यालय में नहीं आने वाले बच्चों के लिये विशेष अभियान चलाकर उनके अभिभावकों से मिलकर बच्चों को विद्यालय भेजने का आग्रह करेंगे.उन्होंने कहा कि विभागीय निर्देशों का अनुपालन शत प्रतिशत विद्यालयों में लागू हो इसे प्रधानाध्यापक सुनिश्चित करें। श्री चौबे ने प्रयास-सह-प्रोजेक्ट इंपैक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत कार्य करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि चार हाउस का निर्माण, बाल संसद का गठन, करने, विभिन्न क्लबों का गठन ,चारों हाउस द्वारा नोटिस बोर्ड का निर्माण और उसे सुसज्जित करने, आदर्श प्रार्थना सभा का आयोजन ,जिसमें हाउस स्तर पर बच्चों को पंक्तिबद्ध होना, अपना ध्वज लगाना, प्रार्थना सभा में समाचार, सामान्य ज्ञान, आज का विचार एंव प्रस्तावना को पढ़ा जाना, सप्ताह में दो से तीन व्यायाम एंव योगाभ्यास कराना, प्रोजेक्ट रेल के टॉपर को सम्मानित करना, बच्चों का पोशाक, नाखून की स्वच्छता की जांच करना, महापुरुषों को याद करना, कक्षा-कक्ष कि सफाई, सहित अन्य कार्यों की जानकारी से अवगत कराया और कहा कि ये सभी कार्यक्रम विद्यालयों में शत प्रतिशत लागू कराना सुनिश्चित करें.बीईईओ विजय पांडेय ने कहा कि सभी प्रधानाध्यापक ई विद्या वाहिनी में शिक्षक, बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे. सभी प्रधानाध्यापक प्रतिदिन एमडीएम का एसएमएस करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### बीरेंद्र कुमार महतो का पीजीटी शिक्षक के पद पर हुआ चयन

**रांची।** मुख्यमंत्री के द्वारा पीजीटी शिक्षक नियुक्ति में रामगढ़ जिला के ग्राम बुढ़ाखुखरा निवासी बीरेन्द्र कुमार महतो का चयन संस्कृत विषय में हुआ है । इन्होंने नियुक्ति पत्र लेने अपने माता-पिता और भतीजी को लेकर राँची पहुँचे। अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, भाई-बहन, भाभीयों के अलावे परिवार के सभी सदस्यों, सभी गुरूजनों, मित्रों इत्यादि को दिया है।इस सफला से परिवार के सदस्यों, रिस्तेदारों और गाँव के लोग काफी खुश है। इस सफलता को सुनकर अनेकों लोगों ने बधाई दी है।सर्व प्रथम माता रूदिया देवी,पिता मुखलाल महतो,बहन कविता कुमारी ,सविता कुमारी, भाभी रोशनी बाला,प्रीति मेहता, भाई डॉ.हीरालाल महतो,डॉ.ज्ञान रंजन महतो,डॉ.निरंजन महतो इत्यादि शामिल है।

### कांके अंचल में सबसे अधिक जमीन घोटाला, जांच के दायरे में अंचल अधिकारी

**रांची।** कांके अंचल में रांची का अबतक का सबसे बड़ा जमीन घोटाला सामने आ रहा है। ईडी के अनुसार कांके अंचल में करीब सात सौ एकड़ से अधिक जमीन की हेराफेरी की गई है। जमीन माफिया कमलेश कुमार अपने सहयोगियों के साथ मिलकर किया है। ईडी की टीम ने दस जून को कांके अंचल ऑफिस में छापेमारी की थी। कई जमीन के दस्तावेज जब्त किए थे। दस्तावेजों के आधार पर ईडी की टीम गुरुवार को नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) पहुंची। जांच में खुलासा हुआ कि कांके के सीओ जय कुमार राम ने एनआईसी में बड़ी हेराफेरी की है। उसने कांके अंचल के 20 जमीन के रेकर्ड में छेड़छाड़ की थी। 21 जून जमीन माफिया कमलेश कुमार के ठिकानों ईडी की छापेमारी हुई, उसी दिन सीओ जय कुमार राम ने एनआईसी में हेराफेरी की 17 एंट्री को डिलीट कर दिया।

## नाबालिग लड़की से प्यार कर वसीम ने गंवाई जान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** लोअर बाजार थाना क्षेत्र के रज़ा कालोनी के रहने वाले वसीम अंसारी पिता स्वर्गीय जमीर का क़ातिल को छत्तीसगढ़ पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है । कोरबा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी व कटघोरा एएसपी नेहा वर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि बोरी में बांधकर डैम में फेके गए 17 टुकड़ों में काटी गई शवों की चुनौतीपूर्ण गुत्थी सुलझा ली है। बताया कि रांची निवासी मोहम्मद वसीम अंसारी की नृशंस हत्या के गुनाह में शामिल किशोरी प्रेमिका और उसके बालिग प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले का खुलासा करते हुए कहा कि मोहम्म्द वसीम अंसारी 26 साल निवासी दो वर्षो से सउदी अरब में रह रहा था। मृतक की सोशल मीडिया के माध्यम से कोरबा जिले के ग्राम बांसटाल चैतमा थाना पाली की एक नाबालिग किशोरी से परिचय हुआ था जो एक-दूसरे से चैटिंग करते रहते थे। किशोरी और आरोपी रजा खान पिता अब्दुल सत्तार खान उर्फ बादशाह उम्र-20 वर्ष निवासी-बांसटाल चैतमा एक-दूसरे से प्रेम करते थे। किशोरी वसीम को झूठे प्रेम जाल में फंसा रखा था । किशोरी को यह जानकारी थी की वसीम अब साउदी से लौट रहा है उसके पास ढ़ेर सारे रुपए भी है , इसकी जानकारी उनसे अपने प्रेमी रजा खान दी। रुपए की इसी चाहत में मो. वसीम अंसारी को एक जुलाई 2024 को फ्लाईट से दिल्ली और दिल्ली से रांची और 2 जुलाई 2024 को ट्रेन से बिलासपुर बुलाया गया। रजा खान द्वारा किराये पर उपलब्ध कराये गये बोलेरो वाहन में किशोरी प्रेमिका बिलासपुर गई और वसीम को लेकर रजा खान के घर आ गई। प्लानिंग के अनुसार रात्रि करीब 11 बजे आरोपी रजा खान की प्रेमिका और मो. वसीम बातें कर रहे थे कि रजा खान ने पीछे से लोहे के चापड़ से वसीम अंसारी के गर्दन में पीछे से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। वसीम वहीं जमीन पर गिर पड़ा और तड़पने लगा । तब किशोरी प्रेमिका वसीम का पैर जोर से पकड़े ली



और रजा खान ने ताबड़तोड़ वार कर सिर को धड़ से अलग कर दिया। फिर दोनों ने मिलकर वसीम के हाथ-पैर, धड़ को चापड़ और आरी ब्लेड से टुकड़े-टुकड़े काटकर अलग-अलग तीन ब्लास्टिक बोरी, पिट्ठू बैग एवं एक ट्रॉली बैग में ईट डालकर उसे बांधकर बांगो डेम में फेंक दिया। सुबह हो जाने से शव के शेष बचे हिस्सो को घर में छिपाकर रखा था जिसे 03 जुलाई 2024 की रात्रि लगभग 11 बजे स्प्लेंडर मोटर साईकिल से गोपालपुर डैम में फेंक कर घर वापस आ गये। मृतक वसीम द्वारा पहनी हुई सोने की चेन और अन्य सामान घर में छिपा दिया। इतना ही नहीं प्रेमिका को मृतक के मोबाईल का पासवर्ड पता रहने से वसीम के मोबाईल के यूपीआई आईडी चेक करने पर खाते में 3 लाख रूपये था जिसे अपने तथा कुछ अन्य खातों में ट्रांसफर कर प्रेमिका के लिए ज्वेलरी तथा अपने लिए मोबाईल व किराये बोलेरो का पेमेंट कर दिया। आरोपी रजा खान को गिरफ्तार कर उड़ीसा से ट्रांजिट रिमाण्ड पर लाया । आरोपी की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त चापड़ मोटर साइकिल एवं मृतक का मोबाईल जब्त किया गया। आरोपी को न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर प्रकरण की सहअभियुक्ता विधि से संघर्षरत बालिका की सामाजिक प्रास्थिति फार्म भरवाकर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यवाही नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र कुमार मीना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पाली निरीक्षक चमन लाल सिन्हा, चौकी प्रभारी चैतमा चन्द्रपाल खाण्डे, विमलेश भगत, एएसआई पुरसोत्तम उइके, आरक्षक अनिल कुर्रे, आशीष साहू तथा सायबर टीम के प्रआर राजेश कंवर, चन्द्रशेखर पाण्डेय, आर. रवि चौबे, डेमन ओग्रे, बिरकेश्वर प्रताप सिंह, आलोक टोप्पो, सुशील यादव, मआर. सुशमा डहरिया एवं थाना पाली/चौकी चैतमा के कर्मचारियों की भूमिका सराहनीय रही। वहीं रांची से लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद, खादगढ़ा टीओपी प्रभारी संजीव,एएसआई भीम सिंह,मंटू सिंह, झारखंड पुलिस एसोसिएशन के महामंत्री मो महताब आलम आदि ने भी मृतक वसीम के परिजनों तक सूचना पहुंचाने और छत्तीसगढ़ भेजने में मदद की।

## अंचलाधिकारियों और सभी जमीन दलालों की चल-अचल संपत्ति एवं गतिविधियों की जांच हो : बंधु तिर्की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** पूर्व शिक्षा मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि रांची जिले में पिछले दस वर्षों से पदस्थापित सभी अंचलाधिकारियों और उनके नजदीकी संबंधियों- रिश्तेदारों एवं मित्रों की चल-अचल संपत्ति की जांच-पड़ताल गहराई से की जानी चाहिये। तिर्की ने कहा कि रांची में जमीन दलालों ने कोहराम मचा रखा है और वे लगातार सरकारी जमीन के साथ ही आदिवासियों की जमीन को भी लूटने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बात की जरूरत है कि अब सभी जमीन दलाल और जमीन के व्यवसाय में कार्यरत सभी लोगों की गहराई से जाँच करने के साथ ही उनकी संपूर्ण गतिविधियों पर सरकार कड़ी नजर रखे। तिर्की ने कहा कि सरकार की ओर से राजस्व वसूली का जिम्मा सभी अंचलों में



अंचलाधिकारियों की जिम्मेदारी है लेकिन अपने इस दायित्व के निर्वहन के दौरान वे न केवल सरकार बल्कि आम ग्रामीणों के साथ भी विश्वासघात कर रहे हैं और आदिवासियों एवं मूलवासियों की जमीन व्यापक स्तर पर लूटी जा रही है। तिर्की ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की है कि वह इस संदर्भ में अविलंब सख्त कार्रवाई करते हुए सभी अंचलाधिकारियों एवं जमीन दलालों की चल-अचल संपत्ति के साथ ही उनकी गतिविधियों की व्यापक स्तर पर जाँच-पड़ताल के लिये संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को निर्देशित करें।

## रांची की सड़कों पर चलाया गया अतिक्रमण मुक्त अभियान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** प्रशासक रांची नगर निगम के द्वारा इनफोर्समेंट टीम ने बिरसा चौक, हिनू चौक तथा लालपुर-कोकर मार्ग में अतिक्रमण मुक्त अभियान ट्रैफिक पुलिस के साथ संयुक्त रूप से चलाया गया। शहर के सड़कों को जाम मुक्त तथा अतिक्रमण मुक्त बनाने हेतु निगम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अतिक्रमण मुक्त अभियान के दौरान नो वेंडिंग जोन में खड़े दुकानों, ठेला-खोमचा को हटाया गया। इसके अलावा सब्जी विक्रेताओं/दुकानों द्वारा सड़को पर अतिक्रमण कर सामान रखने पर सामान भी जब्त किया गया, जिसमे तीन ठेला एवं तीन काउंटर जब्त किया गया। अतिक्रमण मुक्त अभियान के उपरांत निगम की टीम द्वारा उक्त वेंडर्स को भविष्य में सड़कों पर फिर से अतिक्रमण ना करने हेतु निर्देशित किया गया।

## शिक्षा मंत्री से मिले मदरसा संस्कृत शिक्षक समन्वय समिति के प्रतिनिधिमंडल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम से झारखंड मदरसा संस्कृत शिक्षक समन्वय समिति के राज्य स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मौलाना मुस्तफा कासमी की अध्यक्षता में मिला। और मंत्री को पुष्पगुछ देकर मंत्री बनने की बधाई दी।

साथ ही मंत्री को मदरसा संस्कृत शिक्षक समन्वय समिति द्वारा मांग पत्र भी सौंपा गया। जिसमें लिखा है कि झारखंड राज्य में प्रस्विकृति प्राप्त 46 मदरसा एवं 36 संस्कृत विद्यालय को बिहार के तर्ज पर वेतन मद में अनुदान देने की मांग की गई।

बिहार राज्य संस्कृत विद्यालय पर प्रस्विकृति नियमावली 1976 एवं



मदरसा प्रस्विकृति नियमावली 1980 के नियमावली में प्रावधान है कि प्रस्विकृति के बाद संस्थान में कार्यरत कर्मियों को राज्य सरकार वेतन मद में अनुदान देगी। मौलाना मुस्तफा कासमी ने कहा के मंत्री ने हमारी मांगों को पूरा करने के लिए सकारात्मक आश्वासन दिए। प्रतिनिधिमंडल में मौलाना मुस्तफा कासमी, अब्दुल वहाब, मनु कुमार पांडे, भागीरथ प्रसाद राम, हाफिज साजीदुल्लाह, गुंजन कुमार, फहीम अख्तर, सिराजुद्दीन, शब्बीर हुसैन, समेत दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

## मुस्लिम समाज के विकास को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा पत्र : तनवीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** तनवीर अहमद सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि ने कहा कि झारखंड में वर्तमान में महागठबंधन की सरकार है, जो पिछले पाँच वर्षों से सफलतापूर्वक अपने पूर्ण बहुमत के साथ चल रही है। इस सरकार को जनता के हित में किसी भी फैसले को पारित करने में कोई बाधा नहीं रही है, क्योंकि सरकार के पास पूर्ण बहुमत है। यह गठबंधन मुस्लिम समुदाय के उत्साह, ऊर्जा, और समर्पण की बुनियाद पर बना है। इस गठबंधन ने कुछ जायज मांगों, योजनाओं और अल्पसंख्यकों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के वादे किए थे। हालांकि, अभी तक कई मांगें, योजनाएँ, और समाधान पूरे नहीं हुए हैं, जिससे



मुस्लिम समाज में काफी असंतोष देखा जा रहा है। यह कार्यकाल लगभग अब पूरा होने को है, और तीन महीने में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। इन्हीं सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मुस्लिम समाज की ओर से एक पत्र लिखा गया है, जिसमें सरकार से आग्रह किया जा रहा है कि बचे हुए तीन महीनों में एक रोड मैप बनाकर मुस्लिम समाज के विकास और मांगों का समाधान निकाला जाए।

## राष्ट्रीय लोक अदालत आज, हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बेंचों का करेंगे निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी (नालसा) के कैलेंडर और झालसा (झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार) के कार्यपालक अध्यक्ष के निर्देश पर शनिवार को राज्यभर की अदालतों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी।

लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों के निष्पादन के लिए हाई कोर्ट में दो बेंचों का गठन किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन के बाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस




और जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद हाई कोर्ट और रांची सिविल कोर्ट में लोक अदालत के लिए बनाई गई बेंचों का निरीक्षण करेंगे। झालसा के अध्यक्ष और झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस विद्युत रंजन षादंगी व जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद के साथ हाई कोर्ट के अन्य जस्टिस की मौजूदगी में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत की शुरुआत की जाएगी। लोक अदालत में राज्य के दस लाख मामले निष्पादित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें प्री-लिटीगेशन और कोर्ट में लंबित मामले शामिल हैं। लोक अदालत में निष्पादन के लिए जिन मामलों को सूचीबद्ध किया गया है, उसमें करीब एक लाख ऐसे मामले हैं, जो अलग-अलग अदालतों में पेंडिंग है।

## रांची विवि के 65वें स्थापना दिवस पर अंधेर नगरी चौपट राजा का हुआ मंचन

**दूसरी प्रस्तुति माईम किया गया जिसमें शिवांग चौबे, शुजल पासवान, शनि देवगण, अंकित केरकेट्टा, शर्मिष्ठा शर्मा, श्वेता भारती ने हिस्सा लिया।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के 65 वां स्थापना दिवस के अवसर पर आर्यभट्ट सभागार में पर डिपार्टमेंट ऑफ प्रफोरमिंग एंड फाईन आर्ट की तरफ से भारतेंदु हरिश्चंद्र लिखित कलजाई नाटक अंधेर नगरी चौपट राजा की सफल प्रस्तुति की गई । जिसमें मुख्य भूमिका में बनफुल नायक,




विशाल जायसवाल, परवेज कुरैशी, प्रमोद कुमार, मणिकांत, हिमांशु कुमार, प्रतीक चौरसिया, सुनीता कुमारी, रिषिका कुमारी ने अभिनय कर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया वहीं इस नाटक का निर्देशन अरुण नायक ने किया । दूसरी प्रस्तुति माईम किया गया जिसमें शिवांग चौबे, शुजल पासवान, शनि देवगण, अंकित केरकेट्टा, शर्मिष्ठा शर्मा, श्वेता भारती ने हिस्सा लिया।

## चार्ली चैपलिन 2 के हीरो राजन कुमार पहुंचे रांची



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर कलाकार चार्ली चैपलिन 2 हीरो राजन कुमार रांची में हैं। चार्ली चैपलिन 2 हीरो राजन कुमार ने झारखंड फिल्म उद्योग को लेकर भी अपना विचार व्यक्त किया। झारखंड से राजन कुमार का रिश्ता वर्षो पुराना रहा है। जब वह अपने गांव मुंगेर से आगे की पढ़ाई के लिए बाहर निकले तो सबसे पहले हजारीबाग आए थे। झारखंड में रहकर उन्होंने नृत्य की शिक्षा ली, छऊ डांस का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि आज जब वर्षो बाद वह यहां आए हैं तो पुरानी यादें एक बार पुनः जाग गई हैं। इस बार झारखंड की यात्रा इसलिए बेहद महत्वपूर्ण रही क्योंकि चार्ली जैसे महान किरदार को जीवंत करना था। अजय कुमार के कार्यक्रम में राजन कुमार ने चार्ली चैपलिन द्वितीय के रूप में परफॉर्म किया। हाल ही में प्रभात प्रकाशन की तरफ से सेलिब्रिटी राइटर गाजी मोईन द्वारा लिखित राजन कुमार पर पुस्तक कारनामे भी प्रकाशित हुई है।

अभिनेता, एंकर, कवि, राइटर, डायरेक्टर राजन कुमार भाग्यशाली रहे हैं कि उन्हें कई पद्मश्री हस्तियों के करीब रहने का मौका मिला है और उनका आशीर्वाद मिलता रहा है। मौके पर सोनू पोद्दार ,अंकुश मिश्रा ,कल्पना कुमारी ,रेखा पांडेय ,अजय कुमार ,मुकेश गोस्वामी , स्नेहा, मनाली,देवेंद्र पाठक,रुचि कुमारी,जितेंद्र सिंह यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## नियुक्ति पत्र समारोह सिर्फ सीएम का चेहरा चमकाने के लिए आयोजित किया गया था : प्रतुल

प्रभातम मंत्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आज का नियुक्ति पत्र समारोह सिर्फ मुख्यमंत्री के चेहरे को चमकाने के लिए आयोजित किया गया था। प्रतुल ने कहा कि ये सस्ती लोकप्रियता के लिए नौकरी बांटने का दिखावा करने का कार्यक्रम था जिसके जरिए युवाओं को ठगने का कार्य किया गया।

प्रतुल ने कहा कि पीजीटी परीक्षा पर भारतीय जनता पार्टी ने गंभीर आरोप लगाए थे। हजारों युवा सड़कों पर इसका विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।लाखों परीक्षार्थी इंसाफ के इंतजार में थे। इसी बीच सरकार ने हड़बड़ी में नियुक्ति समारोह को आयोजित किया। पीजीटी परीक्षा में भ्रष्टाचार के पुख्ता प्रमाण मिले थे। 70 प्रतिशत से 80 प्रतिशत नियुक्तियां सिर्फ दो




एग्जामिनेशन सेंटर के अभ्यर्थियों की हो गई। बोकारो का श्रेया इन्फोटेक केंद्र से 500 से ज्यादा अभ्यर्थी सफल हुए।भाजपा इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई या किसी सक्षम एजेंसी से कराने की करती रह गई। लेकिन हड़बड़ी में यह सरकार गड़बड़ी करती चली गई।प्रतुल ने कहा राज्य सरकार ने उसी एजेंसी से पीजीटी परीक्षा का एग्जाम करवाया जिसका पुराना ट्रैक रिकार्ड भी विवादित है। जिन परीक्षाओं को इस एजेंसी ने कराया है,सब में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। प्रतुल ने कहा कि अगर सरकार की नीयत साफ़ रहती तो वह पूर्व सीएम चंपई सोरेन के कार्यकाल में ही घोषित तिथि के दिन इस समारोह को कर सकती थी।लेकिन जान बूझकर नियुक्ति समारोह को रोका गया। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को पदमुक्त किया गया।

हेमंत सोरेन से नियुक्ति पत्रों को सिर्फ चेहरा चमकाने के लिए बंटवाया गया।प्रतुल ने कहा पौने पांच वर्षों तक ये सरकार सिर्फ युवाओं को ठगती रही। आज तक न स्थानीय नीति बनी ना नियोजन नीति बनी।सरकार ने विधानसभा में खुद स्वीकार किया है कि पिछले 5 वर्षों में घोषित 25 लाख नियुक्तियों की जगह सिर्फ 11,344 हुई है जिसमें हजारों पंचायत सचिव अभ्यर्थी शामिल है जिन्होंने सरकार के खिलाफ लड़कर सर्वोच्च न्यायालय से नियुक्ति पाई थी।

## 11 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** कोतवाली पुलिस उपाधीक्षक प्रकाश सोय ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा के आदेशानुसार थाना क्षेत्र में पूरे क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अवैध शराब, आग्नेयास्त्र एवं मादक पदार्थ की बरामदगी के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची के द्वारा एक टीम गठित किया गया है।। आसूचना संकलन के आलोक में किशोरगंज, हरमु रोड, बाल्मिकी नगर, थाना सुखदेवनगर जिला राँची के पास एक व्यक्ति घर में रखकर अवैध नशीला पदार्थ ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री करते है, का सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त उक्त सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक नगर राँची के नियंत्रण में किशोरगंज, हरमु रोड, बाल्मिकी नगर, थाना सुखदवनगर जिला राँची स्थित सित्ती राम, किशोरगंज हरमु रोड, बाल्मीकी नगर, संतोषी मंदिर के पास, थाना सुखदेवनगर जिला राँची के घर पर छापामारी की गयी जिसमे पुलिस बल को देखते हुए एक व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे जिसे सशस्त्र बल के द्वारा घर के पास से



पकड़ा गया। पकड़ाये गये व्यक्ति सित्ती राम, पता- किशोरगंज हरमु रोड, बाल्मीकी नगर, संतोषी मंदिर के पास, थाना सुखदेवनगर जिला राँची के पास से बाये पॉकेट से 11 पुडिया ब्राउन शुगर जिसका वजन करीब 1.85 ग्राम तथा एक विवो कंपनी का आसमानी रंग का स्मार्टफोन को बरामद किया गया है जिसे विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त कर उपरोक्त अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

**छापामारी में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों का नाम:** प्रकाश सोय, पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली, मनोज कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी, सुखदेवनगर थाना, सहाबीर उराँव, पुअनि सुखदेवनगर थाना, आरक्षी 554 अमरेन्द्र कुमार सिंह, सुखदेवनगर थाना रिजर्व गार्ड, राँची, आरक्षी 825 विनोद सौरेन, सुखदेवनगर थाना रिजर्व गार्ड, राँची शामिल थे।

## एस अली ने आंदोलनरत डी फार्मा कोर्स के छात्रों से की मुलाकात, समस्याओं से हुए अवगत

**छात्रों ने बताया कि के झारखण्ड स्टेट फार्मेसी कॉउन्सिल में रजिस्ट्रार का पद खाली रहने के कारण शैक्षणिक समस्याओं का समाधान नही हो पा रही है**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पिछले तीन शैक्षणिक सत्र से परीक्षा कराने कि मांग को लेकर आंदोलनरत डी फार्मा कोर्स के विभिन्न जिलों से आए छात्रों से झारखंड छात्र संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष एस अली मिलें और उनके समस्याओं से अवगत हुए। छात्रों ने बताया कि के झारखण्ड स्टेट फार्मेसी कॉउन्सिल में रजिस्ट्रार का पद खाली रहने के कारण शैक्षणिक समस्याओं का समाधान नही हो पा रही है, पिछले 5 वर्षों से डी फार्मा कोर्स की पढ़ाई बिना शैक्षणिक कैलेंडर के हो रही है जिसके कारण समय पर ना तो कोर्स पूरी होती है ना ही इंटर्नशिप दी जा रही और ना ही एग्जाम हो पा रहा है, डी फार्मा शैक्षणिक सत्र 2020-22, 2021-23 कि अबतक परीक्षा नही हुई, यही स्थिति अगले सत्र 2022-24 परीक्षा का है।इस मौके पर छात्र वसीम जौहर, सचिन पंडित, तोहिद आलम, हर्ष कुमार, खुशबु किरण, इशरत परवीन, अंजलि कुमारी, संतोष कुमार, योगेश उरांव, निर्मल मुंडा सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर करीम सिटी कॉलेज एवं जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय ने किया वेबिनार का आयोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीम सिटी कॉलेज एवं जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग ने संयुक्त रूप से मिलकर विश्व जनसंख्या दिवस पर वेबिनार का आयोजन किया। वेबीनार में मुख्य वक्ता के रुप में जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की भूगोल विभाग की सहायक अध्यापिका प्रीति उपस्थित थे। करीम सिटी कॉलेज के भूगोल विभाग के प्रमुख डॉ आले अली ने इस वेबीनार से जुड़े सभी लोगों का स्वागत किया।करीम सिटी कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं इस वेबीनार के आयोजक सचिव डॉक्टर मोहम्मद रियाज ने बताया बढ़ती जनसंख्या रोजगार, आर्थिक विकास, गरीबी, आय वितरण और सामाजिक सुरक्षा को प्रभावित करती है। इस प्रवृत्ति का शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता, आवास, पानी, भोजन और ऊर्जा पर खराब प्रभाव पड़ता है। मुख्य वक्ता प्रीति ने कहा विश्व जनसंख्या दिवस 2024 की थीम किसी को पीछे न छोड़ना, सभी की गिनती करना है। ये थीम दुनिया में मौजूद लोगों को जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए जनसंख्या आंकड़ों को एकत्र करने के महत्व पर प्रकाश डालती है। इस वेबिनार में करीम सिटी कॉलेज एवं जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के 100 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए।

## आदित्यपुर में जलसंकट को लेकर झामुमो नेता ने मंत्री चम्पाई सोरेन को सौंपा ज्ञापन

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो नेता बंकिम चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह वर्तमान जल संसाधन मंत्री चम्पाई सोरेन से मिलकर ज्ञापन सौंपा। उक्त ज्ञापन के माध्यम से उन्हें आदित्यपुर नगर निगम अंतर्गत वार्ड दो और तीन में व्याप्त जलसंकट से अवगत कराते हुए शीघ्र समाधान कराने की मांग की गई है। उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए जिंदल कंपनी को पाइप लाइन बिछाने और टंकी निर्माण के कार्य मे तेजी लाने का निर्देश देने की मांग किया है। प्रतिनिधिमंडल में कानू किशोर बेरा, धनंजय पाल, उत्पल चौधरी, बकेशर पालुई, शम्भू कर्मकार, उज्जवल चटर्जी, विकास गोराई आदि भी शामिल थे।



## घाटों पर छापेमारी करने गई टीम बैरंग लौटी

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खनन विभाग की टीम शुक्रवार को तड़के सुबह करीब चार बजे गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया स्थित सापड़ा के गौरी घाट, केपीएस मोड़ और कांड्रा थाना अंतर्गत मानीकुई घाट पर अभियान चलाया गया। हालांकि इस दौरान खनन विभाग के हाथ कुछ नहीं लगा। वहीं, छापेमारी कर लौट रही टीम ने कांड्रा-सरायकेला मार्ग पर एक अवैध बालू लदा बिना नंबर के ट्रैक्टर को रोका। ट्रैक्टर चालक से कागजात मांगे जाने पर वह वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। तत्पश्चात, टीम द्वारा उंक्त टैक्टर को जब्त करते हुए सरायकेला थाना के हवाले कर दिया। जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा।

## टाटानगर से बिहार के जयनगर के लिए मिली नई साप्ताहिक ट्रेन, शुक्रवार को टाटा से होगी रवाना

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटानगर से बिहार के जयनगर के लिए नई ट्रेन की मंजूरी मिल गई है। इसकी जानकारी गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने अपने सोशल साइट एक्स में दी हैं। उन्होंने इस ट्रेन का समय भी दिया है।सासंद के सोशल साइट्स पर दिए गए समय के अनुसार टाटानगर से यह ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को शाम 6 बजकर 50 मिनट पर खुलकर शनिवार सुबह जसीडीह/ बैद्यनाथ धाम रेलवे स्टेशन सुबह 3 बजे पहुंचेगी ,जयनगर यह ट्रेन दोपहर 11.25 बजे पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन जयनगर से शनिवार को शाम 7.30 खुलकर रविवार सुबह 3 बजे जसीडीह तथा टाटा दोपहर 11.30 पहुँचेगी।



## डूरंड कप : जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 28 जुलाई को जेएफसी भिड़ेगी बांग्लादेश आर्मी से


**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडियन ऑयल डूरंड कप के 133वें संस्करण के ग्रुप डी के मुकाबले 28 जुलाई से 14 अगस्त तक जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जाएंगे. जमशेदपुर एफसी अपना पहला मैच 28 जुलाई को शाम 4 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बांग्लादेश आर्मी के खिलाफ खेलेगी. जेएफसी को टूर्नामेंट के ग्रुप डी में आईएसएल की टीम चेन्नईयिन एफसी, बांग्लादेश आर्मी और इंडियन आर्मी फुटबॉल टीम के साथ रखा गया है. दूसरा मैच 4 अगस्त को शाम 7 बजे चेन्नईयिन एफसी से और 14 अगस्त को शाम 7 बजे आर्मी फुटबॉल टीम के खिलाफ अपने ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में मैदान पर उतरेगी।कोच खालिद जमील ने अपने उद्घाटन मैच से पहले कहा, डूरंड कप भारतीय फुटबॉल में एक प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक टूर्नामेंट है और हम अपनी छाप छोड़ने के लिए उत्सुक हैं.



## शहीद आवास की दूसरी क़िस्त नही मिलने पर ग्रामीण मिले बीडीओ से

**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजनगर प्रखंड कार्यलय में शुक्रवार को गोबिंदपुर शहीद ग्राम में शहीद आवास की दूसरी क़िस्त अब तक नही मिलने से ग्रामीणों ने बीडीओ मलय कुमार के साथ मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया। इस दौरान ग्रामीणों ने पत्रकारों को बताया कि गोबिंदपुर शहीदों का गाँव है,जिसे सरकार ने आदर्श गाँव घोषित किया है। सरकार एक शहीद आवास योजना के नाम से पक्का मकान बनवा रही है, लेकिन मकान बनाने की क़िस्त समय से भुगतान नही हो पा रहा है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी के समक्ष रखने पर उन्होंने एक सप्ताह के अंदर शहीद आवास की दूसरी क़िस्त भेजने का आश्वासन दिया है।मौके पर गोबिंदपुर पंचायत के मुखिया सानो राम टुडू, ख़ातियानी नेता प्रेम मार्डी, शरद चंद्र महतो, मोतीलाल मंडल, तारा पदों दास, अजय मार्डी, संजीव कुमार टुडू, सुंदर सोरेन, कालिदास महतो,बाजल बास्के, लिटा राम मार्डी आदि शामिल थे।

# मुख्यमंत्री बहन बेटी मई-कुई स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना फर्जी फॉर्म भराकर की जा रही अवैध वसूली






- फर्जीवाड़ा करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : उपायुक्त
- विभाग ने कहा उक्त योजना हेतु कोई भी फॉर्म अब तक उपलब्ध नहीं कराया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विभिन्न सूत्रों से सूचना प्राप्त है कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री बहन बेटी मई-कुई स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना% का फॉर्म शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भरने तथा जमा करने के लिए अवैध वसूली की जा रही है । विभाग द्वारा उक्त योजना हेतु कोई भी फॉर्म अब तक उपलब्ध नहीं कराया गया है, केवल मात्र विभागीय संकल्प (नोटिफिकेशन) ही प्राप्त है, और न ही सामाजिक सुरक्षा कार्यालय के द्वारा किसी प्रकार के फॉर्म का वितरण अथवा प्रचार किया गया है। भविष्य में विभाग से सूचना अथवा फॉर्म प्राप्त होने पर उक्त योजना से संबंधित फॉर्म का वितरण निःशुल्क किया जाएगा ।जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल ने कहा कि मुख्यमंत्री बहन बेटी मई-कुई स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना झारखण्ड सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। यदि जिला प्रशासन को इस योजना के नाम पर गलत प्रचार एवं किसी के द्वारा अवैध फॉर्म वितरण की कालाबजारी की सूचना प्राप्त होती है तो कृत कार्रवाई के लिए सुसंगत धाराओं के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## हारमाडीह स्कूल में शिक्षक-अभिभावक की बैठक, विधायक ने अतिरिक्त कमरा निर्माण का दिया आश्वासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जमशेदपुर प्रखंड की दलदली पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय हारमाडीह में शुक्रवार को आयोजित शिक्षक-अभिभावक की बैठक में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) ने विधायक को विद्यालय में कमरों की कमी होने की जानकारी देते हुए एक मांग पत्र भी सौंपा। विधायक ने आश्वस्त किया कि जल्द ही अतिरिक्त कमरों का निर्माण, चहारदिवारी एवं सौंदर्यीकरण करवाने की व्यवस्था की जाएगी। दूसरी ओर बेलाजुड़ी पंचायत के नारगा गांव में ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारी के साथ क्षेत्र में दौरा करते हुए जल्द से जल्द बिजली पोल, जर्जर तार एवं 100 केवीए का एक ट्रांसफार्मर लगवाने का निर्देश दिया है। विधायक ने बताया कि पिछले दिनों क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने उन्हें बिजली की समस्या से अवगत कराते हुए समाधान करने की मांग रखी थी जिसपर संज्ञान लेते हुए आज अधिकारियों के साथ निरीक्षण भी किया गया। मौके पर झामुमो नेता परेश सिंह, पंसस वैद्यनाथ महतो, रूस धीवर, ग्राम प्रधान इंद्रजीत किस्कु, बिरेन सिंह, ईशान महतो, सागुन मुर्मू व रोहित गोस्वामी आदि लोग मौजूद थे।

## खुंटपानी प्रखंड मुख्यालय में 11 लाभुकों को बकरी का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत शुक्रवार को खुंटपानी प्रखंड मुख्यालय में 11 लाभुकों के बीच ग्रीन भारत फाऊंडेशन रांची के द्वारा एक बकरा व चार बकरी का वितरण जीप सदस्य जमुना तियू, प्रखंड प्रमुख सिद्धार्थ होनहागा, बीडीओ सुमित कुमार मिश्रा, बीस सुत्री अध्यक्ष राहुल गोप, पशुपालन पदाधिकारी मुकेश कुमार सिंह के हाथों किया गया। वितरण के दौरान प्रखंड प्रमुख सिद्धार्थ होनहागा ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगे। वहीं बीडीओ ने कहा कि झारखंड सरकार किसानों को उन्नत किसान बनाने के लिए कई प्रकार की योजनाएं चल रही है। ताकि किसान अपनी आय दोगुनी कर सके। मौके पर मुखिया माधुरी हेंब्रम, अर्जुन हेंब्रम, हाथी हाईबुरू आदि उपस्थित थे।

## कुकडु प्रखंड सभागार में दिव्यांग मूल्यांकन शिविर का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड सभागार में शुक्रवार को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम इंडस्ट्रियल स्टेट (एलिम्को) भुवनेश्वर और जिला प्रशासन सरायकेला के तत्वाधान में दिव्यांगजनो को कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने को लेकर मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में कुकडू प्रखंड के बीडीओ कीकू महतो और बाल विकास परियोजना के सुपरवाइजर कापू हांसदा और सुपरवाइजर संगीता कुमार के देखरेख में दिव्यांगो का चिह्नित कर रजिस्ट्रेशन कराया गया। रजिस्ट्रेशन के बाद जिला प्रशासन के निर्धारित समय पर दिव्यांगों को निशुल्क कृत्रिम अंग एवं उपकरण दिया जाएगा।

## मानगो में आवारा कुत्तों के प्रकोप रोकने को आज़ाद समाज पार्टी ने मानगो नगर आयुक्त को सौपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मानगो में आवारा कुत्तों के बढ़ रहे प्रकोप को रोकने को लेकर आज प्रदेश संगठन सचिव नईम खान के नेतृत्व में आज़ाद समाज पार्टी पूर्वी सिंहभूम ज़िले के नेतागणों ने मानगो नगर निगम के नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। पूर्वी सिंहभूम युवा मोर्चा के ज़िला अध्यक्ष मज़हर खान ने बताया कि पिछले कई दिनों से मानगो के आज़ादनगर, जवाहर नगर, ज़ाकिरनगर, उलीडीह, संकोसाई और कई इलाकों में आवारा कुत्ते दिन रात हमलावर हो गए हैं एवं कई छोटे बच्चो को काट चुके हैं। ज्ञापन सौपने वालों में सराईकेला प्रभारी इम्तेयजुद्दीन, शाहिद रज़ा, कोपाली नगर अध्यक्ष महमूद रज़ा, युवा मोर्चा ज़िला उपाद्यक्ष मुहम्मद फैय्याज आलम, युवा मोर्चा जिला सचिव हामिद रज़ा, फिरदौस आलम, युवा मोर्चा ज़िला सचिव मुहमद वसीम और कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निखिल झारखंड से तीसरे खिलाड़ी के रूप में जमशेदपुर एफसी में शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अमृत गोप और मोबाशिर रहमान के बाद निखिल बारला जमशेदपुर में झारखंड के तीसरे खिलाड़ी होंगे। निखिल को जमशेदपुर एफसी ने मई 2028 तक के लिए साइन किया है. खूंटी के रहने वाले 20 वर्षीय विंगर ने जमशेदपुर एफसी यूथ सेटअप में रैंकों के माध्यम से पहली टीम में तेजी से प्रगति की है. वह मैदान पर अपनी बहुमुखी प्रतिभा, गति और कौशल से प्रशंसकों और कोचों को प्रभावित कर रहे हैं. राइट विंग पर अलग अलग पोजिशन पर खेलने में सक्षम, बारला ने पिछ्ले इंडियन सुपर लीग सीजन में तीन असिस्ट के साथ में अपनी झलक दिखाई थी.निखिल बारला ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं जमशेदपुर एफसी के साथ अपना सफर जारी रखने को लेकर बेहद खुश हूं. मेरी प्राथमिकता हर मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करना है, कोच खालिद जमील की विशेषज्ञता का लाभ उठाकर अपने कौशल को निखारना है.% निखिल बारला की फुटबॉल यात्रा 2018 में टाटा फुटबॉल अकादमी से शुरू हुई, टीएफए में अपने कार्यकाल के दौरान, बारला ने डूरंड कप (2020-21) और रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग (2021-22) में जमशेदपुर एफसी का प्रतिनिधित्व किया. उन्होंने संतोष ट्रॉफी (2021-22) में झारखंड की जर्सी भी पहनी, जिसमें दो बार मैन ऑफ द मैच का सम्मान हासिल किया. हेड कोच खालिद जमील ने कहा, निखिल बारला एक प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी हैं, जो कई पोजिशन पर खेलने की अपनी क्षमता के साथ बहुमुखी प्रतिभा प्रदान करते हैं. अपने अनुबंध विस्तार के साथ निखिल बारला जुलाई से प्री-सीजन में जर्सी नंबर 77 पहनने के लिए तैयार हैं।



## बारियादा गांव से लावजोड़ा हाथीखेदा जाने वाली सड़क जर्जर, ग्रामीण परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के लावजोड़ा स्थित प्रसिद्ध हाथीखेदा मंदिर को जोड़ने वाली सड़क पिछले कई वर्षों से जर्जर हो चुकी है। बारियादा गांव से लावजोड़ा जाने वाली सड़क की स्थिति बारिश के कारण और ज्यादा खराब हो चुकी है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस रास्ते से हजारों की संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन हाथीखेदा मंदिर आते हैं और स्कूली बच्चे भी विद्यालय आना जाना करते हैं। कभी भी इस रास्ते में बड़ी दुर्घटना हो सकती है। करीब 1 किमी सड़क के बीच दर्जनों गड्ढे हो गए हैं जो तालाब का रूप धारण कर चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कोई ध्यान नहीं है। इससे ग्रामीणों में रोष है।



## बांसगड़ के 25 सबर परिवार पी रहे नाला का गंदा पानी, भाजपा नेता ने सैंपल बीडीओ को सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड मुख्यालय से करीब 7 किमी दूर लच्छीपुर पंचायत के बांसगड़ टोला काशीडीह में रहने वाले 25 सबर परिवार को शुद्ध पेयजल के अभाव में नाले का गंदा पानी से प्यास बुझाना पड़ रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर भाजपा नेता विमल बैठ शुक्रवार को काशीडीह सबर टोला पहुंचे तो सबर महिलाओं ने अपनी व्यथा सुनाते हुए बस्ती में डीप बोरिंग चालू करवाने की मांग की है। समस्याओं से रूबरू होने के बाद भाजपा नेता ने गंदा पानी को बोतल में भरकर पटमदा बीडीओ को सौंपा। बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज से मिलकर भाजपा नेता ने सबर बस्ती में अविलंब एक डीप बोरिंग करवाने की मांग की है। इस संबंध में भाजपा नेता ने बताया कि इसके पहले भी सबर जाति के लोग बीडीओ को पानी की समस्या से अवगत करा चुके हैं। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। इस संबंध में पटमदा बीडीओ से पूछने पर ने बताया कि सबर बस्ती में दो चापाकल और एक जलमीनार लगाया गया है। लेकिन गर्मी के मौसम में जलस्तर काफी नीचे चल जाने से पानी निकलना बंद हो जाता है। सबर बस्ती में एक डीप बोरिंग भी खोदा गया है। उसमें हैंडपंप लगाने के लिए पीएचईडी विभाग को निर्देश दिया गया है। बीडीओ से मिलने वालों में गोपाल चंद्र महतो, सहदेव सबर, मुकेश महतो, जगदीश सबर, विमल मंडल, पुष्पा सबर व रमेश महतो आदि उपस्थित थे।



## कुख्यात अपराधी कार्तिक मुंडा ने पुलिस को देखते ही बालकनी से लगाई छलांग, मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** दर्जनों मामलों में वांटेड कुख्यात अपराधी कार्तिक मुंडा के जमशेदपुर के सोनारी थाना अंतर्गत दोमुहानी संगम विहार में होने की गुप्त सूचना मिली थी उसके बाद सरायकेला खरसावां पुलिस सोनारी पुलिस के साथ वहां दबिश दे डाली। पुलिस आने की भनक उसे लग चुकी थी और पुलिस को चकमा देकर भागने के फिराक में छत से गिरकर उसकी मौत हो गई।एसएसपी किशोर कौशल के मुताबिक सरायकेला खरसावां की पुलिस, सोनारी थाना की पुलिस टीम के साथ छापेमारी करने पहुंची थी। पुलिस टीम काफी प्रयास दरवाजा खुलवाने का किया, लेकिन कोई तैयार नहीं हुए। इसी दौरान कुख्यात अपने अपार्टमेंट की बालकनी से दूसरे घर की बालकनी पर छलांग लगाने का प्रयास किया जिसमें कार्तिक मुंडा का पैर फिसल गया और जमीन पर गिर पड़ा। पुलिस टीम उसे उठाकर अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया।इधर उसकी मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया।बता दें कि अपराधी कार्तिक पर दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। गैंगवार में कई बार कार्तिक मुंडा की हत्या होने से रह गई थी। पिछले साल पुलिस ने उसके सीतारामडेरा घर में इश्तेहार भी चस्पा किया था। सिदगोड़ा थाना में 2017 में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज हुआ था। बम से हमला करने में कार्तिक को महारथ थी। अधिकतर घटना उसने बम फेंक कर की। उसकी पुलिस के पास हालिया तस्वीर भी नहीं थी। इधर चर्चा है कि सिटी एसपी मुकेश लुणायात के सरायकेला में योगदान देने के बाद यह माना जा रहा है कि अब अपराधियों के बुरे दिन आने वाले हैं।



## राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी साइकिल वितरण योजना के तहत 600 बच्चों को मिला साइकिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी साइकिल वितरण योजना के लाभुकों के बीच आज समारोहपूर्वक जमशेदपुर सदर प्रखंड मुख्यालय में साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक जमशेदपुर पूर्वी सरयू राय, जुगसलाई मंगल कालिंदी तथा पोटका संजीव सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज व जिला परिषद सदस्य कविता परमार, डॉ परितोष सिंह, पूर्णिमा मल्लिक, प्रखंड प्रमुख पानी सोरेन, उप प्रमुख शिव चरण हांसदा, मुखियागण, पंचायत समिति व वार्ड सदस्य समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपायुक्त अनन्य मित्तल, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी, जिला कल्याण पदाधिकारी राजेन्द्र गुप्ता, सीओ मनोज कुमार एवं बीडीओ सुधा वर्मा मौजूद रहीं। कार्यक्रम में पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी एवं जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 16 विद्यालयों के 600 बच्चों के बीच साईकल वितरण किया गया । वहीं 15 लाभुकों को मुख्यमंत्री पशुधन योजना से आच्छादित करते हुए 75 बकरा-बकरी का वितरण एवं सभी 55 पंचायतों के लिए फुटबॉल खेल किट का वितरण किया गया । इस अवसर पर अपने संबोधन में विधायक सरयू राय ने कहा कि लाभुको के बीच परिसम्मति वितरण के पीछे सरकार की अवधारणा है कि जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचायें जिससे उन्हें आर्थिक बोझ नहीं पड़े, आम जनता आर्थिक रूप से सुदृढ़ हों।जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि योग्य लाभुकों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए सरकार योजनाएं चला रही हैं, जागरूक बने और योजनाओं का लाभ उठायें। विधायक पोटका ने कहा कि चाहे रोजगार सृजन हो, आजीविका या महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा युवाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए आर्थिक मदद पहुंचाना, राज्य सरकार सभी वर्गों के लिए योजनाएं ला रही है। विधायक जुगसलाई ने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना से अब बुजुर्गों, महिलाओं को पेंशन के लिए इंतजार नहीं करना पड़ता है कि रिक्ति होने पर ही योजना का लाभ मिलेगा ।



## हाथियों का झुंड ने जमकर मचाया उत्पात, किसान दहशत में

**ईचागढ़ :** सरायकेला जिला के कुकडु प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक झुंड क्षेत्र से भागने के बाद दूसरा झुंड क्षेत्र में आ धमकता है। बंगाल की ओर से करीब एक दर्जन हाथियों का झुंड लेटेम्दा ,तुलीनडीह के जंगलों में विचरण कर रहे हैं। हाथीयों का फिर से क्षेत्र में पहुंचने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं लेटेम्दा गांव में शुक्रवार के अहले सुबह लगभग 4 बजे एक दर्जन हाथियों ने जम कर उत्पात मचाते हुए लेटेम्दा के कार्तिक महतो और बरूण कुमार महतो का मक्का का फसल को नष्ट कर दिया। वहीं सुबोध चंद्र महतो का नेनुआ और धान का चारा को नष्ट कर डाला। अश्विनी कुमार महतो और रामनाथ महतो का केला नष्ट किया।

## ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने करीब 17 लाख के योजना का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** शुक्रवार को ईचागढ़ प्रखंड के लावा कुटाम एवं दुबराजपुर का टोला जारागोड़ा में ईचागढ़ के विधायक सबिता महतो ने शिलापट्ट का अनावरण कर एवं नारियल फोड़कर दो योजनाओं का उद्घाटन किया। विधायक ने बताया कि लगभग सत्तरह लाख के लागत से लावा कुटाम के लक्ष्मण उरांव के निजी तालाब करीब 10 लाख तथा जारागोड़ा गांव में 500 फीट पीसीसी सड़क करीब 7 लाख का उद्घाटन किया गया। विधायक ने कहा कि जिससे गांव के किसानों को अपने खेतों के सिंचाई करने का लाभ मिलेगा जिससे वे अपने खेतों में धान के अलावा सब्जी की खेती के साथ साथ मछली पालन भी कर सकते है। मौके पर केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, ईचागढ़ प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, सचिव अभय यादव, गुप्तेश्वर महतो,अमित कुमार सिन्हा,नरेन गोप,हरेन्द्र नाथ महतो सहित कई ग्रामीण पुरुष एवं महिला उपस्थित थे।



संपादकीय

## सामूहिक त्रासदी के गुनहगार

उप्र के हाथरस जिले में कथित 'भोले बाबा' का सत्संग सामूहिक मौत में तबदील हो गया। सत्संग एक स्वयंभू बाबा का था, जिनके श्रद्धालुओं में मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, अफसर भी शामिल हैं। हाथरस जिले के सत्संग में तब भगदड़ मच गई, जब गरीब, आम आदमी, महिलाएं आदि भक्त 'भोले बाबा' के पांव छूना चाहते थे। वह आस्था थी या धर्मान्धता थी, हम इस पर टिप्पणी नहीं करेंगे, लेकिन एक औसत इनसान 'भगवान' नहीं हो सकता। सत्संग की भीड़ में बाबा का आशीर्वाद लेने की होड़ लगी थी। वह होड़ ही भगदड़ में तबदील हो गई। वहां कुछ फिसलन थी, गड्ढा था, लिहाजा लोग फिसल कर एक के ऊपर एक गिरने लगे। वे आपस में रौंद भी रहे थे। भीड़ में इतनी हड़बड़ी थी कि लोगों ने इनसानों को ही कुचल दिया। अंततः सत्संग 121 मौतों के साथ त्रासदी में बदल गया। करीब 35 घायल हो गए और 20 लापता बताए गए हैं। ये आंकड़े ज्यादा भी हो सकते हैं। कितने घर अनाथ हो गए। कितने घरों की 'देवियां' नहीं रहीं। बताया गया है कि 108 महिलाओं की मौत हुई है। सवाल यह है कि क्या कथित 'भोले बाबा' और उनके सेवादार आयोजकों के खिलाफ 'गैर इरादतन हत्या' का केस दर्ज किया गया है अथवा कोई संभावना है? मुख्य सेवादार और कुछ अन्य पर प्राथमिकी तो दर्ज की गई है। प्राथमिकी में 'भोले बाबा' का नाम क्यों नहीं है? बताया जाता है कि करीब 1.25 लाख की भीड़ सत्संग में आई थी। दूसरा पक्ष 2.5 लाख की भीड़ का दावा कर रहा है। संख्या को लेकर राज्य के मुख्य सचिव, इलाके के आईजी, डीएम और एसडीएम आदि के अलग-अलग बयान हैं। सवाल हैं कि यदि स्थानीय प्रशासन ने सत्संग की अनुमति दी थी, तो क्या पर्याप्त बंदोबस्त देखे गए थे? जल, चिकित्सा, दवाई, डॉक्टर, एम्बुलेंस और प्रवेश-निकास दरवाजों आदि की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया था? क्या पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था? एडीजी ने दावा किया है कि मौके पर 40 पुलिस वाले थे। क्या इतनी भीड़ के लिए 40 पुलिस वाले पर्याप्त थे? क्या छोटे से गांव में भीड़ का सैलाब देखकर प्रशासन और पुलिस सतर्क नहीं हुए, लिहाजा बंदोबस्त नहीं किए जा सके। एसडीएम दफ्तर का कहना है कि 50 हजार की भीड़ बताई गई थी, लेकिन 80 हजार से ज्यादा लोग पहुंच गए। स्थानीय पुलिस का कहना है कि हमें कार्यक्रम का जो पत्र मिला था, उसमें भीड़ का कॉलम खाली था। राज्य के सर्वोच्च अधिकारी मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के बयान कुछ और ही हैं। प्रशासन के स्तर पर ये विरोधाभास क्यों हैं? आखिर किसकी जवाबदेही और जिम्मेदारी है? ऐसे धार्मिक और बाबाओं के आयोजनों में लोग आस्था और कष्टनिवारण की भावना से आते हैं। बेशक धर्मगुरु हों, सामाजिक नेता हों, प्रभावी लोग या आयोजक, हजारों-लाखों की भीड़ जुटा कर उन्हें उनके ही हाल पर छोड़ देते हैं। सरकारें और प्रशासन भी इन कथित बाबाओं पर हाथ नहीं डालते। कोरोना महामारी के दौरान इसी 'भोले बाबा' ने उप्र के फर्रुखाबाद में सत्संग किया था। उसमें भी खूब भीड़ जुटाई गई थी। सरकार और प्रशासन ने उस सत्संग की इजाजत कैसे दे दी थी? घटनास्थल का दृश्य इतना भयावह, हृदयविदारक, विचलित करने वाला था कि एक पुलिस कर्मी रवि यादव को दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौत हो गई। हम कथित 'भोले बाबा' को बुनियादी गुनहगार मानते हैं। वह और उनके सेवादार तो अस्पताल तक नहीं पहुंचे कि उनके श्रद्धालु जीवित हैं अथवा दिवंगत हो चुके हैं! मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 24 घंटे में हादसे की रपट मांगी थी। वह उन्हें मिल चुकी होगी! वह खुद घटनास्थल पर पहुंचे और अस्पताल में घायलों का हाल-चाल पूछा। बाबा कहां हैं, किसी को कोई जानकारी नहीं। वह कब तक भूमिगत रहेंगे? आखिर प्राथमिकी में उनका नाम क्यों नहीं है? एक इनसान और देश के नागरिक की कीमत 2-4 लाख रुपए नहीं है। मुद्दा और सवाल समुचित व्यवस्था और संवेदनशीलता का है। अंधविश्वास को लेकर हम किसी को कुछ भी राय नहीं दे सकते। आखिर बाबा के पांव की धूल में कौनसा कल्याण निहित है? हमारे देश में बाबाओं की भरमार भी इसलिए है क्योंकि यहां अंधभक्तों की कमी नहीं है, विशेषकर महिलाओं को जागरूक होना होगा।


हाथरस जिले के सत्संग में तब भगदड़ मच गई, जब गरीब, आम आदमी, महिलाएं आदि भक्त 'भोले बाबा' के पांव छूना चाहते थे। वह आस्था थी या धर्मान्धता थी, हम इस पर टिप्पणी नहीं करेंगे, लेकिन एक औसत इनसान 'भगवान' नहीं हो सकता। सत्संग की भीड़ में बाबा का आशीर्वाद लेने की होड़ लगी थी। वह होड़ ही भगदड़ में तबदील हो गई। वहां कुछ फिसलन थी, गड्ढा था, लिहाजा लोग फिसल कर एक के ऊपर एक गिरने लगे। वे आपस में रौंद भी रहे थे। भीड़ में इतनी हड़बड़ी थी कि लोगों ने इनसानों को ही कुचल दिया। अंततः सत्संग 121 मौतों के साथ त्रासदी में बदल गया। करीब 35 घायल हो गए और 20 लापता बताए गए हैं। ये आंकड़े ज्यादा भी हो सकते हैं। कितने घर अनाथ हो गए। कितने घरों की 'देवियां' नहीं रहीं। बताया गया है कि 108 महिलाओं की मौत हुई है।


### हाथरस में सत्संग समागम हादसा, 120 की मौत

## मौत का सत्संग

प्रमोद भार्गव

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के ग्राम पुलराई में नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग समागम में मची भगदड़ में 120 से ज्यादा श्रद्धालुओं की असमय मौत हो गई। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। मौत की यह भयावह त्रासदी कोई पहली घटना नहीं है। अंधभक्त धर्मपरायण देश में ब्रह्मज्ञान देने के आयोजन निरंतर होते रहते हैं, उसी अनुपात में दुर्घटनाएं भी घटती रहती हैं। तीर्थस्थलों की आवाजाही में होने वाली वाहन दुर्घटनाओं में भी बड़ी संख्या में लोग हर साल काल के गाल में समा जाते हैं। पिछले माह संपन्न हुई हज यात्रा में भी एक हजार के करीब लोग भीशण गर्मी के चलते मक्का में मौत की नींद सो गए थे। इसमें 78 भारतीय थे। आजकल राजनेताओं और फिल्म जगत की बड़ी हस्तियों द्वारा बाबाओं की शरण में जाने से आम आदमी यह सोचने लगा है कि ब्रह्म और भविश्य के इन अलौकिक ज्ञाताओं के पास वाकई अदृश्य शक्तियां नियंत्रण में हैं। गोया, बाबा बाघेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री और सीहोर के प्रदीप मिश्रा भी आसानी से अपने प्रवचनों के लिए लाखों की भीड़ जुटा लेते हैं। भीड़ उम्मीद से ज्यादा हो जाती है और प्रशासन प्रबंधन में अकसर चूक जाता है। फलतः भगदड़ में ही सैंकड़ों लोग मर जाते हैं। आज कल नेता बाबाओं की इस भीड़ को मतदाता समझने लगे हैं। अतएव वोट के लालच में इन समागमों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं और श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं का दोहन कथित बाबाओं के मध्ययम से स्वयं एवं अपने दल के लिए दोहन करने में कोई संकोच नहीं करते हैं। वैभव और विलास में डूबे बाबा भी इन नेताओं की पैरवी करने लग जाते हैं। नतीजतन उचित प्रबंधन की प्रशासन अनदेखी कर देता है। उत्तर प्रदेश की पुलिस सेवा में आरक्शक रहे सूरजपाल जाटव को एकाएक आध्यात्मिक ज्ञान हो गया और वे नारायण साकार उर्फ भोले बाबा के रूप में सत्संग कर ब्रह्मज्ञान की रसधारा बहाने लग गए। सूरजपाल


तीर्थस्थलों की आवाजाही में होने वाली वाहन दुर्घटनाओं में भी बड़ी संख्या में लोग हर साल काल के गाल में समा जाते हैं। पिछले माह संपन्न हुई हज यात्रा में भी एक हजार के करीब लोग भीशण गर्मी के चलते मक्का में मौत की नींद सो गए थे। इसमें 78 भारतीय थे। आजकल राजनेताओं और फिल्म जगत की बड़ी हस्तियों द्वारा बाबाओं की शरण में जाने से आम आदमी यह सोचने लगा है कि ब्रह्म और भविश्य के इन अलौकिक ज्ञाताओं के पास वाकई अदृश्य शक्तियां नियंत्रण में हैं।




ने 1997 में नौकरी से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर आध्यात्मिक मार्ग पर चल पड़े थे। बाबा कांसीनगर में पटियाली तहसील के बहादुर नगर के रहने वाले हैं। यही उन्होंने अपने घर को आश्रम का रूप दे दिया और प्रवचन शुरू कर दिए। बीते कुछ सालों में ही उन्होंने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में अपने असंख्य भक्त बना लिए। चमत्कारी बाबा के रूप में प्रसिद्धि मिल गई तो उनकी पत्नी भी माताश्री कही जाने लगी। भोले बाबा के सत्संग में लोग अपनी परेशानियां लेकर पहुंचने लगे। उनके द्वारा हाथ से छूकर बीमारियों को दूर करने का चमत्कार जुड़ गया। अतएव चमत्कार से वशीभूत उनके अनुयायियों का कारवां बढ़ता चला गया। वे काशी नगर के अलावा अनेक जगह बुलावे पर प्रवचन देने जाने लगे। पुलराई में जहां यह त्रासदी घटी है, वहां 80,000 से ज्यादा भक्त पहुंचे थे। जबकि प्रशासन को सूचना 50,000 लोगों के पहुंचने की दी गई थी। सत्संग जब समाप्त हुआ तो अनुमान से ज्यादा पहुंचे भक्त बाबा के चरण छूने की होड़ में लग गए और एक-दूसरे को मची भगदड़ में कुचलने लग गए। ऐसे मामलों में कभी कोई कठोर कार्यवाही हुई हो अब तक देखने में नहीं आया है। गोया, यह मामला भी कुछ दिन चर्चा में रहने के बाद शून्य में बदल जाएगा। 2018 में अमृतसर में रावण दहन के अवसर पर हुए रेल हादसे में 61 लोग मारे गए थे। सीधे-सीधे यह प्रशासनिक लापरवाही थी। देश में धार्मिक मेलों और सांस्कृतिक आयोजनों के दौरान भीड़ में भगदड़ मचने से होने वाले हादसों का सिलसिला लगातार बढ़ रहा है। ठीक इसी किस्म की लापरवाही केरल में कोल्लम के पास पुत्तिंगल देवी मंदिर परिसर में हुई त्रासदी के समय देखने में आई थी। इस घटना में 110 लोग मारे गए थे और 383 लोग घायल हुए थे। यह ऐसी घटना थी, जिसे मंदिर प्रबंधन और जिला प्रशासन सचेत रहते तो टाला जा सकता था। क्योंकि मलयालम नववर्श के उपलक्श में हर वर्श जो उत्सव होता है, उसमें बड़ी मात्रा में आतिशबाजी की जाती है और इसका भंडारण मंदिर परिसर में ही किया जाता है। आतिशबाजी चलाने के दौरान एक चिंगारी भंडार में रखी आतिशबाजी तक पहुंच गई और भीशण त्रासदी में लोगों की दर्दनाक मौतें हो गईं। यह हादसा इतना बड़ा और हृदयविदारक था कि खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिकित्सकों का दल लेकर कोल्लम पहुंचना पड़ा था। लेकिन इस तरह से संवेदना जताकर और मुआवजा देने की खानापूर्ति कर देने भर से मंदिर हादसों का क्रम टूटने वाला नहीं हैं। जरूरत तो शीर्श न्यायालय के उस निर्देश का पालन करने की है, जिसमें मंदिरों में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राश्ट्रव्यापी समान नीति बनाने का उल्लेख है। यदि प्रधानमंत्री इस हादसे से सबक लेकर इस नीति को बनाने का काम करते तो शायद यह हादसा नहीं हुआ होता ? दर्शनलाभ की जल्दबाजी व कुप्रबंधन से उपजने वाली भगदड़ व आगजनी का सिलसिला जारी है। धर्म स्थल हमें इस बात के लिए प्रेरित करते हैं कि हम कम से कम शालीनता और आत्मानुशासन का परिचय दें। किंतु इस बात की परवाह आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं होती। इसलिए उनकी जो सजगता घटना के पूर्व सामने आनी चाहिए, वह अकसर देखने में नहीं आती। लिहाजा आजादी के बाद से ही राजनीतिक और प्रशासनिक तंत्र उस अनियंत्रित स्थिति को काबू करने की कोशिश में लगा रहता है

दृष्टि कोण

## राजनीतिक अविश्वास से उपजा सत्ता पलट

बिहार के सहरसा में जन्मे गिरिजा प्रसाद कोइराला नेपाल में चार बार प्रधानमंत्री रहे। मई, 2008 में जब वह अंतरिम सरकार के कार्यकारी प्रधानमंत्री थे, तब भी अपनी इकलौती संतान सुजाता कोइराला को प्रधानमंत्री बनते देखना चाहते थे, लेकिन उनका यह सपना उनके साथ ही चला गया। नेपाली कांग्रेस की राजनीति आज भी स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला को केंद्र में रखकर की जाती है। उसका उदाहरण मंगलवार को तब देखने को मिला, जब कोइराला की 100वीं जयंती के अवसर पर एक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। 'क्रांति से शांति तक' नामक फोटो प्रदर्शनी नेपाली कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय, सानेपा, ललितपुर में आयोजित किया गया था, जहां वर्तमान प्रधानमंत्री प्रचंड आये, और इसके प्रकारांतर 'पीएम इन वेटिंग', केपी शर्मा ओली भी पधारे। उस अवसर पर प्रचंड का नेपाली कांग्रेस के नेता शेर बहादुर देउबा से क्या संवाद हुआ, वह सार्वजनिक नहीं हुआ है। मगर, बुधवार सुबह प्रचंड ने घोषणा की, कि पहले संसद में विश्वास मत करा लेते हैं, फिर मैं कुर्सी छोड़ूंगा। एक साल 180 दिनों से प्रचंड सत्ता में हैं। तीसरे टर्म प्रधानमंत्री पद पर बने रहना कितना कठिन होता है, उसे यों समझा जाये कि अब तक उन्हें चार बार विश्वास मत हासिल करना पड़ा है। आखिरी बार 20 मई, 2024 को प्रचंड को विश्वास मत हासिल करना पड़ा था, तब उपेन्द्र यादव के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी ने अपना समर्थन वापस ले लिया था। बुधवार शाम एमाले ने समर्थन वापसी की घोषणा कर दी। उसके आठ मंत्री सरकार में थे, उन्होंने भी त्यागपत्र दे दिया। एमाले ने चौबीस घंटे के भीतर प्रचंड से प्रधानमंत्री पद छोड़ने को कहा है। प्रचंड ने सुबह ही मना कर दिया था कि फ्लोर टेस्ट के बाद ही सब तय होगा। संविधान के अनुच्छेद 100 (2) में कहा गया है कि यदि गठबंधन में कोई राजनीतिक दल अपना समर्थन वापस ले लेता है, तो प्रधानमंत्री 30 दिन के भीतर विश्वास मत के लिए प्रतिनिधि सभा में एक प्रस्ताव पेश करेंगे। अब सबको लग गया है कि प्रचंड आसानी से पद छोड़ने वाले नहीं। सोमवार को जब 'सूर्य अस्त, नेपाल मस्त' था, तब रात सवा बारह बजे काठमांडो के बूढ़ा नीलकंठ स्थित चपली हाइट रिसोर्ट में नेकपा-एमाले (यूएमएल) और नेपाली कांग्रेस ने सत्ता परिवर्तन का समझौता किया था। चपली समझौते में तय हो गया कि बचे हुए टर्म के आधे कालखंड में केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री रहेंगे, और शेष समय शेर बहादुर देउबा प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालेंगे। लिखित सहमति के अनुसार, 'ओली नेपाली कांग्रेस और अन्य सीमांत दलों के समर्थन से नई सरकार का नेतृत्व करेंगे। संविधान संशोधन किया जायेगा। समानुपातिक चुनाव प्रणाली बदली जाएगी, नेपाली कांग्रेस गृह सहित 10 मंत्रालयों का नेतृत्व करेगी। यूएमएल को वित्त सहित नौ मंत्रालय मिलेंगे। कांग्रेस और यूएमएल तीन-तीन प्रांतीय सरकारों का नेतृत्व करेंगे, मगर मधेश में सरकार का नेतृत्व एक क्षेत्रीय पार्टी करेगी।' चपली हाइट रिसोर्ट से ही सन्देश जारी किया गया कि इस समझौते का अनुमोदन हम मंगलवार से करने जा रहे हैं, राष्ट्रीय सहमति की सरकार में माओवादियों को छोड़कर, जो शेष दल आना चाहते हैं, उनका स्वागत है। 'चपली समझौते' को सत्ता पलट का प्रयास कहा जाये, तो अनुचित नहीं होगा। ओली ने यह ब्रह्मास्त्र चलाया क्यों, उसके पीछे की वजह अविश्वास है। प्रचंड अलग-अलग ठिकानों पर नेपाली कांग्रेस के नेताओं से बात कर रहे थे, यह खबर केपी शर्मा ओली को थी। एमाले के नेता प्रदीप कुमार ज्ञावाली ने बुधवार को कहा, 'पीएम प्रचंड राष्ट्रीय सर्वसम्मति वाली सरकार बनाने के लिए पिछले एक महीने से नेपाली कांग्रेस के नेताओं के साथ बातचीत कर रहे थे, जिससे अविश्वास की स्थिति पैदा हो गई। इसने अंततः हमें नेपाली कांग्रेस के साथ बातचीत शुरू करने के लिए मजबूर किया।' लेकिन केवल यही बात नहीं थी, राजदूतों की नियुक्तियों में भी दोनों नेताओं में तू-तू, मैं-मैं हुई थी। पांच टर्म प्रधानमंत्री रह चुके शेर बहादुर देउबा 26 दिसंबर, 2022 को सत्ता से बाहर हुए थे, उसी दिन केपी शर्मा ओली की पार्टी 'नेकपा-एमाले' की मदद से प्रचंड प्रधानमंत्री बन गए। लेकिन, ओली से पटरी बैठना प्रचंड के लिए भी आसान नहीं था। मंत्रालयों की फाइलें और राजदूतों की नियुक्तियां मतभेद का कारण बनती चली गईं। देश आर्थिक रूप से जर्जर और ज़रूरी वस्तुओं से अभावग्रस्त होने लगा। इंडस्ट्री धड़ाधड़ बंद होने लगी, मगर दोनों नेताओं में अहं का टकराव चरम पर था। ओली और दाहाल के बीच दरार की सबसे बड़ी वजह नेपाल प्रतिभूति बोर्ड (सेबन) में अध्यक्ष की नियुक्ति, झापा स्थित गिरीबन्धु चाय बगान भूमि स्कैंडल में फंसे ओली, और भूटानी शरणार्थियों की कबूतरबाज़ी का मामला भी रहा है। तीन महीने से अधिक समय से सेबन चेयरमैन का पद ख़ाली है, जिससे अरबों रुपये के प्रतिभूति के आवेदन अटके पड़े हैं। दोनों नेता अपने भरोसे के आदमी को शिखर पर बैठाना चाह रहे थे। पांच उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट किए गए। लेकिन जब कोई निष्कर्ष नहीं निकला, तो शुक्रवार को वित्त मंत्रालय ने 'सेबन' में अध्यक्ष की नियुक्ति को रद्द करने की घोषणा कर दी।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## मॉब लिंचिंग पर अविलंब रोक लगाई जाए : भाकपा माले

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** राज्यव्यापी प्रतिवाद दिवस पर भाकपा-माले रामगढ़ पार्टी कार्यालय से दर्जनों कार्यकर्ताओ द्वारा झण्डे बैनर लेकर मार्च करते हुए सुभाष चौक में नुक्कड़ सभा में नेताओं ने कहा कि पिछले समय में अख्तर अंसारी जो पिठोरिया निवासी थे और बकरी चोरी के आरोप में भीड़ द्वारा हत्या कर उसकी लाश को टाटिशिलवे के महिलोंग रेलवे लाइन पर फेंक दिया जाता है। दुसरी तरफ इसी तरह की घटना कोडरमा में भी घटित होती है। जो यह दर्शाता है कि राज्य में फिर से एक बार साम्प्रदायिक तनाव को फैलाने की कोशिश की जा रही है। इस जघन्य घटना की भाकपा-माले कड़ी नींदा करती है और राज्य सरकार से इन साम्प्रदायिक उन्मादी अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार कर सजा देने की मांग करती है। मॉब लिंचिंग पर अविलंब रोक लगाओ। मॉब लिंचिंग में शामिल सभी




अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करो। साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने वाले को अंदर करो । इस कार्यक्रम में जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया, देवकीनंदन बेदिया, हीरा गोप, अमल घोषाल, सरयू बेदिया, देवानंद गोप, उमेश गोप,लाल मोहन मुंडा,बिएन मुंडा,रशीद अंसारी, नागेश्वर मुंडा, शैलेन्द्र बेदिया, अजीत कुमार बेदिया, मोती लाल बेदिया, फुलचंद करमाली, महादेव राम,रिझन बेदिया, लाल कुमार बेदिया, बसंत प्रजापति,अनोद बेदिया,खिलेश्वर बेदिया सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

## डीएवी स्कूल बरकाकाना में विधिक साक्षरता और मादक द्रव्य विरोधी अभियान का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** डीएवी पब्लिक स्कूल 3सीसीएल एनटीएस बरकाकाना के विधिक साक्षरता क्लब ने 12 जुलाई 2024 को विधिक साक्षरता और मादक द्रव्य विरोधी अभियान पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस अवसर पर माननीय प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा माजिद ने अनिल कुमार, सचिव, डीएलएसए, सुजीत कुमार सिंह, मुख्य एलएडीसी अभिनव कुमार, एलएडीसी मंजरी , अधिवक्ता, रामगढ़ सिविल कोर्ट और अंकित कुमार, विधि इंटर्न का स्वागत किया। श्रीमती मंजरी ने विधिक साक्षरता क्लब की स्थापना के उद्देश्य पर प्रकाश डाला, जिसे 2018 में स्थापित किया गया था। उन्होंने बताया कि विधिक



साक्षरता क्लब का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कानूनी सेल पोक्सो एक्ट के बारे में जागरूक करना और उन्हें सही और गलत का ज्ञान कराना है। कार्यक्रम के दौरानए मुख्य के सचिव अनिल कुमार ने मादक द्रव्य की लत के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की और बताया कि यह कैसे युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रही है। उन्होंने बताया कि देश और उसकी भविष्य की पीढ़ी को बचाने के लिए मादक द्रव्य विरोधी अभियान आवश्यक है ताकि लोगों में जागरूकता पैदा की जा सके। इस अभियान का उद्देश्य समाज के लिए और विशेष रूप से युवाओं के लिए अवैध दवाओं की बड़ी चुनौती को उजागर करना है। इस अभियान का लक्ष्य समर्थन जुटाना और छात्रों को मादक द्रव्यों के उपयोग के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रेरित करना है।सत्र का समापन माननीय प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा माजिद द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि युवाओं को सकारात्मक दिशा में ले जाना आवश्यक है ताकि वे सुखीए स्वस्थ और पवित्र जीवन जी सकें। उन्होंने संदेश दियाए 'मादक द्रव्यों को ना कहें और जीवन को हां कहें।

## भुरकुंडा रिभर साइड आकाश दीप स्थित दो हाइवा की टक्कर में ड्राइवर घायल

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा रिभर साइड आकाश दीप स्थित दो हाइवा की टक्कर में ड्राइवर घायल, बता दें कि स्पीड गति से आ रही एक हाइवा ने दुसरे हाइवा को पीछे से टक्कर मार दिया, जिसमें एक हाइवा के चालक सुरेश यादव घायल हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से घायल ड्राइवर को भुरकुंडा



सीसीएल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टर द्वारा फास्ट्रेक देने के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेजा गया। वहीं सूचना मिलते ही भुरकुंडा पुलिस ने हाइवा को जप्त कर थाना लें गई।मौके पर पहुंची भुरकुंडा पुलिस जांच पड़ताल

## महाप्रबंधक कार्यालय को उरीमारी में स्थापित करने की झामुमो ने की मांग

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र कि महाप्रबंधक कार्यालय को उरीमारी क्षेत्र में स्थानांतरित



करने का मामला अब तुल पकड़ता जा रहा है। इसी आलोक में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय सदस्य सह झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के जोनल कोषाध्यक्ष सह विस्थापित नेता सोनाराम मांझी ने सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक कार्यालय को उरीमारी में स्थानांतरित करने कि मांग कि है। वही सोनाराम मांझी ने कहा कि सीसीएल बरकासयाल प्रक्षेत्र कि तीन बड़ी परियोजनाए उरीमारी परियोजना,बिरसा परियोजना एवं न्यू बिरसा परियोजना उरीमारी क्षेत्र में ही संचालित है। जिसमे सीसीएल कि मेन पावर लगभग 2800 है। जिसके साथ पुरे बरकासयाल को कोयले कि टारगेट पुरा करने में उरीमारी कि तीन बडी परियोजनाओं का भरपूर सहयोग रहता है। वहीं सोनाराम मांझी ने यह भी कहा कि कोयले का हब माने जाने वाला क्षेत्र बिरसा परियोजना है। सीएचपी साइलो नोर्थ उरीमारी में ही स्थापित है।और ऐसे में अन्य क्षेत्र में महाप्रबंधक कार्यालय बनाना कहीं से भी उचित नहीं है। उरीमारी में महाप्रबंधक कार्यालय बनाने के लिए प्रयाप्त मात्रा में जमीन उपलब्ध है।

## ठनका गिरने से किसान के मचान जलकर हुआ राख, मुआवजे की मांग की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरु कला पंचायत के ढोठ सरना स्थल पर देर शाम बारिश के साथ वज्रपात होने हुआ और पुआल से भरा मचान में ठनका गिरा जिससे मचान में आग लग गई व किसान का पुआल जलकर पूरा राख हो गया, कुंदरु कला निवासी प्रयाग महतो व धर्मपत्नी लाखों देवी व दर्जनों ग्रामीण के द्वारा सूचना मिलते ही मचान को बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिल पाए काफी प्रयास करने के बावजूद सारा पुआल जलकर राख हो गया, पुआल से भरा मचान जलने से मवेशियों के पोषण आहार- खाद्य खिलाने हेतु बहुत अधिक मुसीबत खड़ा हो गया है,किसान ने बताया कि लगभग 20 हज़ार रूपये से अधिक का पुआल जलकर समाप्त हुआ है, सभी



पुआल जल गया, पुआल जलने की सूचना पंचायत के मुखिया को दी गई, मौके पर मुखिया किसुन राम मुंडा उप मुखिया मोहराय महतो पूर्व वार्ड सदस्य प्रदीप नायक घटनास्थल पर पहुंचे और मचान का जायजा लिया, मुखिया ने आश्वासन दिया कि आपदा प्रबंधन विभाग को क्षतिपूर्ति एवं मुआवजे की मांग को लेकर किसान आवेदन दे, जांचों उप्रांत सरकार के द्वारा उचित मुआवजा की मांग की गई है।

# अबुआ बीर दिशोम अभियान को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन, लातेहार में अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान के अंतर्गत वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त श्रीमती गरिमा सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्रीमती गरिमा सिंह ने कहा कि अबुआ बीर दिशोम अभियान (वन अधिकार अभियान 2006) का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2006 में अधिनियमित स्त्र्क्र वन में निवास करने वाले आदिवासी समुदायों और अन्य पारंपरिक वनवासियों के वन संसाधनों के अधिकारों को मान्यता प्रदान करता है, जिन पर ये समुदाय आजीविका, निवास तथा अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक ज़रूरतों सहित विभिन्न आवश्यकताओं के लिये निर्भर थे। उन्हें (योग्यताधारी) वन पट्टा देना मुख्य उद्देश्य हैं।वनों पर



निर्भर आदिवासियों एवं अन्य लोगों को वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत वनाधिकार पट्टा देने के लिए अबुआ बीर दिशोम अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर वनाधिकार समिति का गठन/पुनर्गठन किया गया है। जिसके तहत प्राथमिकता के आधार पर योग्य लाभुकों का चयन करते हुए अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जाता है। आगे उपायुक्त के द्वारा वन अधिकार पट्टा दिए जाने में अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों, ग्राम सभा का महत्व, वन अधिकार समिति द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए जिला के ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को सामुदायिक वन अधिकार पट्टा के लाभ से आच्छादित करने को कहा गया। कार्यशाला में उपस्थित सभी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा गया कि इस योजना के बारे में जागरूक करके लोगों को योजना का लाभ दिलाएं। कार्यशाला में वन प्रमंडल पदाधिकारी के द्वारा अबुआ बीर दिशोम अभियान के संचालन एवं लाभुकों को योजना के माध्यम से लाभान्वित करने के लिए पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यशाला के दौरान पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अबुआ बीर दिशोम अभियान के संचालन की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

**अबुआ आवास योजना के लाभार्थी चयन के मापदंड**

वैसे लोगों को आवास योजना का लाभ मिलेगा जिसके कच्चे मकान हों, आवास विहीन एवं निराआश्रित परिवार, विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह, प्राकृतिक आपदा के शिकार परिवार, बंधुआ मजदूर, वैसे परिवार जिन्हें राज्य सरकार अथवा केंद्र सरकार द्वारा संचालित आवास योजना योजना यथा प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना, बिरसा आवास योजना, इंदिरा आवास योजना इत्यादि आवास का लाभ नहीं दिया गया हो। आवास निर्माण हेतु कुल सहायता राशि 2 लाख रुपया प्रति ईकाई हैं। आवास का निर्माण तीन कमरे के साथ 31 वर्ग मीटर में किया जाएगा।

## उपायुक्त रमेश घोलप ने जनता दरबार के माध्यम से मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, राशन, भूमि विवाद, विद्युत, सड़क, पेयजलापूर्ति, पेंशन, शिक्षा, भारत माला, सिंचाई, मुख्यमंत्री रोजगार श्रृजन योजना, चापानल, गव्य विकास समेत अन्य मामला शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। साथ ही उक्त मौके पर संबंधित पदाधिकारी को शीघ्र मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया। आज के जनता दरबार में चतरा जिले के कानहाचट्टी प्रखण्ड के बकचुम्बा पंचायत के एक दिव्यांग महिला ने विद्यालय के मद से विद्यालय समीप एक चापानल लगाने हेतु आवेदन उपायुक्त को समर्पित किया। चापानल लगाने से आस पास एवं विद्यालयों के बच्चों को पेयजल की समस्या से निदान मिल सकेगा। इस संदर्भ में चापानल लगाने हेतु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कान्हाचट्टी को निर्देशित किया गया।

## कुआं में डूबने से वृद्ध महिला की हुई मौत

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत पंचायत गांव बारीसाखी में कुआं में डूबने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बतलाया कि वृद्ध महिला का नाम धनिया देवी पति स्व हीरामन साव उम्र61 वर्ष बताया जा रहा है। लोगों का कहना है कि सुबह करीब 5:00 बजे घर से शौचालय के लिए गई थी और पानी भरने के क्रम में कुआं में डूब गई।



हालांकि लोगों का कहना है कि कुआं एकांत जगह पर था जहां डूबने के बाद किसी का नजर नहीं पड़ा। काफी देर के बाद बच्चों का नजर पड़ा और गांव में हल्ला किया। जिसके बाद गांव के ग्रामीणों ने दौड़े तब तक उनका मौत हो चुका था। उनका परिजन को पूछने पर बताया कि दिमागी हालत काफी दिनों से खराब चल रहा था।

## इंसान बना हैवान, विक्षिप्त महिला हुई गर्भवती

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सिमरिया चौक के कुट्टी डाड़ी मोड़ के आसपास भटक कर गुजारा कर रही एक विक्षिप्त महिला के साथ इंसानियत का हैवानियत करतूत सामने आया है। उक्त विक्षिप्त महिला कई माह की गर्भवती है। विक्षिप्त महिला कई महीनों से उसी जगह आसपास भटक कर अपना जिंदगी



गुजार रही है। आपको बता दें कि इंसानियत को लोग तार तार कर इंसानियत का चीरहरण कर दिया गया है। यह घटना सिमरिया में पहली घटना नहीं है इस तरह की घटना पूर्व में कई विक्षिप्त महिलाओं के साथ घट चुकी है। यहां तक कि विक्षिप्त महिला के साथ हैवानियत का परिचय देते हुए उसे मौत का घाट तक उतार दिया गया है। आखिर कैसा इंसान होगा जो उसे अच्छे बुरे का का भी ख्याल ना रख दरिंदगी का परिचय दिया है। आखिर उक्त विक्षिप्त महिला के साथ आगे क्या होगा। कौन होगा उस नवजात शिशु का जिम्मेवार। इस तरह की जघन्य घटनाओं से इंसान को झकझोर कर रख देती है। आखिर कहां गई इंसानियत,कहां गई मानवता,कहां गई धर्म कहां गई मज़हब।क्या उस विक्षिप्त महिला के साथ हुए जघन्य अपराध का होगा कोई जिम्मेवार। क्या न्याय की जाएगी। कैसे की जाएगी दोषी को पहचान।

**झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा का चतरा दौरा आज**

# भाजपा द्वारा आयोजित अभिनंदन सह संकल्प सभा समारोह में होंगे शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा शनिवार को एक दिवसीय चतरा दौरा पर पहुंचेंगे। भाजपा द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह सह विजय संकल्प सभा में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में चतरा विधानसभा और सिमरिया विधानसभा के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा चतरा जिला के सीमा पर स्थित बलबल मंदिर के पास मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा का स्वागत किया जाएगा। उसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा चतरा पहुंचेंगे। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के स्वागत के लिए जगह-जगह पर तोरण द्वार भी बनाए गए हैं। कार्यक्रम



की तैयारी को लेकर सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया ।कार्यक्रम का आयोजन दो शिफ्ट में किया गया है। सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 तक चतरा विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा रूबरू होंगे। उसके बाद 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक सिमरिया विधानसभा के कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे। कार्यक्रम का आयोजन चतरा जिला मुख्यालय स्थित धमनिया के पास राइस मिल हाल में किया गया है। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, जिला महामंत्री मृत्युंजय सिंह, अक्षयवट पांडे, सागर साहू, अमित चौबे, अरविंद सिंह सहित अन्य थे।

# हाईवा ने मोटरसाइकिल को लिया अपने चपेट में, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** डीवीसी कोल माइंस खुलने से ग्रामीणों में काफी खुशी का माहौल देखने को मिल रहा था। लेकिन उन्हें क्या मालूम था कि यह खुशी दुर्भाग्य में बदल जाएगी। इसका मुख्य कारण है, कि डीवीसी कोल माइंस के द्वारा बाईपास रोड से कोयला लेजाने के बजाय घनी आबादी क्षेत्र मुरूप से होते हुए कुसमाही तक हाईवा से कोयला का परिचालन किया जा रहा है। तब से ग्रामीणों के लिए सिर दर्द बन गया। आये दिन सड़क दुर्घटना हो रही। लोग भयभीत जीवन जी रहे हैं। एक ऐसा ही मामला डीही पंचायत के नदी टोला स्थित पासी टोला ग्राम का जहां अहले सुबह तकरीबन 5:30 बजे कोयला लोड एक हाईवा ने सोनू चौथरी घर के पास खड़ी एक मोटरसाइकिल को अपने चपेट में ले



लिया गनीमत हो कि गाड़ी के पास कोई नहीं था नहीं तो बड़ी अनहोनी हो सकती थी। वहीं इस घटना के बाद ग्रामीण उग्र हो गये। हाईवे का परिचालन रोक दिया यह जाम लगभग 5 घंटे तक रही जिससे दोनों तरफ गाड़ी की लंबी कतारें लग गई। वहीं मौके पर भुक्तभोगी सोनू चौधरी समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि डीवीसी कंपनी जब से खुली है तब से आज तक हम लोगों का जीना मुहाल हो गया है। आये दिन सड़क दुर्घटना हो रही है। इसका मुख्य कारण है कि हाईवे चालक नशे में धुत रहते हैं और कभी घर को अपने चपेट में लेते हैं तो कभी मोटरसाइकिल चालकों को जिसके कारण हम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक स्कूल के बच्चें के साथ-साथ छोटे-छोटे बच्चों का काफी डर लगा रहता है की कब अनहोनी ना हो जाए।क्योंकि जिस तरह से हाईवे चालक नशा कर गाड़ी चला रहे हैं इसे कभी भी बड़ी अनहोनी हो सकती है। इसका मुख्य कारण है कि कंपनी अपना बाईपास रोड से निकालने के बजाय घनी आबादी क्षेत्र से कोयला ले जा रही है यह सरासर गलत है ।अगर डीवीसी कंपनी का यही रवैया रहा तो हम लोग उग्र आंदोलन करेंगे। मौके पर कई सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## जेएसएलपीएस कार्यालय में बिरसा फाउंडेशन सीड किया गया वितरण



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय के जे एसएलपीएस कार्यालय में उन्नति फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के बिरसा फाउंडेशन सीड का वितरण किया गया जहां मडूवा का बीज, सोयाबीन बीज, 18 लाभुकों के बीच वितरण किया गया। लाभूक में बगरा बसरिया और लोबगा के किसानों के बीच वितरण किया गया सोयाबीन और मडूवा का बीज को लगाने के बारे में भी विस्तार पूर्वक प्रखंड परियोजना पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार प्रजापति और लाइवलीहुड सीआरपी कंचन देवी एफटीसी रेणु देवी एफपीसी कार्यालय अकाउंटेंट जितेंद्र कुमार के द्वारा वितरण किया गया।मौके पर दर्जनों लाभुक और कर्मी शामिल थे।

# जेएसएलपीएस कर्मी के साथ बीपीएम ने किया रिव्यू मीटिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड कार्यालय में स्थित बीएमएमयू ऑफिस में जेएसएलपीएस के कर्मियों के साथ बीपीएम केदार प्रजापति ने रिव्यू मीटिंग शुक्रवार को किया है। जहां महीने भर की कार्य की जानकारी लिए, तो कई निर्देश भी दिए हैं। वहीं आईपीआर को सख्त निर्देश दिया गया है। कि प्रखंड में 60 वर्ष से अधिक आयु के महिलाओं का दोनों क्लस्टर में एक समूह जल्द से जल्द इसी माह में बनाकर विभाग को रिपोर्ट देना है। तो दूसरी तरफ सीएलएफ में 100 प्रतिशत सदस्यता शुल्क जमा करवाने का निर्देश दिया गया है। बैठक में उपस्थित एफटीसी अनिल प्रजापति अकाउंटेड अमरजीत सिंन्हा आइपीआर पी अजय कुमार सुनीता देवी सीसी सुनील पासवान सरदार जितेंद्र सिंह रंजीत यादव सुमित्रा देवी निशांत कुमार एलएचसीआरपी सुमन वर्मा बीआरपी योगेश्वर कुमार विजय रजक वह अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## मुहर्रम इंतजामिया कमेटी का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड के सरईडीह ग्राम में शुक्रवार को नमाज़ अदा करने के बाद मुहर्रम का पांचवीं तारीख को फैजाने गरीब नवाज़ कमेटी के सदर अफताब आलम की अध्यक्षता में पुराने कमेटी को खत्म करते हुए मुहर्रम इंतजामिया कमेटी का गठन किया गया जिसमें सभी के सर्व सहमति से राजद के वरिष्ठ नेता अलीहसन अंसारी को खलिफा बनाया गया। वहीं लोगों चुने हुए पदाधिकारीयों को फूलमाला व पगड़ी पोशी कर स्वागत किया गया। वहीं मुहर्रम कमिटी के सदर फिरोज़ अंसारी, सेकेट्री मुराद अंसारी को मौजूद लोगों ने चुनाव किया गया। वहीं नव नियुक्त कमेटी द्वारा मुहर्रम पर्व को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सरईडीह के इमाम अब्दुल हनान जौहर, मोअज्जीम रूस्तम अंसारी, मुख्तार अंसारी, एजाजुल हक, परवेज़ आलम, कबीर अंसारी, एनुल अंसारी, अली अख्तर अंसारी, इस्लाम अंसारी, अकबर अंसारी, इरसाद आलम समेत काफी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में आसन्न विधान सभा चुनाव को लेकर, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ नंदकुमार राम के अध्यक्षता में मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण द्वितीय 2024 को लेकर सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों का बैठक किया गया। बैठक मे विशेष संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम द्वितीय 2024 के संबंध में सभी बीएलओ को अवगत कराया गया। एवं कई आवश्यक निर्देश दिये गये, एक जुलाई 2024 को अर्हता प्राप्त सभी नागरिकों का मतदाता सूची में निबंधन करना। वैसे नागरिक जिसकी मृत्यु हो गई है या शिफ्टेड हो गये है, उन लोगों का मतदाता सूची से नाम हटाना तथा वैसे मतदाता जिनकी पहचान पत्र पुराना लैमिनेटेड कार्ड वाला है, या ब्लैक एंड वाइट वाला है उसका सुधार करना। प्रशिक्षक आलोक कुमार दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक मतदान केंद्र में 27 जुलाई 28 जुलाई 03 अगस्त व 04 अगस्त को विशेष शिविर आयोजित कर दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया .साथ ही बताया कि संशोधित मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 20 अगस्त को किया जाएगा। मौके पर प्रवेक्षक, प्रकाश कुमार सहित सभी सुपरवाइजर और बीएलओ उपस्थित थे।

## बालूमाथ में ब्लड डोनेशन कैंप 15 को



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के स्थापना के 50 वीं वर्षगांठ के अवसर पर बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अगामी 15 जुलाई सुबह 11 बजे से ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जनता एचपी गैस बालूमाथ के प्रबंधक मो.तौफीक के सहयोग से आयोजित होगा। मो.तौफीक ने बालूमाथ प्रखंड के सभी लोगो से आग्रह करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर अपना रक्तदान करे। और लातेहार जिला स्थित ब्लड बैंक का ब्लड यूनिट स्टॉक बढ़ाने में सहयोग करे। आपके द्वारा दिया गया ब्लड किसी मजबूर विवश बीमार को जीवन दे सकता है।

**आवास की आस में तड़प रही है विधवा महिला, प्रशासन बेखबर**

# दर्जनों बार फरियाद के बाद भी नही मिला आवास, तीन बच्चों के साथ टूटे खपड़ेल मकान में रहने को है विवश विधवा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के जबड़ा पंचायत के सीरिया टांड़ निवासी विधवा महिला सबिता देवी अपने तीन नन्हे बच्चों के साथ टूटे फूटे मकान में रहने को मजबूर है। विधवा महिला कई बार मुखिया के दरवाजे तो कई बार प्रखंड कार्यालय के दरवाजे खटखटा चुकी है लेकिन विधवा की फरियाद आज तक कोई नही सुनी है। ना हीं आज तक उन्हे आवास मिला है। विधवा महिला का खपड़ैल (कच्चा) मकान के दिवारे फट चुकी है लकड़ियां सड़ कर टूट रही है और खपड़ा के साथ लकड़ी टूट टूट कर गिरना जारीहै। हल्की बारिश में हीं उनके घर के अंदर काफी जलजमाव होने के कारण घर गीला हो गया है। आसमान का रौशनी टूटी फूटी लकड़ी और खपड़ा से घर के अंदर रौशनी कर रही है। यदि थोड़ी तेज बारिश हुई तो घर गिरने के



कगार पर खड़ा है। केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ गरीबों तक पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है। वहीं राज्य सरकार ने भी छत विहीन वैसे लोगों को आशियाना देने के लिए अबुवा आवास योजना का लाभ देने के लिए तत्पर हैं। ताकि गरीब अपने घर में सही से रह संके और जिंदगी गुजार सके। सरकार द्वारा खास तौर पर वैसे विधवा महिला लोगों के लिए स्पेशल अंबेडकर आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है ताकि विधवा महिला लाभ से वंचित ना रह सके। किंतु मसोमात सबिता को आज तक किसी भी तरह का आवास योजना का लाभ अभी तक नही मिला है। वहीं सिमरिया प्रमुख रोहन साव ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में वैसे लोगों को आवास मिला है जिनका दो तल्ला मकान है जो सक्षम है। बीडीओ, पंचायत सचिव और प्रतिनिधियों के मिलीभगत से सक्षम लोगों को आवास योजना का लाभ मिल गया है और वैसे गरीब विधवा को आवास नही मिल पाया है जो काफी चिंता का विषय है। यदि उक्त विधवा महिला को अविलंब आवास नहीं मिला तो कभी भी उक्त महिला के साथ दुर्घटना घटना स्वाभाविक है। वैसे में इसका जिम्मेवार कौन होगा। उक्त महिला छोटे छोटे तीन बच्चों के साथ उसी टूटी फूटी मकान में जीवन गुजार रही है। पानी से बचने के लिए ऊपर से प्लास्टिक बिछा रखी है जो वो भी नष्ट हो चुका है। जहां खाना पकाती है या सोती है वहां भी पानी का झरना बहना आम है। उसे अविलंब आवास दिया जाय। साथ हीं वैसे अबुआ आवास का लाभ लेने वाले सक्षम परिवार को उच्च स्तरीय जांच कर लाभ से वंचित किया जाय।वहीं आवास का लाभ सही लाभुको को दिया जाय।

# बिजली विभाग की लचर व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने दलदलिया सबस्टेशन का किया घेराव

**15 दिनों में बिजली सेवा दुरुस्त नहीं होने पर 30 अगस्त को होगा उग्र आंदोलन : कन्हाई सिंह**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारू :** प्रखंड में बिजली विभाग की लचर व्यवस्था को लेकर दलदलिया बिजली सबस्टेशन के घेराव शुक्रवार को भाजपा नेता कन्हाई सिंह एवं युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अनुप कश्यप,सांसद प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुमार, प्रखंड प्रमुख सीता देवी के नेतृत्व में किया गया।जो करवाई टाना नदी से जुलूस निकालकर प्रदर्शन करते हुए दलदलीय बिजली सब स्टेशन का घेराव किया।रैली में राज्य सरकार के विरोध में हेमंत सरकार होश में आओ बिजली विभाग होश में आओ बिजली विभाग के मनमानी नहीं चलेगी। गारू प्रखंड के सभी गांवों में 24 घंटा बिजली सेवा बहाल करें, गारु प्रखंड के कई गांव में बिजली सेवा अब तक बहाल क्यों नहीं, हेमंत सरकार जवाब दे,जैसे नारे लगाते हुए, सब स्टेशन का घेराव करते हुए, ग्रामीणों ने बिजली विभाग के एसडीओ वीरेंद्र




चौधरी को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि गारू प्रखंड के सभी फिटर के कभर तार को बदल कर उच्च कोटि का नया तार लगाया जाए।प्रखंड के रुद और कोटाम पंचायत को सरयू सबस्टेशन से जोड़ा जाए ताकि दोनों पंचायत में बिजली आपूर्ति नियमित रूप से मिल सके। करवाई पंचायत को लोहरगड़ा फिटर से जोड़ा जाए ताकि इन गांवों में भी बिजली सुचारू रूप से मिल सके। भाजपा नेता कन्हाई सिंह ने कहा कि इन सभी मांगों पर 30 अगस्त तक बिजली सेवा दुरुस्त नहीं होने पर 30 अगस्त को बिजली सबस्टेशन में तालाबंदी करते हुवे उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। और इसकी जवाब खुद बिजली विभाग का होगा। वहीं कनीय अभियंता विकास कुमार महतो ने सभी शर्तो को मानते हुए एक माह के अंदर सभी कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया।जिस पर ग्रामीणों ने बिजली सबस्टेशन का घेराव को तोड़ा।कड़ी धुप में महिला पुरुष छोटे-छोटे बच्चों को लेकर सुरकुमी, हेसवा, कबरी बारीबांध, हेन्देहास ,मारोमार करवाई समेत कई गांवों से सैकड़ों की संख्या में रैली में भाग लिए, ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग ट्रांसफार्मर बदलने, फ्यूज बांधने और तार लगाने, ट्रांसफार्मर में तेल डालने में भी पैसे की अवैध उगाही करती है। इस संदर्भ में बिजली विभाग के एसडीओ वीरेंद्र चौधरी ने गंभीरता से लेते हुए सभी कर्मियों पर कार्रवाई करने की बात कही है। और बिजली सबस्टेशन में एक मोबाइल नंबर बहुत जल्द जारी करने की बात कही।जिससे ग्रामीण अपनी बिजली की समस्या फोन के माध्यम से रख सकते हैं जिसका निवारण तुरंत हो सके। मौके पर बीजेपी नेता अमरेश्वर सिंह, करवाई मुखिया सुनेश्वर सिंह, शिवशंकर सिंह, संतोष यादव, राजकुमार सिंह, बलराम यादव, मनीष कुमार, संतोष प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, संजय पासवान, लक्ष्मण सिंह, सुशील बृजिया, समेत सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

# सदर विस सीट के लिए मची है मारामारी

## एक अनार सौ बीमार : एक दर्जन से ज्यादा है दावेदार

**प्रभात मंत्र @ कुणाल यादव**

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा सीट से जैसे ही यहाँ के सिटिंग विधायक मनीष जायसवाल को टिकट मिला उसी वक्त से यहाँ विधानसभा सीट के दावेदारों कि होड़ मच गई. लोकसभा चुनाव खत्म होने तक दावेदार सीधे मुँह अपनी दावेदारी के संबंध मे बोलने से बच रहे थे उनके समर्थक उनके विषय मे बोलते नज़र आ रहे थे लेकिन जैसे ही चुनाव का परिणाम आया और मनीष जायसवाल की जीत की घोषणा हुई यहाँ विधानसभा सीट से भाजपा की ओर से दावेदारी पेश करने वाले खुलकर अपने विषय मे बोलने लगे. जैसे जैसे समय बीत रहा है दावेदारों की सूची मे इजाफा होते जा रहा है. दरअसल बात ये है की हजारीबाग विधानसभा सीट भाजपा के लिए सुरक्षित सीट मानी जाती है, इस के संबंध मे अब यह कहा जाता है की यहाँ जिसे भाजपा से टिकट मिल जाएगा उसकी जीत सुनिश्चित है बस इसे ही देखते हुए सब भाजपा से टिकट की चाहत मे हैं. हर किसी की सपना है की पार्टी उन्हे हजारीबाग से प्रत्यासी घोषित कर दे फिर उनका विधायक बनाना तय है. प्रत्यासी बनने की दौड़ मे भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, उनके भाई व संघ से जुड़े श्रद्धानंद सिंह, अभाविप से भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तक का सफर तय करने वाले अमरदीप यादव, निर्दलीय



किस्मत आजमा चुके प्रदीप प्रसाद, युवा उद्यमी हर्ष अजमेरा, टोनी जैन, सेफाली गुप्ता, अनुपम सिन्हा, भैया अभिमन्यु प्रसाद, भैया बांके बिहारी, पूर्व जिलाध्यक्ष टुन्नु गोप समेत कई अन्य शामिल है. टिकट कि चाह मे रांची से लेकर दिल्ली तक की दौड़ लगा रहे हैं. इनमे से कई तो क्षेत्र मे अपना प्रचार प्रसार मे भी जुट गये हैं. इनके समर्थक भी सोशल मिडीया से लेकर चौक चौराहों व चाय कि दुकानों पर अपने नेता का टिकट कन्फर्म होने कि बाते कह रहे हैं. वहीं कई नेता के समर्थकों का यहाँ तक कहना है कि भाजपा यदि टिकट देती है तो ठीक वरना वे निर्दलीय या किसी दूसरी पार्टी के टिकट से भी चुनाव लड़ेंगे. आम जनता के बीच भी यह चर्चा का विषय बना हुआ है. वहीं अभी तक पार्टी का शीर्ष कमान अभी तक किसी भी नाम पर मुहर नही लगाई है लेकिन यहाँ सबके अपने अपने दावे हैं. जैसे जैसे चुनाव नज़दीक आते जा रहा है वैसे वैसे दावेदारों कि सूची मे इजाफा भी होते जा रहा है. अभी कहा जाय तो हजारीबाग विधानसभा सीट के लिए एक अनार सौ बीमार कि स्तिथि बनी हुई है.

# चौथी बार मंत्री बने बन्ना गुप्ता को बरही ओबीसी नेताओं ने मिलकर दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखंड सरकार में स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बने बन्ना गुप्ता को जिला ओबीसी कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक गुप्ता एवं कांग्रेस सोशल मीडिया के जिला कोर्डिनेटर उदय केसरी ने रांची स्थित उनके आवास में जाकर बधाई दी। उन्होंने झारखंड वैश्य समाज से आनेवाले श्री गुप्ता के चौथी बार मंत्री पद पाने के लिए उनकी ईमानदार, उदार और कर्मठ राजनीति का अभिनंदन किया। मौके पर कांग्रेस नेताओं के साथ बधाई देने वालों में कांग्रेस सिंघरावां पंचायत अध्यक्ष नरेश कुमार, साहू समाज के प्रतिनिधि सीताराम साहू एवं पंकज कश्यप भी शामिल रहे। जानकारी देते हुए दीपक गुप्ता ने कहा कि झारखंड के वैश्य समाज के लिए ही नहीं पूरा ओबीसी वर्ग के लिए



बन्ना गुप्ता का मंत्री बनना गौरव और खुशी की बात है। इस मुलाकात के दौरान मंत्री जी से आगामी विधानसभा सभा को लेकर राजनीतिक चर्चा और तैयारियों पर भी बातचीत हुई। इस दौरान हजारीबाग जिला में स्वास्थ्य सेवाएं एवं खाद्य आपूर्ति विभाग में विभिन्न अनियमितताओं से भी मंत्री को अवगत कराया गया। मंत्री श्री गुप्ता से राशन दुकानों के जरिए हो रही कालाबाजारी, सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी व अनुपस्थिति, अनाधिकृत रूप से संचालित कई अल्ट्रा साउंड आदि विषयों पर संज्ञान लेने का आग्रह किया गया। वहीं उदय केसरी ने कहा कि झारखंड सरकार में मंत्री के रूप में बन्ना गुप्ता की लोकप्रियता पूरे प्रदेश भर में लगातार बढ़ रही है। खासकर वैश्य समाज के लोगों में इससे गर्व की अनुभूति हुई है और इसके लिए हम माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का दिल आभार व्यक्त करते हैं।

# चेडरा पंसस मुन्नी देवी ने चौक-चौराहों पर मास्क लाइट लगाने की माँग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के चेडरा पंचायत समिति सदस्य मुन्नी देवी,प्रमुख चुनाव में प्रबल दावेदार थी,परन्तु बदले राजनीतिक हालात ने इन्हें चुनाव हार का सामना करना पड़ा। या इस हार की वजह को यूँ कहे हमें तो अपनो ने लूटा गैरो में कहाँ दम था,बिल्कुल सटीक बैठती है। उस अप्रत्याशित हार को भुलाकर एक मजबूत जनप्रतिनिधि होने के नाते मुन्नी देवी आज भी समाज सेवा,जनता से जुड़े मुद्दे उठाने में कोई कसर नही छोड़ती। जैसे चेडरा की गलियों में नाले का बहता गंदा पानी इसको रोकने के लिए हमेशा प्रयासरत रही,चेडरा के ढंगरटोली में नशामुक्ति अभियान में इनकीं अहम भूमिका रही,विष्णुगढ़-गोमियाँ पथ पर विभिन्न जगहों पर स्पीड ब्रेकर लगवाना जिससे जानमाल की हानि ना हो,सरकारी मदो से विकास कार्य करवाने में भी अहम भूमिका अदा की है,इसी कड़ी में आज भी विष्णुगढ़ सुंदर लगे इसको लेकर विष्णुगढ़ चेडरा के प्रखण्ड मुख्यालय में,हॉस्पिटल चौक में,करोंज मोड़ में मास्क लाइट लगाने को लेकर विष्णुगढ़ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार को लिखित रूप में आवेदन देकर आग्रह किया है। अपनी बातों को रखते हुए मुन्नी देवी ने कहा मैं चुनाव की बात को कब का भुला चुकीं हूँ, मेरा निरन्तर प्रयास रहता है,कि मेरा पंचायत सुंदर और सुदृढ हो। जनप्रतिनिधियों से गुजारिश है,जिसप्रकार अल्पसंख्यक समुदाय को ब्लॉक के समीप कल्याण विभाग से दुकानों का आवंटन किया गया है,ठीक उसी प्रकार हॉस्पिटल चौक के किनारे रेहड़ी पटरी पर बैठे दुकानदारों,अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के लिए दुकान की व्यवस्था होनी चाहिए,जिसके दो फायदे होंगे एक हॉस्पिटल चौक में जाम की स्थिति नही होगी और दूसरी गरीब दुकानदारों का दुकान बार-बार उजड़ने की परेशानी से उन्हें मुक्ति मिलेगी जिससे अपना एवं अपने परिवार का गुजर बसर आसानी से कर सकेंगे।

# एनटीपीसी परियोजना प्रमुख ने हजारीबाग सांसद से किया औपचारिक मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हज़ारीबाग़ लोकसभा संसदीय क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद मनीष जायसवाल से पकरी बरवाडीह परियोजना प्रमुख फ़ैज़ तैय्यब ने आज शिष्टाचार मुलाकात किया। परियोजना प्रमुख ने इस दौरान उन्हें सांसद बनने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी और परियोजना से संबंधित कई मुद्दों पर व्यापक चर्चा किया। सांसद के साथ परियोजना प्रमुख की वार्ता सकारात्मक रही। ग़ौरतलब है कि पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना अपनी स्थापना के बाद से ही आस पास के क्षेत्रों में सामाजिक विकास भागीदारी के तहत कई महत्वपूर्ण कार्य कर रही जिससे बड़कागाँव प्रखंड समेत आस पास के कई गांव लाभान्वित हुए हैं। पकरी बरवाडीह आस पास



के गांवों में आधारभूत संरचनाओं का विकास जैसे सड़कों का निर्माण, तालाबों का जीर्णोद्धार, लोगों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, सामाजिक सशक्तिकरण के लिए ।T। में बच्चों एवं महिलाओं को प्रशिक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

# आजसू पार्टी के रौशनलाल चौधरी एवं गणमान्य व्यक्तियों ने लाठी खेल का उद्घाटन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** हजारीबाग जिला के केरेडारी प्रखण्ड क्षेत्र के ग्राम पाण्डु के गोसिया मुहल्ला में शान ए हुसैन कमिटी के द्वारा मोहर्रम का त्यौहार मानने को लेकर खेल की शुरूआत हुई। जिसका उद्घाटन आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी सह विधायक प्रत्यासी रौशनलाल चौधरी, पूर्व रब्बानी मियां पूर्व पंचायत समिति सदस्य मो. समीम पंचायत समिति सदस्य प्रत्यासी सफर रजा सदर मो. मनोवर सिक्रेटी मो जुनेद सरपरस्त मो अरशद, मो मोफिल, सिक्रेटी मो इम्तियाज, रोशन मियां, सदर मो नौशाद एवं गांव के गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया। आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी सह विधायक प्रत्यासी रौशनलाल चौधरी ने मोहर्रम त्यौहार को लेकर शुभकामना संदेश देते समय कहां की इस्लाम धर्म का महत?वपूर्ण पर्व मुहर्रम है इस्लामिक कैलेंडर के पहले महीने मुहर्रम की 10वें दिन मनाया जाता है। इस दिन को आशूरा कहा जाता है। यह गम का त्योहार है। मुहर्रम दुख का त्योहार होता है। इस दिन हजरत इमाम हुसैन व उनके 72 साथियों की इराक के कर्बला के मैदान में शहादत को याद करते हुए मातम मनाया जाता है। इस्लाम



की मान्यता के अनुसार इस्लाम धर्म के प्रवर्तक पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन 680 ईस्वी में मुहर्रम की 10वीं तारीख को कर्बला के मैदान में शहीद हो गए थे। उन्होंने यज़ीद की सेना का अंत तक सामना किया था। कबर्ला के उस युद्ध की याद में उसी समय से मुहर्रम मनाया जाता है। इसमें ताजिया जुलूस निकाल कर मातम मनाया जाता है। ताजिया हजरत इमाम हुसैन और हजरत इमाम हसन के मकबरों के प्रतिरूप होते हैं। उद्घाटन मौके पर मो रियाज मो अजमत मो मोजाहिर भोला महतो दीपक कुमार दीन्हा मो साहबान अनिल राम राजा खान मो इफ्तेखार हकीम मियां सुनील कुमार संजर रजा मुन्ना खान मो कौसर मो सलामत मुर्तुजा मियां मो अब्दुल्लाह समेत शान ए हुसैन कमिटी के सदस्य समेत गांव सैकडो लोग उपस्थित थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**हजारीबाग :** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के बैनर तले प्रधान जिला जज सत्य प्रकाश सिन्हा के देखरेख में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 जूलाई को किया जाएगा। जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौरव खुराना ने बताया कि 11 मार्च से लेकर 12 जूलाई तक सुलहनीय लंबित मामलों को चिन्हित कर पक्षकारों के बीच सुलह कराया गया था। वहीं 13 जूलाई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन कर मामलों का निष्पादन किया जाएगा। इस नेशनल लोक अदालत में बीमा, श्रम, बैंक, उत्पाद, परिवहन, बीएसएनएल, वन, चेक बाउंस, भू-अर्जन, माप-तौल व अन्य और आपराधिक सुलहनीय लंबित मामलों को निष्पादन के लिए रखा गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने बताया है कि मामलों के त्वरित निष्पादन और पक्षकारों की सुविधा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार तत्पर है तथा इससे संबंधित पक्षकारों को नोटिस पूर्व में भेजा जा चुका है। उन्होंने पक्षकारों से अपील की है कि वैसे पक्षकार जो अपने लंबित वाद को नेशनल लोक अदालत में समाप्त कराना चाहते हैं वे शनिवार को सिविल कोर्ट परिसर स्थित न्याय सदन में उपस्थित होकर इसका लाभ उठा सकते हैं। नेशनल लोक अदालत की कार्यवाही 11 बजे से प्रारंभ होकर शाम तक चलेगी। उन्होंने इससे जुड़े सभी बीमा, बैंक, फायनांस, वन विभाग, श्रम विभाग, परिवहन विभाग, भू-अर्जन विभाग, उत्पाद विभाग व अन्य विभाग के पदाधिकारियों, पक्षकारों और अधिवक्ताओं से अपील की है कि ज्यादा-से-ज्यादा संख्या में भाग लेकर इस विशेष लोक अदालत को सफल बनाने का प्रयास करें।

# कटकमदाग थाना में मुहर्रम त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक



**कटकमदाग :** थाना परिसर में मुहर्रम त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक हुई जिसके अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी ऐकता वर्मा ने किया। साथ ही साथ क्षेत्र में मुहर्रम त्योहार पर लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील किया । वही बैठक में थाना प्रभारी पंकज कुमार ने थाना क्षेत्र के सभी मुहर्रम त्योहार के प्रतिनिधि खलिफा अखाड़ा धारी से ताजिया जुलूस में शामिल सहयोगी से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील किया। मुहर्रम त्योहार का महीना गम का त्योहार है। ताजिया जुलूस के दौरान आम जनों को सड़क पर आने जाने वाले लोगों को परेशानी नही उत्पन्न हो इसके रखे ख्याल रखें मुहर्रम त्योहार के गणमान्य लोग मौजूद सरदार प्रतिनिधि मण्डल से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील किया गया। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी ऐकता वर्मा पंचायत राज पदाधिकारी महेश राम मुखिया प्रमेश्वर गोप पूर्व उपप्रमुख सीता राम प्रजापति असगर अली अख्तर नूरी मोहम्मद जमालुद्दीन मोहम्मद खुर्शीद मियां मोहम्मद जमाल मोहम्मद रफीक अब्दुल करीम मकसूद इत्यादि।

# दिव्य ग्रंथ अध्ययन केन्द्र की ऑनलाइन कवि गोष्ठी, देशभर के कवियों ने बांधा समां



**हजारीबाग :** दिव्य ग्रंथ अध्ययन केन्द्र की ओर से संचालित कवि गोष्ठी गुरुवार को अपने निर्धारित समय से गूगल मीट पर ऑनलाइन संपन्न हुई। कोडरमा से पीयूष पाणि ने मंच का संचालन किया। अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने विचार की शक्ति क्या होती है ज्की प्रस्तुति की। हजारीबाग के केरेडारी स्थित कंडाबेर से दिवाकर पाठक ने शिव मानस पूजा ज्की प्रस्तुति की। कोडरमा से गिरधर ने अपने मन के दुर्योधन को समझाओ ...की प्रस्तुति की। चतरा से रवीन्द्र नारायण पाठक,कोडरमा से ओमप्रकाश,हजारीबाग से श्याम किशोर मिश्रा,जमशेदपुर में पदस्थापित थानेदार राजीव,समेत देश के विभिन्न हिस्सों से कवियों ने भाग लेकर अपने अनोखे अंदाज में अपनी प्रस्तुति कर सबों के मन-मंदिर को आनंद रस से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का विराम कोडरमा से पीयूष पाणि ने अपनी हास्य रचना की प्रस्तुति कर सबों को लोटपोट कर दिया!

# देव परिवार के दीपाली देव के अंतिम संस्कार में सैकड़ो लोग हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** देव परिवार के 86 वर्षीय दीपाली देव का निधन गुरूवार तथा शुक्रवार को अंतिम संस्कार खिरगांव स्थित मुक्तिधाम में किया गया । ज्ञात हो दीपाली देव सयुंक्त बिहार के पूर्व मंत्री स्व- तापेश्वर देव की पत्नी तथा वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव, अरविंद देव, गौतम देव की माता थीं । मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र गौतम देव ने दिया । अंतिम संस्कार में कांग्रेस के यमुना यादव, बिनोद कुशवाहा, शैलेन्द्र कुमार यादव, निसार खान, मनोज नारायण भगत, भालचंद्र मिश्रा, रजी अहमद, भगवान सिंह, लखराज सिंह, परवेज अहमद, जावेद इकबाल, राजू चौरसिया, सुरजीत नागवाला, नरेश गुप्ता झामुमो के कमल नयन सिंह भाजपा के विवेकानंद सिंह, टुन्नू गोप, बटेश्वर प्रसाद मेहता, भैया अभिमन्यू, आनंद देव, निरंजन देव, विवेक कुमार सिंह, समाजसेवी बब्लू भंडारी, देबू जैन, विकास सिंह, सत्यदेव सिंह, सरदार गुनवंत सिंह, त्रिलोक मुनका, सुरेन्द्र सिंह, राजेश प्रसाद सिंह, तापस चक्रवर्ती, मनोज राणा, प्रभू सिंह, दिना यादव, सीके सिंह, श्रद्धानंद सिंह, राकेश गुप्ता, सरदार गुरूशरण सिंह, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी के अतिरिक्त परिवार के सदस्य तथा शहर के कई गणमान्य लोग शामिल हुए ।

# मुखिया मकीना खातून ने बैजलाडीह में आंगनबाड़ी स्थापना का किया मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत बिजैया पंचायत के मुखिया मकीना खातून ने बैजलाडीह में आंगनबाड़ी स्थापना की मांग की है। उन्होंने कहा कि बैजलाडीह में लगभग 250 परिवार निवास करता है। इसके बावजूद यहां आंगनबाड़ी केंद्र नही है। आंगनबाड़ी केंद्र ना होने से छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं और किशोरियों को पुष्टाहार या अन्य कोई राशन नही मिल रहा है जिससे गांव के बच्चे कुपोषित हो सकते है। साथ ही कहा कि गांव में ज्यादातर मजदूर वर्ग के परिवार रह रहे है। उन्हे शारीरिक व मानसिक विकास के लिए कोई आहार नही मिल पा रहा है। जिसको लेकर उन्होंने विभागीय अधिकारियों से बैजलाडीह में आंगनबाड़ी स्थापना की मांग की है।

# मुहर्रम को लेकर डाड़ी कलां थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड के डाड़ी कलां थाना में मुहर्रम पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर थाना प्रभारी पिंटू कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में पिंटू कुमार ने कहा कि मुहर्रम को लेकर प्रशासन सजग है। किसी भी समस्या पर प्रशासन को सूचित करें। आपसी सद्भाव के साथ पर्व को संपन्न कराने में प्रशासन को सहयोग करने की अपील की।ताजिया जुलूस निकाले जाने वाले जगहों की जानकारी ली। मुहर्रम आपसी भाईचारे के साथ शांति का पैगाम देने वाला पर्व है। इस पर्व को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर जुलूस निकालने वाले कमेटी को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। प्रशासन के निर्देश का पालन करते हुए ताजिया तय मार्ग से ही ले जाना अनिवार्य होगा। मुहर्रम को लेकर चिन्हित जगहों पर गश्ती की जाएगी। सोशल मीडिया के अफहों से बचने का प्रयास करें। बैठक में एएसआई सतीश ऊराँव, डाड़ी कलां मुखिया इल्यास अंसारी, पंसस फयूम अंसारी, पदुम साव, मोहम्मद रब्बानी, जुल्फकार अंसारी, रंजीत महतो, खलील अंसारी, अली हुसैन, मोबारक, मोहम्मद कलाम, मुमताज़ अंसारी, बशीर खान, प्रमोद महतो, सुल्तान अंसारी, निसार अंसारी, पुनीत महतो, मेराजुद्दीन, खेमलाल महतो, नियामत अली, अलीमुल्लाह, भेखलाल महतो, तफजुल अंसारी, बालदेव महतो, नसरुल्लाह, के अलावा दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# कृष्णा ब्रांड सरसो तेल से भरी गाड़ी पलटी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** हज़ारीबाग़ के टाटीझरिया थाना क्षेत्र में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। 17 माईल और दूध मटिया के बीच सरसों तेल कृष्णा ब्रांड से भरी एक गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत ये रही कि गाड़ी में सवार बच्चा और ड्राइवर को कोई चोट नहीं आई। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि आखिर गाड़ी किस वजह से अनियंत्रित हुई और पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी को सड़क से हटाया और यातायात को सुचारू किया। इस घटना से इलाके में थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहीं आसपास के लोगों ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए सड़क सुरक्षा के मद्दे नजर रखने की मांग की है। गौरतलब है कि आए दिन तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में ज़रूरी है कि हर कोई सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करे।

# खरीफ बीज वितरण के लिए आत्मा के द्वारा कृषकों का किया गया चयन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय सभागार में परियोजना निदेशक आत्मा, हज़ारीबाग के पत्रांक-118 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024-25 फ़ूड नेशनल सिक्युरिटी राइस (कृषिनोत्ति योजना ) के तहत खरीफ मौसम में कलस्टर डेंमोस्ट्रेशन (100त्नसब्सीडी) के अंतर्गत उत्तम क्वालिटी के धान बीज( आईआर-64,डीआरटी-1)04 हेक्टेयर, 02 क्विंटल। पत्रांक-124 के आलोक में उत्तम क्वालिटी के(पीएनपीएच-24)धान बीज,05 हेक्टेयर 25 किलोग्राम, पत्रांक-123 के आलोक में उत्तम क्वालिटी के मक्का बीज (डीएचएम-121) 08 हेक्टेयर 160 को चयनित चयनित कृषकों को बीज प्रत्यक्षण वितरण करने को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विष्णुगढ़ प्रमुख जैबुन निशा ने किया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ अखिलेश कुमार,बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति, विष्णुगढ़, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी विष्णुगढ़, प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी विष्णुगढ़, पौधा संरक्षण पर्यवेक्षक, विष्णुगढ़, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक विष्णुगढ़ समेत कृषक बंधु मौजूद थे।

# बरही चौक करीब दो 2 घंटे रहा जाम, थाना प्रभारी के पहल पर हटा जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** शुक्रवार को बरही चौक पर ही एक मालवाहक ट्रक करीब 2:30 बजे ब्रेक डाउन होने पर वाहनों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई। देखते ही देखते करीब एक किलोमीटर दूरी तक तीन राजमार्गो का संगम स्थल बरही चौक बुरी तरह जाम हो गया। करीब 2 घंटे बरही चौक भीषण जाम लगा रहा। हालांकि एक ट्रैफिक पुलिस नजर आए, परंतु जाम हटाने का प्रयास विफल थी। जाम की खबर सुन बरही चौक पर जाम हटाने के लिए पुनि सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार बरही चौक पहुंचे और जाम स्थित का जायजा लिया। जिसके बाद चौक के इर्द गिर्द ठेले आदि हटाकर वाहनों को निकलने का साधन बनाएं। वहीं बेतरकीब तरीके से चौक के इर्द गिर्द लगे बाइक को हटाया गया। वहीं एक बुलेट को कब्जे में लेकर थाना भेजे। उन्होंने लोगों को हिदायत दिया कि बरही चौक को आवागमन बाधित न करें। ठेले और बाइक चौक पर नहीं लगाए, अन्यथा प्रशासन फाइन के साथ कानूनी करवाई भी करेगी। हालांकि थाना प्रभारी के कड़ी मशक्कत के बाद वाहनें धीरे धीरे चलना शुरू हुई। करीब 4:30 बजे जाम हटा लिया गया।

# टाटीझरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक, मुहर्रम पर्व को सौहद्रपूर्ण मनाए : सुजीत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**टाटीझरिया :** टाटीझरिया थाना परिसर में मुहर्रम त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मानने को लेकर शांति समिति बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी नीलम टुडु एवं संचालन थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद एवं इंस्पेक्टर शहजाद थे। बैठक के दौरान प्रखंड क्षेत्र के दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में शांतिपूर्ण माहौल में मुहर्रम का पर्व मनाये जाने को लेकर चर्चा की गई। सीओ नीलम टुडु ने कहा की टाटीझरिया का इतिहास हमेशा आपसी भाईचारा के साथ पर्व को मनाने का रहा है आशा है कि आगे भी यहां के लोग इस परंपरा को बनाए रख मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएंगे। एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने कहा कि त्योहार को शांति पुर्ण से मनाना है। किसी प्रकार की अपवाह पर ध्यान नही दे। बैठक में एएसआई प्रमोद कुमार,मो मुख्तार ,साहबान अंसारी,मो मकसूद अंसारी,तैयब मियां, जैनुल अंसारी, मो क्यूम, सरफुद्दीन अंसारी, अनवर, मियां, तौफीक आलम, मो हबीब,नौशाद आलम मौजूद थे।

# उपायुक्त ने किया मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन रामगढ़ के सहयोग से हंस फाउंडेशन द्वारा सीएसआर के तहत शुक्रवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने समाहरणालय परिसर से चार मोबाइल मेडिकल यूनिट भैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।मौके पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं संबंधित अधिकारियों को भैन के सुचारू रूप से संचालन हेतु रूट चार्ट एवं रात्रि पड़ाव आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही किसी भी प्रकार के असुविधा होने पर जिला प्रशासन अथवा संबंधित अधिकारी से संपर्क करने का निर्देश भैन संचालक को दिया। उन्होंने बताया कि शुरुआती दौर में यह भैन सिर्फ रामगढ़ प्रखंड को उपलब्ध कराई गई है जो रामगढ़ प्रखंड के सभी पंचायत में घूम-घूम कर एक दिन में कम से कम दो गांव को ओपीडी की सुविधा मुहैया कराएगी एवं आने वाले दिनों में यह सुविधा धीरे-धीरे पूरे रामगढ़ जिले में शुरू कर दिया जाएगा।



**क्या है मोबाइल मेडिकल यूनिट भैन**

मोबाइल मेडिकल यूनिट भैन एक चलंत मिनी स्वास्थ्य केंद्र की तरह कार्य करता है जिसमें एक डॉक्टर के साथ दो एएनएम की टीम होती है। भैन में ब्लड प्रेशर मापने की मशीन, पल्स ऑक्सीमीटर, ब्लड शुगर मापने की मशीन, सतेथीस्कोप आदि के साथ विभिन्न प्रकार के रोगों में दी जाने वाली जेनेरिक मेडिसिन आदि मौजूद है। जिससे आम लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है।मौके पर उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला योजना पदाधिकारी श्री समीर कुल्लू, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉक्टर प्रभात शंकर, डीपीएम एनएचएम देवेंद्र भूषण श्रीवास्तव आदि के अलावा द हंस फाउंडेशन से रीजनल हेड शिशुपाल मेहता, प्रोजेक्ट मैनेजर सैमुअल सिंह, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर पवन कुमार सिंह एवं सुभाष मुखर्जी के साथ अन्य उपस्थित थे।

# जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त,रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के नेतृत्व में जिलें के विभिन्न चौक चौराहे पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा माल वाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आर0सी0 बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस,ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। वहीं जांच के दौरान कुल 22 बड़े वाहनों की जांच की गई जिसमें 12 वाहनों के कागजात अधूरे पाए गए उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुर्माना की वसूली की गई जिसमे लगभग कुल 418000 रुपया जुर्माना वसूल किया गया। उन्होंने बताया की जांच के दौरान 12 बड़ी वाहनों का पेपर फ़ेल, फिटनेस, टैक्स फेल, ओवरलोड, ओवरहाइट एवं रिफ्लेक्टिव टेप नही लगा होने के कारण लगभाग 418000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जांच अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चार पहिया



व दो पहिया वाहनों की भी जांच की गई जांच के दौरान हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, ट्रिपल लोडिंग आदि की भी जांच की गई मौके पर उन्होंने सभी अभिभागों से अपील भी किया कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने ना दे और जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है वह वाहन चलाते समय सेफ्टी रूल का अनुपालन करें। जांच के दौरान उन्होंने बताया की अभियान आगे भी जारी रहेगा। जिन वाहनों का परमिट, बीमा, फिटनेस, प्रदूषण, ओवरहाइट, ओवरलोड सहित रिफ्लेक्टिव टेप लगा हुआ नहीं मिलेगा उन वाहनों पर कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लगाया जाएगा ।वर्षा के दौरान सुरक्षित वाहन परिचालन के लिए जिले में परिवहन विभाग के द्वारा वाहनों की जांच की जा रही है।

# माता दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पांच दिवसीय महायज्ञ प्रारंभ हुआ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ के रांची रोड सेवटा मरार के बीआरएल के डैम साइड में नवनिर्मित मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के महायज्ञ का आयोजन किया गया है। श्रीश्री 1008 शतचंडी महायज्ञ सह भगवती दुर्गा विग्रह प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ प्रारंभ किया गया । इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि तिवारी महतो शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ महायज्ञ प्रारंभ हुआ । मंदिर से कलश यात्रा निकल कर रामगढ़ दामोदर नदी पहुंची । यहां, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञाचार्य यजमानों को सपत्निक पूजा कराये। इसके बाद 351 महिलाएं कलश में जल उठा कर गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा क्षेत्र का भ्रमण कर महायज्ञ स्थल पहुंची । यहां, कलश स्थापना के साथ अनुष्ठान प्रारंभ हो गया। 17 जुलाई तक महायज्ञ चलेगा। यज्ञाचार्य बालमुकुंद पांडेय और यज्ञाधीश पंडित युधिष्ठिर शास्त्री (पिंटू पांडेय) द्वारा प्रतिदिन अनुष्ठान कराया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह एवं आजसू नगर सचिव नीरज मंडल एवं महायज्ञ में समिति के अध्यक्ष नरेश साहू, उपाध्यक्ष मृणाल राठैर, सचिव कौशल किशोर, कोषाध्यक्ष उपेंद्र सिंह, धनंजय सिंह, रॉकी मिश्रा, दीपक पांडेय, राजेश मंडल, अरुण दुबे, राजीव सिंह, पिंटू - प्रजापति, बिंदेश्वर प्रजापति, बिट्टू प्रजापति आदि उपस्थित थे।

# कटिया में सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत कटिया बस्ती में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीटीपीएस महाविद्यालय प्रोफेसर बृजेश कुमार तथा संचालन डॉ.निशा कुमारी ने किया। इस कार्यक्रम के पहले दिन एनएसएस की उपयोगिता पर स्वयं सेवकों के द्वारा कटिया गांव में ग्रामीणों के बीच एक संगोष्ठी की गई। बताया गया कि आज स्वयंसेवक को द्वारा कटिया गांव में स्वच्छता अभियान व स्वच्छता विशेष पर संगोष्ठी की जाएगी। जिसके बाद नशा मुक्ति अभियान,नल-जल बचाओ अभियान, बरसाती जल को जमा करने का तरीका,वृक्षारोपण कार्यक्रम,मतदाता जागरूकता अभियान और सातवे दिन योग मेडिटेशन पर स्वयंसेवको के द्वारा ग्रामीणों के बीच संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मौके पर शुभम गिरी,पुनीत कुमार,विकास कुमार,रोशनी,संगीता देवी और नंदनी कुमारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।



# नशा उन्मूलन पर जागरूक्ता शिविर का आयोजन किया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के जिला सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे के मार्गदर्शन में डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीएस बरकाकाना में शुक्रवार को डालसा के तत्वावधान मे नशा उन्मूलन पर जागरूक्ता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित सचिव अनिल कुमार ने कानूनी साक्षरता शिविर के माध्यम से छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाले गंभीर परिणामों से अवगत कराते हुए नशीली पदार्थो से होने वाली मानसिक,शारीरिक,सामाजिक समस्या पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को इससे दूर रहने की बात की, मौके पर उपस्थित चीफ एलएडीसी सुजीत सिंह ने बच्चो के समक्ष ऐन.डी.पी.एस ऐक्ट मे वर्णित प्रतिबंधित नशीले पदार्थ के पाये जाने पर गंभीर दंड प्रावधानो के बारे मे बताया, साथ ही साथ मौके पर उपस्थित एसिसटेंट एलएडीसी अभिनव कुमार ने बच्चो को बताया की नशीली पदार्थो के सेवन से लोगों मे मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता की कमी होती है, स्वास्थ्य पर जानलेवा प्रभाव पड़ता है, पढ़ाई मे मन नही लगती, एक बार नशे की लत लग जाने पर लोगों के चाहने पर भी वापस लौटना मुस्किल हो जाता है एवं भविष्य अंधकार की ओर अग्रसर होता है, इस मौके पर डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य मो.मुस्तफा माजिद ,पैनल अधिवक्ता मंजूरी चाकी, लॉ छात्र अंकीत मिश्रा, पी.ल.वी विजय सिंह और निरंजन कुमार भी उपस्थित थे।



# पूर्व विधायक ममता देवी ने रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र में जन संवाद कार्यक्रम की शुरुआत की

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक ममता देवी द्वारा रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 के जगदीश नगर, कर्माटोली, रामनगर, एवं आदर्श कॉलोनी में डोर टू डोर जाकर जन संवाद किया गया। जनसंवाद के क्रम में भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे ।उपस्थित सभी लोगों द्वारा अपने-अपनी समस्याएं उन्हें बताएं गया। इनमें से कई समस्याओं का निपटारा ममता देवी के द्वारा ऑन स्पॉट संबंधित अधिकारियों से बात कर सुलझाने का प्रयास किया गया और कई ऐसी समस्याएं थी जिन्हें जल्दी सुलझाने का आश्वाशन दिया गया। पत्रकारों के द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में ममता देवी ने कहा कि उनका यह जन संवाद कार्यक्रम पूरे छावनी क्षेत्र सहित पूरे विधानसभा में चलेगा इस कार्यक्रम के माध्यम से जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनकर उसे दूर करने का पूरा प्रयास करूंगी। मौके पर मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के सचिव सी पी संतन,जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी, जिला बीस सुत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा,ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चंदन प्रसाद,जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मुकेश यादव, जिला महासचिव आसिफ इकबाल, अनिल मुंडा, समीर हुसैन,राजन करमाली, संजू साव, शिबू दांगी, छोटेलाल राम, राजू वर्मा, आनंद कुशवाहा,कमलेश महतो,अमित कुमार इत्यादि उपस्थित थे।




## कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार

### –: पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना :–

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, रांची के राज्यादेश सं0– 13 रा0 (वि0) दिनांक– 01.07.2024 द्वारा ''मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना'' की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त योजना से संबंधित योग्य एवं इच्छुक पशुपालकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। योजना का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | योजना का कुल लागत (रूपया में) | भौतिक लक्ष्य | | | अनुदान की राशि (प्रति ईकाई) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 75% अनुदान पर | 90% अनुदान पर | कुल | 75% अनुदान | 90% अनुदान |
| 1 | बकरा विकास योजना (4+1) | 24,800/- | 649 | 340 | 989 | 18,600/- | 22,320/- |
| 2 | सूकर विकास योजना (4+1) | 57,800/- | 103 | 59 | 162 | 43,350/- | 52,020/- |
| 3 | 400 बैक्यार्ड कुक्कुट (लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन) | 1,18,200/- | 48 | 27 | 75 | 88,650/- | 1,06,380/- |
| 4 | ब्रायलर कुक्कुट पालन योजना (500 चूजा) | 67,500/- | 100 | 55 | 155 | 50,625/- | 60,750/- |
| 5 | बत्तख चूजा वितरण योजना (15 चूजा) | 1,700/- | 554 | 370 | 924 | 1,275/- | 1,530/- |

लाभुकों का चयन हेतु अर्हत्ता एवं शर्तें:–

➢ लाभुकों के चयन की प्रक्रिया में लाभुकों का चयन/ अनुशंसा संबंधित ग्राम सभा के साथ–साथ पंचायत स्तरीय समिति द्वारा भी किया जाएगा। पंचायत स्तरीय समिति में निम्न सदस्य होंगे :–

(i.) ग्राम प्रधान
(ii.) मुखिया (ग्राम प्रधान नहीं रहने पर)
(iii.) JMF का प्रतिनिधि
(iv.) दुग्ध मित्र।

➢ लाभुकों के चयन हेतु अनुशंसा ग्राम सभा अथवा पंचायत स्तरीय समिति दोनों में से कोई एक द्वारा किया जायेगा।

➢ लाभुकों के चयन के साथ योजना अनुसार आवश्यक पशु शेड हेतु भी अनुशंसा संबंधित ग्राम सभा/ पंचायत स्तरीय समिति द्वारा निश्चित रूप से किया जायेगा।

➢ योजना से संबंधित आवेदन पत्र में स्थानीय और जाति/ दिव्यांगता/ विधवा/ 50 वर्ष से अधिक उम्र के निःसंतान दम्पत्ति से संबंधित प्रमाण–पत्र/ घोषणा–पत्र देना अनिवार्य है। संबंधित मुखिया/ पंचायत समिति सदस्य/ जिला परिषद् सदस्य इत्यादि के द्वारा उक्त घोषणा की सत्यता की जाँच करते हुए आवेदन पत्र को सत्यापित किया जायेगा। स्थानीयता के लिए वोटर आई०डी०/ आधार कार्ड आवेदन पत्र के साथ लाभुक को जमा करना होगा।

➢ योजनान्तर्गत पशु पक्षी का क्रय का प्रावधान निम्नवत् है :–

(i.) विभाग द्वारा आयोजित पशु मेला/ शिविर (कैम्प) में सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ताओं से।
(ii.) अन्य जिला एवं राज्य से (झारखण्ड में सूचीबद्ध होने के उपरांत मान्य होगा)
(iii.) GeM Portal से।
(iv.) NDDB से।

➢ विगत पाँच वर्षों में जिन परिवारों (JSFSS/ NFHS अन्तर्गत परिभाषित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।

➢ बत्तख चूजा वितरण की योजना से लाभान्वित लाभुकों को भी मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत अन्य योजनाएँ (यथा बकरा विकास, सूकर विकास, बैक्यार्ड कुक्कुट/ लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन की योजना तथा ब्रायलर कुक्कुट पालन इकाई की योजना) के लिए योग्य माने जायेंगे। जबकि बकरा विकास, सूकर विकास, बैक्यार्ड कुक्कुट/ लो इनपुट लेयर कुक्कुट पालन की योजना तथा ब्रायलर कुक्कुट पालन इकाई की योजना में से किसी भी योजना का लाभ मिलने पर लाभुक अन्य योजनाओं के लिए योग्य नहीं होंगे।

➢ ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ नियमानुसार चयनोपरान्त दिया जाएगा।

➢ यह कार्यक्रम ए0 पी0 एल0/ बी0 पी0 एल0 वर्ग के सभी महिला–पुरूष लाभुकों/ स्वयं सहायता समूह/ सहकारी समिति के सदस्यों के लिए है।

➢ योजना का लाभ जिले के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, बी0 पी0 एल0 कोटि, दिव्यांग कोटि एवं स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को प्राथमिकता के साथ दी जाएगी। अन्य कोटि के लाभुकों को भी योजना का लाभ नियमानुसार दिया जाएगा।

➢ इस योजना के तहत् अनुसूचित जाति/ जनजाति/ असहाय विधवा औरतों/ दिव्यांग/ निःसंतान दम्पति जिनकी उम्र कम–से–कम 50 वर्ष हो, के लिए अनुदान वास्तविक लागत का 90% तथा अन्य सभी लाभुकों को 75% अनुदान पर देय होगा।

➢ गाँव का चयन कलस्टर के आधार पर किया जायेगा। बकरा एवं सूकर विकास योजनान्तर्गत 10–20 इकाईयों के कलस्टर एवं अण्डा उत्पादन/ ब्रायलर उत्पादन के लाभुकों का चयन 5–5 इकाईयों में किया जायेगा।

➢ योजनान्तर्गत पशु/ पक्षी के निवास के लिए शेड, आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा के तहत् की जाएगी।

➢ योजनान्तर्गत लाभुकों के चयन हेतु ग्राम सभा/ पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा अनिवार्य रूप से प्राप्त करते हुए प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा के उपरांत चयनित लाभुकों की सूची जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध कराई जाएगी। तत्पश्चात् जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा अन्तिम रूप से लाभुकों का चयन किया जाएगा।

➢ योजनान्तर्गत चयनित प्रत्येक लाभुकों का Escrow Account/ Dedicated Bank Account खोला जायेगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account/ Dedicated Bank Account में ही हस्तांतरित की जाएगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account/ Dedicated Bank Account में 01 (एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही लाभुकों को पशुओं के क्रय/ प्राप्त करने की अर्हता प्राप्त होगी। पंचायत स्तरीय समिति/ ग्राम सभा के द्वारा लाभुक अंशदान संबंधित Escrow Account/ Dedicated Bank Account में जमा कराना सुनिश्चित किया जायेगा। पशुधन/ पक्षी इत्यादि के आपूर्ति के उपरांत लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि एक मुस्त आपूर्तिकर्त्ता के बैंक खाता में हस्तांतरित की जाएगी।

➢ इच्छुक पशुपालक अपना आवेदन पत्र (विहित प्रपत्र में) ग्राम सभा/ पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय में दिनांक– 14.08.2024 तक जमा करना सुनिश्चित करें।

नोट :–अधिक जानकारी जिला पशुपालन कार्यालय/ प्रखंड पशुपालन कार्यालय/प्रथम वर्गीय पशुचिकित्सालय से प्राप्त किया जा सकता है।

निवेदक :–
जिला पशुपालन पदाधिकारी,लातेहार

PR 329387 Animal Husbandry(24-25).D



## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा।

### ''रोजगार मेला–2024''

### -: सूचना :-

एतद् द्वारा सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को सूचित किया जाता है कि जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा कार्यालय के द्वारा दिनांक : **15 जुलाई, 2024** को **जे0 जे0 कॉलेज परिसर, झुमरी तिलेया, कोडरमा में** पूर्वाह्न **10:00** बजे से अपराह्न **03:00** बजे तक एक दिवसीय ''**दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला– 2024**'' का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निम्नलिखित प्रतिष्ठानों ने अपनी उपस्थिति की सहमति जताई है, जिसका विवरण निम्न प्रकार है :–

| S.N | Name of the Establishment & Address | Name of the Post | No of Post | Qualification | Age | Pay & Allow. | Experience |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Grizzly Vidyalaya, Telaiya Dam, Koderma | TGT Science | 02 | M.Sc/B.Ed | 25 to 45 Yrs. | 22,000 P.M | 2 Yrs. |
| | | Pre-Primary (Mother Teacher) | 02 | M.A/B.Ed | 20 to 35 Yrs. | 15,000 P.M | 2 Yrs. |
| | | TGT Physics | 01 | M.Sc/B.Ed | 25 to 45 Yrs. | 30,000 P.M | 2 Yrs. |
| | | PTI (COACH) | 01 | M.P.ED | 25 to 45 Yrs. | 20,000 P.M | 2 Yrs. |
| | | PRT English | 01 | M.A/B.Ed | 20 to 35 Yrs. | 20,000 P.M | 2 Yrs. |
| | | TGT English | 01 | M.A/B.Ed | 20 to 35 Yrs. | 28,000 P.M | 2 Yrs. |
| | | PGT Business Studies (BST) | 01 | M.Com/B.Ed | 30-45 Yrs. | 40,000 P.M | 2 Yrs. |
| | | PGT Physics | 01 | M.Sc/B.Ed | 30-45 Yrs. | 40,000 P.M | 2 Yrs. |
| | | Clerk | 01 | Graduate | 20- 35 Yrs. | 10,000 P.M | 1 Yrs. |
| | | Peon | 01 | 10th Pass | 20-35 Yrs. | As Per Govt. Norms | 1 Yrs. |
| 02 | Holy Family Hospital, Koderma | ANM | 10 | Diploma in ANM | 20-24 Yrs | 10,000 P.M | ------ |
| | | GNM | 02 | Diploma in GNM | 20-25 Yrs | 12,000 P.M | ------- |
| 03 | Jharkhand College of Pharmacy, J. Telaiya, Koderma | Asst. Professor | 02 | M. Pharmacy | 21-50 Yrs. | 30,000 P.M | -------- |
| 04 | Satin Credit Care Network ltd, Ranchi | TCSO | 12 | Inter Pass | 18-30 Yrs. | 20,400 (CTC) | Fresher |
| | | CSO/S.R CSO | 10 | Inter Pass | 18-32 Yrs. | 22,500 to 23,000 (CTC) | 6 Month to 2 Yrs. |
| | | Collection Officer | 10 | Inter Pass | 18-32 Yrs. | 20,500 to 25,000 (CTC) | |
| 05 | Chaitanya India Fin. Credit Pvt.ltd, Giridih | Customer Relationship Executive | 20 | Inter Pass | 18-28 Yrs. | 10,890 + Fuel+ Accommodation | Fresher |
| 06 | Skill Source Learning and Technologies Pvt. Ltd, Mumbai, Maharashtra, Hiring for Subros Ltd, Chennai | Under Retainer Model Naps-1 Year | 100 | ITI/Diploma Passing Year 2021-23 All Trades Except Carpenter, Civil & Computer | 18-24 Yrs. | ITI-15200 P.M Diploma-16,500 P.M | ---- |
| 07 | Baijnath Prasad Snehi College of Education, Domchanch, Koderma | Asst. Professor | 01 | M.Sc./M.Ed with NET/PHD | Up to50 Yrs. | State Govt. University Norms. | ----- |
| | | Asst. Professor | 01 | M.A in Prospective Sub. with NET/PHD | Up to 50Yrs. | State Govt. University Norms. | ----- |
| | | Asst. Professor | 01 | M.A in Eng/Hindi with NET/PHD | Up to 50 Yrs. | State Govt. University Norms. | ----- |
| | | Libration | 01 | B.Lib | Up to 40 Yrs. | State Govt. University Norms | 2 Yrs. |
| 08 | Credit Access Grameen Ltd, Ranchi | Trainee Kendra Manager | 30 | ITI/12th Pass | 19-29 Yrs. | 12,250 CTC | Fresher |
| 09 | Appreciable Public School, Parsabad, Koderma | Senior Teacher | 02 | M.A/B.Ed | 24-50 Yrs. | 12000-15000 PM | 2 Yrs. |
| | | Junior Teacher | 02 | M.A | 24-50 Yrs. | 10000-15000 PM | 2 Yrs. |
| | | Pre- Primary Teacher | 03 | B.A/M.A | 21-35 Yrs. | 10000-15000 PM | 1 Yrs. |
| | | Peon | 01 | 10th Pass | 22-40 Yrs. | 8000-12000 PM | --- |
| 10 | Bharat Financial Inclusion Ltd, J. Telaiya, Koderma | Sangam Manager Trainee | 10 | 12th Pass | 18-28 Yrs. | 1,15,450 Annual CTC | ---- |
| 11 | JITM, J. Telaiya, Koderma | Hair Dresser/ Stylist Trainer | 06 | 12th Pass with Diploma in Hair Dressing & Styling | 18-37 Yrs. | 15000-20000 PM | 4 Yrs. |
| | | Beauty Therapist Trainer | 06 | 12th Pass with Diploma in Beauty Therapist or Cosmetology | 18-37 Yrs. | 15000-20000 P.M | 4 Yrs. |
| | | Account Assistant Trainer | 06 | B.Com | 18-37 Yrs. | 15000-20000 PM | 6 Yrs. |
| | | Health Care Trainer | 43 | B.Sc Nursing/Diploma in GNM | 18-37 Yrs. | As Per Industrial Norms & Negotiable | 1 Yrs. |
| | | Apparel Trainer | 14 | Post Graduate in Textile & Clothing | 18-37 Yrs. | 20,000 PM | 1 Yrs. |
| 12 | Anjanisuta Steels Pvt. Ltd, Jhumri Telaiya, Koderma | Operator (Wire/Nails Machine) | 01 | 8th Pass | 21-45 Yrs. | 16,250 PM | 5 Yrs. |
| | | Helper (Wire/Nails Machine) | 06 | 8th Pass | 21-45 Yrs | 12,500 PM | 1-2 Yrs |
| 13 | G.S Public School | PGT Teacher | 01 | M.A English | 30-40 Yrs | 19,000 PM | 02-03 Yrs |
| | | PGT Teacher | 01 | M.Sc Chemistry | 30-45 Yrs | 19,000 PM | 02-03 Yrs |
| | | Physical Education Teacher | 01 | Graduation | 30-45 Yrs | 18,000 PM | 02-03 Yrs |
| | | Guard | 01 | Matric | 30-40 Yrs. | 12,000 PM | 02-03 Yrs. |
| 14 | Sun Bright Manpower Soulution Pvt. Ltd, Karnataka, Hiring for the Honda Company | Operator | 200 | ITI Pass (Only Male) | 18-29 Yrs. | 17,400 CTC+Yearly Bonus-34000 Ot-158, 2 Time Food | Fresher |
| | | Operator | 100 | 10th, 12th (Only Male) | 18-29 Yrs. | 15,000 CTC+Yearly Bonus-34000 Ot-158, 2 Time Food | Fresher |
| | Wistron Company | Operator | 200 | 10th/12th (Only Female) | 18-29 Yrs. | 17,400 CTC+Yearly Bonus-34000 Ot-158, 2 Time Food | Fresher |
| 15 | Axis Bank Ltd, Jhumri Telaiya, Koderma | DE.EP GEO R.A | 01 | Graduation | 21-25 Yrs. | 15,000 CTC | 2 Yrs |
| | | C.V- C.E R.O | 01 | Graduation | 21-25 Yrs. | 15,000 CTC | 2 Yrs |
| | | Rural Lending R.O | 01 | Graduation | 21-25 Yrs. | 15,000 CTC | 2 Yrs |
| 16 | Grizzly Public School, J.Telaiya, Koderma | TGT Science | 01 | B.Sc/B.Ed | 21-45 Yrs. | 25,000 PM | --- |
| | | Computer Operator | 01 | Graduate | 21-45 Yrs. | 18,000 PM | --- |
| | | TGT Computer | 01 | MCA | 21-45 Yrs. | 20,000 PM | ---- |
| | | Driver | 01 | 10th Pass | 21-50 Yrs. | 12,000 PM | ---- |
| 17 | Jharkhand Teacher's Training College, J. Telaiya, Koderma | Asst. Professor(Hist,Edu,Eng ,M.P.Ed) | 04 | M.A/M.Sc/M.FA /M.Ed+ NET/PHD | Up to 50 Yrs. | State Govt. University Norms. | ----- |
| 18 | Jharkhand Evening Degree College, J. Telaiya, Koderma | Asst. Professor (Eng/Geo/Pol Sc.) | 06 | NET/SLET/ Ph.D | Up to 50 Yrs.. | State Govt. University Norms. | ----- |
| | | Head Clerk | 01 | Graduation+ Computer Knowledge | 21-50 Yrs. | State Govt. University Norms. | ----- |
| | | Accountant | 01 | B.Com+Computer Knowledge | 21-50 Yrs. | State Govt. University Norms. | ----- |
| 19 | Pratik Steels Casting Pvt. Ltd, J. Telaiya, Koderma | Furnace Labour | 05 | 8th Pass | 18-50 Yrs. | 11,600 PM | ---- |
| 20 | Grizzly College of Education, J.Telaiya, Koderma | HOD (Perspective/Pedagogy | 01 | M.A/M.Ed | Up to 55 Yrs. | 25,000-35,000 PM | 5 Yrs. |
| | | Asst. Professor (English) | 01 | M.A/M.Ed | Up to 55 Yrs. | 25,000-35,000 PM | 1 Yrs. |
| | | Asst. Professor (Perspective) | 02 | M.A/M.Ed | Up to 55 Yrs. | 25,000-35,000 PM | |
| | | Asst. Professor (History) | 01 | M.A/M.Ed | Up to 55 Yrs. | 25,000-35,000 PM | |
| | | Aaya | 01 | Non-Matric | 18-50 Yrs. | As Per Govt. Norms | ---- |
| 21 | Jai Durga Iron Pvt. Ltd, J. Telaiya, Koderma | Helper | 15 | Litrate | 30-50 Yrs. | 11600-12200 PM | |
| | | Computer Operator | 02 | Graduation+ Fuji Gemco Software + Alluse Software | 25-40 Yrs. | 16100 PM | ---- |
| 22 | Jharkhand Vidhi Mahavidyalaya, J. Telaiya, Koderma | Asst. Professor | 05 | LL.M/NET/ Ph.D | Up to 50 Yrs. | State Govt. University Norms. | 2 Yrs. |
| | | Peon (Male SC/ST) | 01 | Matric Pass | 18-50 Yrs. | State Govt. University Norms | ---- |
| | | Peon (Female SC/ST) | 01 | Matric Pass | 18-50 Yrs. | State Govt. University Norms | ---- |
| | | Peon (Female General) | 01 | Matric Pass | 18-50 Yrs. | State Govt. University Norms | ---- |
| 23 | Mohit Ventures Pvt. Ltd, J. Telaiya, Koderma | Turner | 02 | 10th Pass | 20-40 Yrs. | 12,000 PM | 3 Yrs. |
| | | Fitter | 02 | 10th Pass | 20-40 Yrs. | 12,000 PM | 3 Yrs. |
| | | Electrician | 01 | Diploma/ITI | 20-40 Yrs. | 16,000 PM | 3 Yrs. |
| 24 | Tulshyan Metals Pvt. Ltd, J. Telaiya, Koderma | Bari Man | 03 | Non- Matric | 25-45 Yrs. | 12,200 PM | ---- |
| | | Tractor Driver | 02 | Non- Matric | 25-45 Yrs. | 12,500 PM | 1 Yrs. |
| 25 | R.P. Modi International High School, Larabad, Koderma | TGT/PGT (Math) | 01 | B.Ed | 21-40 Yrs. | 10000-15000 PM | --- |
| | | TGT/PGT, (English) | 01 | B.Ed | 21-40 Yrs. | 10000-15000 PM | --- |
| | | MTS-Cum-Computer Operator | 01 | Graduation | 21-40 Yrs. | 10000-12000 PM | --- |
| | | TGT/PGT/ Social Science | 01 | B.Ed | 21-40 Yrs. | 10000-15000 PM | --- |
| 26 | Ramgovind Polytechnic Institute, Karma, Koderma | Lecturer | 02 | B.Tech | 18-60 Yrs. | 15600 PM | 3 Yrs. |
| 27 | Ramgovind Institute of Technology, Karma, Koderma | Asst. Professor | 03 | M.Tech | 18-60 Yrs. | 21900 PM | 3 Yrs. |
| 28 | Adecco India Pvt. Ltd, Bangalore, Hiring for the Tata Electronic Pvt. ltd. Kolar, Karnataka | Technical Operator (Female Only) | 350+ | SSLC/PUC/ Diploma/ Graduation | 18-26 Yrs. | 19200 PM+ other Benefits | ----- |
| | Filpkart India Pvt. ltd | Data Entry Operator, Picker, Packer & others | 300 | 10th Pass | 18-28 Yrs. | 11,117 PM + Bonus | ----- |
| 29 | Team Plus HR Services Pvt. Ltd, Faridabad, Haryana | Machine Operator | 50 | Inter/Diploma | 18-35 Yrs. | 11500-17239 PM | ---- |
| | | Qulity Analyst | 50 | Inter/Diploma | 18-35 Yrs. | 11500-17239 PM | ---- |
| | | Assembly Line Operator | 50 | Inter/Diploma | 18-35 Yrs. | 11500-17239 PM | ---- |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से किसी भी नियोजनालय में निबंधित नहीं है, वे जिला नियोजनालय, कोडरमा में अथवा **www.jharniyojan.jharkhand.gov.in** पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त ''**रोजगार मेला– 2024**'' में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते हैं। **झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में 75% स्थानीय नियोजन निति का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक को स्थानीय आवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।** वैसे उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है अतएव चयन की प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप नहीं होगा।

अतः सभी शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में ''**रोजगार मेला– 2024**'' में शामिल होकर इस सुनहरे अवसर का लाभ उठावें।

ह/0
जिला नियोजन पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 329436 (Labour Employment and Traning) 24-25 (D)

# दो दिनों से लापता संदीप सोनी का शव पुलिस ने किया बरामद, दो अपराधी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** घटना जिले के सेन्हा थाना के ईटा बरही के समीप की है जहां एक जेवर व्यवसाई युवक की बेरहमी से हत्या कर शव को दफना दिया गया। वहीं शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमा ने मामला का खुलासा करते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सेन्हा थाना क्षेत्र के ग्राम बरही के रहने वाला संदीप सोनी जो वर्तमान में लोहरदगा ढोढ़ा टोली के निवासी हैं। जिनका कारोबार सोने तथा चांदी का व्यापार करना है जिसको लेकर वह बुधवार को संदीप सोनी अपनी स्कूटी जेएच 08 जे 5744 से सुबह 9:00 बजे के आसपास अपने घर से व्यापार के लिए निकले थे संध्या करीब 4:00 तक जब व्यापारी संदीप सोनी अपना घर वापस नहीं लौटा तो परिवार वालों की उसकी चिंता हुई जिसको लेकर उन्होंने संदीप से संपर्क करने की कोशिश करते रहें परंतु संदीप से संपर्क नहीं हो पा रही थी।जिसको लेकर संदीप सोनी के भाई निरंजन सोनी ने 10.7.2024 दिन बुधवार को लोहरदगा थाना में लिखित आवेदन दिया था कि उसका भाई संदीप सोनी उम्र करीब 20 वर्ष बुधवार सुबह 9:00 बजे के बाद से लापता है। जिसको लेकर लोहरदगा थाना ने कांड संख्या 144/24 दिनांक 11.07.2024 धारा 140(2)/238 बीएनए द्वारा मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद से पुलिस लगातार संदीप सोनी की तलाश में छापेमारी कर रही थी इस दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि संदीप सोनी की होंडा स्कूटी जो की ईटा ग्राम निवासी बैजनाथ लोहरा के गन्ने के खेत में देखी गई है जिसके बाद पुलिस द्वारा स्कूटी बरामद की गई। इसके बाद पुलिस को इस मामले पर आशंका हुई और छानबीन जोरों से तेज कर दी गई जिस दौरान इस गन्ने के खेत में ही संदीप सोनी का शव गड्ढे में दफनाया गया था। इसके बाद पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करने जुट गई इस दौरान ईटा ग्राम निवासी बैजनाथ लोहार का पुत्र शुभम लोहार तथा ग्राम भुजनिया निवासी सज्जाद अंसारी का पुत्र इबरान अंसारी को गिरफ्तार कर लिया।मिली जानकारी के अनुसार अपराधी शुभम लोहार तथा संदीप सोनी के बीच कुछ पैसों का लेनदेन पहले से था जिसको लेकर बैजनाथ लोहरा का पुत्र शुभम लोहार बार-बार पैसों की मांग कर रहा था पैसे ना देने को लेकर बुधवार को शुभम लोहरा ने कुछ जेवरात खरीदने के बहाने से संदीप सोनी को अपने घर बुलाया तथा अपने एक दोस्त इबरान अंसारी के साथ मिलकर संदीप सोनी की गला दबाकर हत्या कर दिया।जिसके बाद सारे जेवरात लूट लिया गया। तत्पश्चात शुभम लोहरा के ही गन्ने के खेत में संदीप सोनी तथा उसके स्कूटी दोनों को दफना दिया गया। बताया जा रहा है कि संदीप सोनी का शव दफनाने के बाद शव को गलने और सड़ने के लिए 13 से 14 पैकेट नमक का इस्तेमाल किया गया था।जिसके बाद दोनो हत्यारों को पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ करते हुए जेल भेज दिया।छानबीन के दौरान पुलिस को 3 मोबाइल,सोने चांदी का जेवरात चांदी का चेन-17 पीस, मंगलसूत्र-02, चांदी का पायल-10, चांदी का पंजा-02 जोड़ा,चांदी का विछिया-15, चांदी का अंगुठी 34 पीस,चांदी का कड़ी 42 ग्राम,चांदी का लॉकेट-05 पीस टुटा हुआ,चांदी का जेवर 112 ग्राम, सोना का टॉप-08 जोड़ा, कचकडा का डब्बा-01 पीस, लाल कपड़ा का छोटा पर्श 11 पीश, जिस पर आशा ज्वैलर्स एवं मोबाईल नंबर 7004920027 अंकित है। जिसके साथ एक छोटा इलेक्ट्रानिक वजन मशीन काले रंग का बरामद किया गया है।इस छापेमारी दल में शामिल समीर कुमार पु0अ0नि0आदर्श कुमार लोहरदगा थाना, पु0अ0नि0राकेश कुमार गुप्ता, पु0अ0नि0 संजय कुमार, लोहरदगा थाना, पु0अ0नि0रमेश कुमार सिंह लोहरदगा थाना, चा0आ0/713 मुकेश कुमार शर्मा, लोहरदगा थाना, आ0-चन्द्रदीप मेहता लोहरदगा थाना, आरक्षी-2370 जावेद अख्तर, गृह आरक्षी-43 निरज कुमार मिश्रा, चालक आरक्षी-716 निर्मल मार्शल मिंज, चालक आरक्षी-714 कुलानंद प्रसाद के साथ पुलिस बल के अन्य जवान शामिल थे।

## संदीप सोनी के हत्यारे को फांसी और पीड़ित परिवार को 50 लाख की सहायता राशि दे सरकार : जितेंद्र महतो



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र महतो ने शोक प्रकट करते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा जय श्री राम समिति के संरक्षक श्री अजय सोनी के चचेरे भाई संदीप सोनी की पहले सुनियोजित ढंग से अगवा कर निर्मम हत्या पूरे लोहरदगा को झकझोर देने वाली घटना है। इस घटना को लेकर भाजपा किसान मोर्चा लोहरदगा कड़ा विरोध प्रकट करती है। आज झारखंड में कानून नाम की कोई चीज नहीं, इससे सरकार के लोन ऑर्डर पर भी प्रश्न चिन्ह लगता है। यहां की आम जनता से लेकर व्यापारी वर्ग दशहत के माहौल में रहते है। लोहरदगा जैसे छोटे शहर में आए दिन दिनदहाड़े,मर्डर, लूटपाट,और गुंडागर्दी की घटना आम बात सी हो गई हैं। विगत कुछ माह पूर्व वायवसायी शिबू साहू की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया आखिर लहूलुहान लोहरदगा की धरती को सही न्याय कब मिलेगा।मैं झारखंड सरकार के मान्यवर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से मांग करता हूं की लोहरदगा में सही कानून व्यवस्था बहाल कर इस घटना को अंजाम देने वाले दो हत्यारे जो गिरस्त में है वो दोषी को फांसी की सजा मुकम्मल कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाय और पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपए की सहायता एवं आश्रित को नौकरी प्रदान किया जाय।

## संदीप सोनी हत्याकांड का त्वरित उद्भेदन हेतु पुलिस प्रशासन बधाई के पात्र : रितेश कुमार

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महज केस का उद्भेदन कर अपराधियों को जेल भेजकर आपराधिक कांड का उद्भेदन कर देना कतई श्रेयस्कर नहीं हो सकती। क्योंकि अपराधी हत्या जैसा जघन्य कांड करते है फिर पुलिस उस केस का त्वरित उद्भेदन भी करती है परन्तु उसके बाद घटनाक्रम् का न्यायालय ट्रायल के दौरान पुलिस या तो सुस्त पड़ जाती है या किसी दबाव अथवा अन्य कारणों से इसे अंतिम पायदान तक पहुंचाने में नाकामयाब हो जाती है, जिस कारण छह महीना, साल भर में अपराधियों को जमानत मिल जाता है, जिससे इनका मनोबल इतना बढ़ा होता है कि यह पुनः इस तरह के जघन्य अपराध करने से बिल्कुल ही नही डरते और अपराध का ग्राफ कभी निम्न होता ही नहीं। यह दो तीन माह के अंदर पैसों के कारण व्यापारी की दूसरी हत्या है। इसके पूर्व एक अपने ही सगे दोस्त द्वारा शिबू उर्फ नरेश कुमार साहू की सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही से पहले सेरेन्घातु मे खुले आम गोली मारकर हत्या कर दी गयी, हालांकि अपराधी अभी भी जेल में है परन्तु पूरा व्यवसायी वर्ग अपराधियों को कड़ी सजा मिले इसके लिये पुलिस प्रशासन की ओर निगाहें लगायी हुई है। अब एकबार फिर से संदीप सोनी की हत्या सेन्हा थाना के बरही क्षेत्र में अपराधियों द्वारा कर दी गयी है और हत्याकांड का उद्भेदन भी पुलिस प्रशासन द्वारा कर लिया गया है, परन्तु आगे इस तरह का जघन्य हत्याकांड में लिप्त अपराधियों को फांसी तक पहुंचाना भी पुलिस प्रशासन का ही काम है। अतः लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स यह मांग करती है कि इस तरह के जघन्य अपराध का फास्ट ट्रैक कोर्ट में स्पीडी ट्रायल करवाकर अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले,यह पुलिस प्रशासन सुनिश्चित करे। ताकि भविष्य में अपराधी अपराध करने से पहले दस बार सोंचे और जब सोंचे तो अपराधियों के अंजाम याद कर इनका रूह काँप उठे।

## भाजपा का कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह एवं विजय संकल्प सभा विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम 14 को

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय संगठन द्वारा निर्धारित कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह एवं विजय संकल्प सभा विधानसभा स्तरीय आयोजन सदर प्रखंड समीप स्थित टाउन हॉल में दिनांक 14-07-24 दिन रविवार को किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता के रूप में बोकारो विधानसभा विधायक बिरेंची नारायण होंगे। साथ ही कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद सह राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव,पूर्व लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में भाजपा के लिए बूथ पर संघर्षशील जुझारू कार्यकर्ताओं को सम्मानित करेगी। भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता पद सर्वोपरि है। चुनाव में हार जीत होती रहती है। परंतु कार्यकर्ताओं का सम्मान सदैव भाजपा करती है। भारतीय जनता पार्टी केवल संगठन के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का उपयोग नहीं करती उसके साथ ससम्मान खड़ी रहती है। यह सभा में आगामी कार्यक्रम एवं लक्ष्यों पर विजय हासिल करने के लिए संकल्प भी लेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी पशुपति नाथ पारस ने दी।

# प्रेम प्रसंग मामले को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड के लमडेगा पंचायत के सेमेरिया गांव में प्रेम प्रसंग के मामले पर बैठक का आयोजन किया गया तथा समाज के द्वारा लड़का को लड़की को सौप दिया गया, मिली जानकारी के अनुसार सेमेरिया निवासी राजा बड़ाईक पिता स्व शिबो बड़ाईक तथा गांव के ही रंथी कुमारी पिता किसनु लोहरा के बीच सात आठ वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था,इसे लेकर लोहरा समाज द्वारा बैठक आयोजित किया गया एवं लड़का एवं परिजनों को बुलाया गया, जहां पर लड़का राजा बड़ाईक द्वारा लड़की को जीवन संगिनी बनाने का फैसला सुनाया तथा लडकी द्वारा साथ जीने मरने की बात कही गई जिसके बाद समाज द्वारा लड़की को राजा बड़ाईक के हाथों सौंप दिया गया, मौके पर लोहरा समाज के बुद्धिजीवि लोग रहा बड़ाईक को कोर्ट मैरेज कर के साथ बिताबे को कहा गया, राजा बड़ाईक नें सहज़ स्वीकार किया। इस दौरान लोहरा आदिवासी समाज के अध्यक्ष अमरदीप नाग, उपाध्यक्ष मंगल तिर्की, सचिव अमर कैथवार, रोमान इंदवार, मदन कैथवार, दिनेश केरकेट्टा, रामेराम इंदवार, बसंत लोहरा, आशीष इंदवार, एवं बड़ाईक समाज के जगदीश बड़ाईक, राजा बड़ाईक, कृष्णा बड़ाईक, मुकेश बड़ाईक, जेठू बड़ाईक, सहित कई लोग मौजूद थे।

# शंख धारा महिला विकास मंडल द्वारा प्रखंड स्तरीय गरिमा सम्मेलन सह जन सुनवाई का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शंख धारा महिला विकास मंडल, कुडू के तत्वावधान में पलाश जेएसएलपीएस की कुडू प्रखंड ईकाई द्वारा बहुउदेशीय भवन में प्रखंड स्तरीय गरिमा सम्मेलन सह जन सुनवाई का आयोजन किया गया। उस कार्यक्रम में प्रखंड प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने अतिथियों का अभिवादन किया तथा कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। दीपक कुमार गुप्ता ने कहा कि कुरु प्रखंड क्षेत्र में अबतक कुल 125 लाभुकों का चिन्हित किया गया है, जिसमें 3 पुरूष भी शामिल हैं। सभी महिला लाभुकों को समूह से जोड़ा गया है और उन्हें सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। सभी लाभुकों को आजीविका की विभिन्न गतिविधियों से भी जोड़ा गया है। सम्मेलन में बोलते हुए सामाजिक विकास के जिला प्रबंधक बिनोद होरो ने कहा कि प्रखंड स्तर पर इन सभी लाभुकों का नेटवर्क बनाया जाएगा, ताकि प्रखंड के किसी भी क्षेत्र में अगर किसी को डायन कहकर प्रताड़ित किया गया तो उसकी सुरक्षा देने में सहयोग करेंगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवेश सर ने कहा कि कुरु प्रखंड में डायन-बिसाही कुप्रथा से पीड़ित लोगों को चिन्हित कर समाज के मुख्य धारा से जोड़ने हेतु ऐसी परियोजनाओं का धरातल पर उतारने के लिए जेएसएलपीएस सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज के दिन महिला को डायन बोलना दुर्भाग्य है। उन्होंने कहा कि अंधविश्वास को दूर करने के लिए नशापान को जड़ से मिटाना होगा। शिक्षा का दीप जलाना होगा। उन्होंने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने को प्रशासन सदैव तत्पर है। चिकित्सा प्रभारी सुलामी हीरो ने कहा कि महिला लक्ष्मी की रूप होती है,तो फिर डायन के नाम पर प्रताड़ित होना दुर्भाग्य है। स्वास्थ्य से संबंधित किसी भी मामला में चिकित्सा की हर सुविधा कुरु में उपलब्ध है आज शिक्षा और स्वास्थ्य की बहुत जरूरत है अगर महिला शिक्षित हैं तो इस तरह के मामले में कमी आयेगी, सममान हर महिला का अधिकार है।

## युवा कांग्रेस संगठन में बेहतर कार्य कर रहे है युवा कार्यकर्ता : विशाल डुंगडुंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को लोहरदगा जिला युवा कांग्रेस की कार्यकारणी बैठक जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग की अध्यक्षता एवं iyc कॉर्डिनेटर सुभ्रता दास की उपस्थिति में की गई, जिसमें संगठन की मजबूती, सक्रियता, कार्यो का वितरण, और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विशेष चर्चा की गई, मौके पर जिला अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि लोहरदगा जिला युवा कांग्रेस बेहतर कार्य कर रही है और आने वाले विधानसभा में बेहतर प्रदर्शन करेगी सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में मेहनत के साथ लग जाए, iyc कॉर्डिनेटर सुभ्रता दास ने कहा मुझे विश्वास है की जिस तरह लोकसभा चुनाव में पार्टी बेहतर प्रदर्शन करी उसी तरह विधानसभा चुनाव में भी बेहतर प्रदर्शन करेगी, लोहरदगा युवा कांग्रेस काफी मजबूत है सभी मिलकर काम करें, लोहरदगा जिले में मैं 4 महीने रह कर कार्य करूंगा और यह लड़ाई भाजपा के खिलाफ है, सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करें और जिनती भी कमिटी अपूर्ण है उसे जल्द पूर्ण करें, और राहुल गांधी जी की विचारधारा को मजबूत करें।

## भंडरा के गडरपो पंचायत क्षेत्र में हाथियों का उत्पात जारी, चार दिनों से ग्रामीण भय के साये में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा के गडरपो पंचायत में हाथियों के तांडव से ग्रामीण आतंकित हैं। ग्रामीण झुंड बनाकर पहाड़ों में या खुले मैदान में सपरिवार रात गुजारने मजबूर हैं। 17 हाथियों के दल ने सूखे की मार झेल रहे यहां ग्रामीणों के दर्जनों घरों को तबाह कर दिया है। पिछले तीन दिनों में 17 जंगली हाथियों के दल ने कचमची से डुमरी पहुंचकर वहा जम कर तांडव मचाते हुए कई किसानो के फसल बर्बाद किया। घरों को तोड़ दिया हाथियों ने ग्रामीणों के कई फसल को भी व्यापक नुकसान पहुंचाया है। गुरुवार को हाथीयों का झुण्ड बारन्दा से पुनः पलमी होते हुए जमगई की ओर चले गए परंतु एक बड़ा हाथी झुण्ड से बिछड़ कर पोड़हा क्षेत्र मे जम कर उत्पात मचा रहा है जिससे ग्रामीण खौफ में हैं। वन विभाग के लापरवाही से हाथियों का झुण्ड पुनः भंडरा क्षेत्र मे वापस आ सकती है. हाथियों के एक साथ चिंघाड़ की आवाज ग्रामीण भूल नहीं पा रहे हैं। हाथियों ने सबसे ज्यादा तबाही ग्राम पोड़हा में मचाई,जहां दर्जनों घरों को हाथी ने क्षतिग्रस्त कर दिया। तो दर्जनों ग्रामीणों के चावल धान को बर्बाद कर दिया। पोड़हा मे उमेश मांझी, अमीन बड़ाईक व उसके भाई कर्मपाल बड़ाईक, मुकेश साहू, हजारी साहू,शीतल देवी, सुरेश साहू, आराधया भगत, सुरेश उरांव, आराधया भगत आदि कई ग्रामीणों के घर को क्षतिग्रस्त कर घर मे रखे अनाज को बर्बाद कर दिया। कई ग्रामीणों ने घर से किसी तरह भाग कर जान बचाये। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों की चिंघाड़ से हम लोगों को पता चला कि हाथी घर की ओर आ रहे हैं, तो हम पूरे परिवार के साथ घर छोड़कर भाग गए।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चांपी का मनाया गया 29 वां वार्षिकोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले के कुडू प्रखंड क्षेत्र के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी का 29 वां वार्षिकोत्सव 12 जुलाई 2024 दिन शुक्रवार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, ओम और मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्पार्चन के साथ किया गया। बता दें कि 12 जुलाई सन् 1995 को इस विद्यालय की स्थापना की गई थी,जिसमें सात भैया बहनों को लेकर विद्यालय का शुरूआत किया गया था,आज यह विद्यालय वट वृक्ष की भांति अपना विकास और विस्तार कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषक के रूप में आचार्य नरेश साहू ने किया और अतिथि परिचय प्रधानाचार्य मनोहर मोदी द्वारा कराया गया। प्रधानाचार्य मनोहर मोदी ने विद्यालय का वृत कथन प्रस्तुत करते हुए कहा कि विद्यालय निरंतर उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है,जिसमें प्रमुख रूप से विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति एवं अभिभावकों का पूर्ण सहयोग मिलता रहा है, इसके लिए मैं उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने झारखंड माध्यमिक परीक्षा में भैया बहनों का उत्कृष्ट प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए,इसे जारी रखने का भरोसा दिलाया। इस दौरान विद्यालय के सचिव यदुनंदन तिवारी ने कहा कि विद्या मंदिर भारतीय संस्कृति से ओत प्रोत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है, जिससे भैया बहन जीवन में सफलता के साथ-साथ समाज से जुड़कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं।

## नवनियुक्त महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा सीता एक्का को विधायक भूषण बाड़ा ने दी बधाई



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीमा सीता एक्का को पांचवीं बार अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमेटी का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने बधाई दी है। मौके पर विधायक ने कहा कि सीमा सीता एक्का के नेतृत्व में महिला मोर्चा जिला कमेटी काफी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। इस बार फिर से महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर महिला मोर्चा और अधिक मजबूत हुआ है। सीमा सीता एक्का के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को एकतरफा जीत मिलेगी। विधायक ने कहा कि लगातार पांचवी बार जिलाध्यक्ष बनाया जाना सीमा सीता एक्का के पार्टी के प्रति समर्पित जीवन, ईमानदार एवं कर्मठता का नतीजा है। सीमा सीता एक्का ने हमेशा से महिला कांग्रेस कमेटी को मजबूत बनाने का काम किया है। इधर जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सीमा सीता एक्का को बधाई दी है।

# बंधु तिर्की ने लोहरदगा विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पदाधिकारि यों के साथ की बैठक

### कहा, झारखंड में फिर से इस बार भी गठबंधन की सरकार बनना तय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक न्यू रोड स्थित होटल गैलेक्सी में कार्यकारी जिला अध्यक्ष शकील अहमद की अध्यक्षता में आयोजित की गई, इस बैठक में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष श्री बंधु तिर्की जी शामिल हुए। साथ ही जिला के वरिष्ठ कांग्रेसी समेत जिला कांग्रेस के पदाधिकारीगण शामिल हुए। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रूपरेखा तैयार किया गया। इस मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह लोहरदगा जिला संगठन प्रभारी आदरणीय बंधु तिर्की जी ने उपस्थित कांग्रेसियों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव बहुत जल्द होने वाला है लोहरदगा जिला कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता इसके लिए तैयार हो जाएं लोहरदगा जिला में कांग्रेस संगठन काफी मजबूत है,उन्होंने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने एवं पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए धन्यवाद दिया। और पूर्ण आशा व्यक्त किया और कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भी लोहरदगा विधानसभा से कांग्रेस का परचम लहराएगा। कार्यकर्ता झारखंड सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जनों तक पहुंचाने का काम करेंगे। और झारखंड में फिर से इस बार भी गठबंधन की सरकार बननी तय है। कांग्रेसी आपसी द्वेष भुलाकर एकजुटता के साथ संगठन हित में कार्य करें। उन्होंने झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर के निर्देश पर जिला के वरिष्ठ कांग्रेसियों का एक कमिटी का गठन कार्यकर्ताओं के आपसी सहमति के पश्चात किया, जो इस प्रकार है। 1-सुखैर भगत, जिला अध्यक्ष। 2-डा रामेश्वर उरांव,विधायक। 3-जगदीप भगत, प्रदेश सचिव। 4-अभिनव सिद्धार्थ, राष्ट्रीय सचिव युवा कांग्रेस। 5-रीना भगत, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस। 6-नेसार अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि। 7-शकील अहमद, जिला कार्यकारी अध्यक्ष। 8-अशोक यादव, प्रदेश प्रतिनिधि। 9-मोहन दुबे, जिला उपाध्यक्ष। 10-मनोज भगत, अध्यक्ष जिला आदिवासी कांग्रेस। उन्होंने कहा कि यह कमिटी आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी के लिए रणनीति एवं रूपरेखा तय करेगी। आज के बैठक में मुख्य रूप से अशोक यादव, नेसार अहमद, जगदीप भगत, साजिद अहमद, सलीम अंसारी बड़े, रीना भगत, आलोक साहू, मोहन दुबे, शाहिद अहमद बेलू, फहद खान, सनियारो उरांव, सदरुल अंसारी, अनीस अहमद नंदकिशोर शुक्ला, प्रकाश उरांव, फुलदेव उरांव, मनोज भगत, मनोज सोन तिर्की, विनोद सिंह खेरवार, लाल विकास सहदेव, गुलाम जिलानी, तारीख अनवर, रफीक अंसारी, सोनू कुरैशी, सैफ अहमद, प्रत्यूष पांडे, रिजवान अंसारी, माजीद अहमद, दयानंद उरांव समेत काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

## होटवार गांव में देवी स्थापना सह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर निकाला गया कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू प्रखंड क्षेत्र के बड़की चाँपि पंचायत के होटवार गांव में देवी स्थापना सह प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम के अंतर्गत आज कलश यात्रा एवं वेदी पूजन कार्यक्रम हुई। इस कार्यक्रम में उड़ीसा से आये मुख्य पुजारी गंगा बाबा, कालन्दी बाबा, दुशासन बाबा एवं स्थानीय सतीश तिवारी बाबा, दिनेश देव पौराणिक के द्वारा यजमान सह समाजसेवी सह प्रसिद्ध व्यवसायी उदय कुमार गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी आरती देवी के द्वारा विधिवत कलश यात्रा एवं बेदी पूजन करवाई गई। कल जलाधिवास, अन्नाधिवास परसो जीवन्यास, प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति एवं भंडारा का कार्यक्रम की जाएगी।यह कार्यक्रम 12 जुलाई 24 से 14 जुलाई 24 तक चलेगी। इस मौके पर भव्य कलश यात्रा होटवार देवी मंदिर पास से जरियो नदी तक सैकड़ो महिलाओं, बालिकाओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात जरियो नदी से पवित्र जल कलश में लेकर होटवार मंदिर प्रांगण तक सभी लोग पहुचे। इस मौके पर गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा में महिलाएं-पुरुष, बालिकाएं, बच्चे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए। इस मौके पर समाज सेवी सह प्रसिद्ध व्यवसायी उदय कुमार गुप्ता ने कहा कि धार्मिक कार्य करने से मन मे शांति मिलती है, परिवार में सुख समृद्धि मिलती है, क्षेत्र में शांति, व्यवस्था कायम रहती है। मनुष्य तन धर्म-कर्म के लिए मिली है। इस लिए जंहा तक हो सके धार्मिक कार्यो में बढ़ चढ़ कर भाग लेनी चाहिए और सहयोग करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि देवी मंदिर होटवार का पूर्ण जीर्णोद्धार समाजसेवी सह प्रसिद्ध व्यवसायी उदय कुमार गुप्ता के निजी कोष से द्वारा करवाई गई।

**चलते चलते एक नजर**

## केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री से मिले डॉक्टर शाहिद अख्तर



**नई दिल्ली** : केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री किरण रिजिजू से राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान आयोग के सदस्य डॉक्टर शाहिद अख्तर ने औपचारिक मुलाकात की।उन्होंने केंद्रीय मंत्री को अपने द्वारा सम्पादिक पुस्तक भारतीय मुसलमान एकता का आधार हुब्बुलवतनी को उपहार स्वरूप भेंट किया। साथ ही आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन भी केंद्रीय मंत्री को सौंपा। डॉक्टर शाहिद अख्तर ने बताया कि केंद्र मंत्री से मुलाकात में राष्ट्रीय स्तर पर अल्पसंख्यक समाज की शिक्षा एवं सामाजिक स्तर पर चर्चा हुई। इस मुलाकात को डॉ. शाहिद अख्तर ने सकारात्मक बताया।

## भाजपा नगर मंडल ने नेता प्रतिपक्ष का गढ़वा में किया स्वागत

**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भाजपा के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी का शुक्रवार को भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के गढ़वा आवास पर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष श्री बाउरी ने भाजपा नेताओं एवं नगर मंडल के कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी किया। वे नगर उंटारी जाने के क्रम में गढ़वा में नेताओं से मुलाकात करने रुके थे।इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि पीएम मोदी देश के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता है और बीजेपी के लाखों कार्यकर्ताओं के लिए वे प्रेरणा स्त्रोत हैं। वे खुद को भी बीजेपी का कार्यकर्ता ही मानते हैं। मौके पर जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वरसागर चन्द्रवंशी, सूरज गुप्ता, मण्डल अध्यक्ष उमेश कश्यप, रविंद्र पासवान, रविंदर जायसवाल, चंदन जायसवाल, राजकुमार गुप्ता, ब्रजेश उपाध्याय, संतोष कश्यप, विशाल गुप्ता, सुरेंद्र कश्यप, अमित कश्यप, बंधु राम, मनोज महतो, सुरेश अग्रवाल, सिकंदर राम आदि लोग मौजूद थे।

## झारखण्ड प्रदेश की खादी संस्थाओं के साथ खादी संवाद कार्यक्रम आयोजित

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: खादी और ग्रामोद्योग आयोग अशोक नगर, रांची के प्रांगण में मनोज कुमार सिंह सदस्य (पूर्वी क्षेत्र), खाग्राआ की अध्यक्षता में झारखण्ड प्रदेश की खादी संस्थाओं के साथ खादी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राज्य की अधिकतर खादी संस्थाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य की खादी संस्थाओं के उत्पादन एवं बिक्री में आ रही कठिनाइयों पर सार्थक पहल करना है। आज देश दुनिया में खादी वस्त्र की मांग काफी बढ़ी है, क्योंकि खादी वस्त्र के उत्पादन में पर्यावरण संतुलन भी रहता है और सतत विकास का लक्ष्य भी हासिल होता है।

# भाजपा के गढ़ में सेंधमारी के लिए बेताब है इंडिया गठबंधन

## भाजपा के लिए चुनौती है राजनीति किला को बचाना

**इंडिया गठबंधन के लिए बुस्टर डोज साबित होगा हेमंत की सत्ता में वापसी**

**प्रत्याशी चयन में छोटी सी भूल भाजपा को पहुंचा सकता है बड़ा नुकसान**

**गढ़वा, लातेहार व चतरा यानी तीनों तरफ से पलामू की राजनीतिक घेराबंदी कर रहा है इंडिया गठबंधन**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** पलामू भाजपा का राजनीतिक गढ़ है.भाजपा के इस राजनीतिक गढ़ में सेंध लगाने के लिए इंडिया गठबंधन भी इस बार बेताब दिख रहा है. राज्य की सत्ता में रहने के कारण इंडिया गठबंधन का हौसला पहले से ही बढ़ा है. ऐसे में जमानत मिलने के बाद फिर से हेमंत की सत्ता में वापसी इंडिया गठबंधन के लिए बूस्टर डोज का काम कर रहा है.

देखा जाये तो पलामू की कायदे से राजनीतिक घेराबंदी की जा रही है.पलामू प्रमंडल के तीनों जिलों में से दो जिला गढ़वा और लातेहार की सत्ता में सीधी भागीदारी है. गढ़वा से मिथिलेश ठाकुर के बाद लातेहार के झामुमो विधायक बैद्यनाथ राम मंत्री बनाये गये हैं।

साथ ही पड़ोसी जिला चतरा से पहले से ही सत्यानंद भोक्ता राजद कोटे से मंत्री है. संथाल में अपनी मजबूत पकड के साथ इंडिया गठबंधन पलामू पर कब्जा जमा कर संपूर्ण झारखंड पर राजनीतिक कब्जे का संकेत देना चाहेगा। ऐसे में पलामू में अपने अभेद्य राजनीतिक किला को बचाने के लिए भाजपा को सर्द मौसम में होने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव में भी पसीना बहाना पड़ेगा।

क्योंकि धरातल की जो वास्तविकता है वह यह बताने के लिए पर्याप्त है कि इस बार के विधानसभा चुनाव लहर या साहनभूति के नाव पर सवार हो कर नही निकाला जा सकता है। बल्कि आज की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों को देखें तो पलामू जिला के सभी पांच विधानसभा सीट नेक टू नेक फाइट में फंसता नजर आ रहा है। भाजपा पलामू में 5-0 से बढ़त में है.यहां इंडिया गठबंधन के पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है.जबकि भाजपा के पास चुनौती है अपने पुराने प्रर्दशन को दोहराने की. ऐसे में यदि चर्चा हम पलामू की सभी पांच सीट की करे तो मौजूदा ऐसी ही परिस्थिति उभर कर सामने आ रहा है.

**पांकी विस :** भाजपा विधायक डा कुशवाहा शशिभूषण मेहता पूरी तरह से भाजपा के रंग में रंग कर हिंदुत्व का चेहरा बनने की कोशिश की है.स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विधायक नीधि से सिलाई मशीन देकर कार्यकताओं के विरोध का डैमेज कंट्रोल कर रहे हैं। पर डा मेहता को अपनों से ही चुनौती मिल रही है। क्योकि मेहता धनबल के लिए भी जाने जाते हैं। ऐसे में पिछडे समाज से आने वाले व्यवसायी रामदास साहु, डा मेहता का रास्ता रोकने के लिए तैयार हैं। तो इंडिया गठबंधन और कांग्रेस के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह भी अपनी राजनीतिक विरासत को वापस लाने के लिए मैदान में उतरेगें। पांकी हमेशा दल से व्यक्तिवाद की लड़ाई भारी रहा है.ऐसे में पिछले चुनाव की तरह लाल सूरज और अन्य पिछडे समाज के लोगो को साधने में इस बार डा मेहता सफल नही हुये तो तो मुश्किल बढ़ेगी.अभी तक की स्थिति में पांकी में भाजपा कंफर्ट जोन में नही दिख रही है.आप के ओकांर नाथ जायसवाल कभी राजनीति में डा मेहता के राइट हैंड हुआ करते थे. लेकिन बदली राजनीतिक परिस्थिति में ओंकार न सिर्फ ताल ठोक रहे हैं बल्कि निरंतर सवाल उठा कर वह विधायक को परेशान भी कर रहे है.

**डालटनगंज विधानसभा:** राज्य गठन के बाद 2019 में आलोक चौरसिया ने पहली बार इस सीट से भाजपा के दम पर विजय पाई थी। झाविमों से 2014 चुनाव जीत कर भाजपा का कमल खिलाने वाले आलोक के कार्यशैली से इस बार जनता का मन मिजाज मुरझाया प्रतीत हो रहा है.राजनीति में आलोक की दोनो दफा जीत में उनकी लोकप्रियता से अधिक उत्पन्न राजनीतिक परिस्थितियों ने भूमिका निभाया है। पहली बार साहनूभूति तो दूसरी बार कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पिस्तौल कांड ने जीत की राह तैयार किया। लेकिन लगातार दस वर्षो तक विधायक रहने के बाद भी आलोक का शहरी क्षेत्र पर पकड शून्य है। अपने स्वजातिय और चौधरी मतदाता के भरोसे आलोक एक बडे वोट बैंक वाले नेता माने जाते हैं। लेकिन इस बार अपने ही लोग आलोक से बिदके है. ऐसे में आलोक पर फिर से पार्टी विश्वास जतायेगी इसे लेकर भी संदेह है. इस बार झारखंड की सत्ता में वापसी महत्वपूर्ण विषय है. इन सब के बीच दूसरी तरफ मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरूणा शंकर की सक्रियता ने भाजपा को एक नया विकल्प दे दिया है। पार्टी आलोक की जगह पर अरूणा शंकर के नाम पर विचार कर सकता है.इसके पिछे भी पर्याप्त वजह है। क्योकि डालटनगंज विस का निर्णायक शहरी मतदाता होते हैं। साथ ही यह सीट पिछड़ा वैश्य बाहुल्य है। जिस तरह अपने मेयर कार्यकाल में अरूणा शंकर ने अपने कार्य के बदौलत जो पहचान बनायी है उससे न सिर्फ पलामू भाजपा को एक मजबूत महिला नेत्री मिली है, बल्कि पिछड़ा समाज की नेता भी। ऐसे में अरूणा शंकर के दावेदारी पर विचार कर भाजपा इस बहाने महिला सशक्तिकरण का संदेश भी दे सकता है. वैसै भी अरूणा शंकर के पति आनंद शंकर का शहर के व्यवसायियों पर अच्छी पकड़ है। साथ ही चैंबर अध्यक्ष होने के साथ समाज के सभी वर्गो पर उनकी पकड है। अरूणा शंकर को इसका भी व्यापक फायदा मिलता है. समाज सेवा के क्षेत्र में आनंद शंकर की एक अलग पहचान है। उधर डालटनगंज सीट पर इंडिया गठबंधन के पास केएन त्रिपाठी जैसा बडा नाम है। इस बार पूर्व स्पीकर इंदर सिंह नामधारी के पुत्र दिलीप सिंह नामधारी भी चुनाव मैदान में उतरने का एलान कर चुके है.ऐसे में भाजपा को अपना किला बचाने की चुनौती है.देखना होगा कि भाजपा किस पर अपना दांव लगाती है.



**छत्तरपुर विधानसभा क्षेत्र :** छत्तरपुर विस क्षेत्र राजद का प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है। लेकिन पिछले दस वर्षो से इस सीट पर भाजपा काबिज है। 2014 में राधाकृष्ण ने भाजपा के टिकट पर जीता तो 2019 में पूर्व सासंद मनोज कुमार की पत्नी पुष्पा देवी ने जीत दर्ज की. छत्तरपुर सीट से भाजपा के लिए हैट्रीक की राह आसान नही है। बीडी राम के आसरे राधाकृष्ण किशोर भी राजद छोड भाजपा में इंट्री के ताक में हैं। इधर प्रभात भुइया व घूरन राम की आस छत्तरपुर से है। पुष्पा देवी पांच साल में कुछ बेहतर नही कर सकी। फिर भी वह प्रबल दावेदार है।

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर में भाजपा को अपना चेहरा तय करने में ही परेशानी होगी.यदि उम्र का हवाला देकर पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी को रिप्लेस किया गया तो पार्टी का उम्मीदवार कौन होगा ? यह ही एक अहम सवाल होगा। वहीं इंडिया गठबंधन के पास राजद के नरेश सिंह या फिर गिरिनाथ सिंह विश्रामपुर के मैदान में ताल ठोक सकते है .ऐसे में फिर भाजपा की राह आसान नही होगी. कहा जा रहा है मंत्री मिथिलेश ठाकुर अपनी गढ़वा सीट को सुरक्षित रखने के लिए गिरिनाथ सिंह को विश्रामपुर से लडने के लिए तैयार चंद्रवंशी से अपनी पुरानी राजनीतिक लडाई का बदला लेना चाहेंगे। इसमें मिथिलेश ठाकुर कितने सफल होगे यह तो आने वाला वक्त ही तय करेगा.

**हुसैनाबाद विस क्षेत्र :** हुसैनाबाद भाजपा के लिए सूखा क्षेत्र रहा है। लेकिन एनसीपी से गठबंधन के बाद पार्टी विधायक कमलेश सिंह एनडीए फोल्ड़र में है. अब भाजपा क्या करेगी, यह अभी तक तय नही है। लेकिन कल्पना सोरेन ने हुसैनाबाद में जाकर राजनीति सभा कर जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह उर्फ टुटू सिंह को दल में शामिल कर इस सीट के राजनीतिक महत्व को बता दिया है .राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव भी इस मैदान से अपनी वापसी चाहेंगे तो भाजपा के विनोद सिंह और कर्नल संजय सिंह के बीच संभावित उम्मीदवारों में एक नाम भाजपा किसान मोरचा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह का भी है.कर्नल संजय सिंह और विनोद सिंह की फिल्ड में सक्रियता है पर पकड के मामले में ज्योतिरीश्वर सिंह इन दोनों पर बीस पड सकते है. यदि गठबंधन में यह सीट एनसीपी को गयी तो एनडीए को लाभ मिल सकता है। अन्यथा आपस के खींचतान में इंडिया गठबंधन भी लाभ ले सकता है. पिछले चुनाव में इस सीट से बसपा प्रत्याशी शेर अली का प्रर्दशन भी राजनीतिक जानकारों को चौकाया था.

**मनरेगा आयुक्त ने जलछाजन के तहत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर की बैठक**

# जल संरक्षण के लिए जरूरी है जन जागरूकता : राजेश्वरी बी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड जलछाजन परियोजना व प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-जलछाजन विकास अव्यय 2.0 के तहत शुक्रवार को विभागीय सभागार में समीक्षा बैठक की गई।बैठक को संबोधित करते हुए मनरेगा आयुक्त श्रीमती राजेश्वरी बी ने कहा कि जिले में इस वर्ष अपेक्षाकृत वर्षा कम हुई है। इसलिए यहां जलछाजन के स्कीम की महत्ता बढ़ जाती है।

जिलों में जल संरक्षण को लेकर हर स्तर पर अभियान चलाए जा रहे हैं। जल के एक-एक बूंद का संरक्षण और उसके महत्व को विस्तारपूर्वक बताया गया। उन्होंने कहा कि पानी को व्यर्थ न बहाए, पानी के व्यर्थ बहाव को रोकना सबकी जिम्मेदारी है। जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जन जागरूकता जरूरी है। आगे उन्होंने कहा कि इन योजनाओं को आत्मसात करते हुए प्लानिंग के साथ कृषि करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ड्रिप इरीगेशन एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे जल संग्रहण के साथ-साथ फसल सिंचाई भी अच्छे से किया जा सकता है।श्रीमति राजेश्वरी बी ने कहा कि जल छाजन कार्यक्रम का उद्देश्य है पर्यावरण में सही संतुलन को स्थापित करना, मिट्टी के कटाव को रोकना, प्राकृतिक वनस्पतियों को पुनर्जीवित करना, वर्षा जल का संरक्षण कर भूजल को बढ़ावा देना, मिश्रित खेती तथा खेती की नई तकनीकों को बढ़ावा देना व टिकाऊ जीविकोपार्जन पद्धति को बढ़ावा देना है।बैठक में पीपीटी के माध्यम से जलछाजन को लेकर आवश्यकताओं के अलावे जल संकट की स्थिति और आम आदमी की पहल के साथ जल संरक्षण के उपाय की जानकारी दी गई। इनमें जल, जंगल, तथा जमीन का उचित संरक्षण एवं विकास करना, पारिस्थितिकी में सही संतुलन स्थापित करना, मिट्टी के कटाव को रोकना, प्राकृतिक तथा वनस्पतियों को पुनर्जीवित करना, वर्षा जल का संरक्षण तथा भूजल को बढ़ावा देना, मिश्रित होती तथा खेती के नई तकनीकों को बढ़वा देना, टिकाउ जीविकोपार्जन पद्धति को बढ़वा देने की जानकारी दी गई। इस दौरान संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग श्री अवध प्रसाद,जिला तकनीकी विशेषज्ञ समेत अन्य उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री आलमगीर आलम सहित तीन के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर पीएमएलए कोर्ट ने लिया संज्ञान




**ईडी ने चार्जशीट में लिखा है कि संजीव लाल के नौकर के ठिकानों पर हुई छापेमारी में 32.20 करोड़ रुपये मिले।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी की चार्जशीट पर धन-शोधन निवारण अधियनियम (पीएमएलए) कोर्ट ने शुक्रवार को संज्ञान लिया। ईडी ने गत चार जुलाई को पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, उनके पीएस संजीव कुमार लाल और नौकर जहांगीर आलम के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा ने सही ठहराया है। संज्ञान लेने के साथ ही तीनों की मुश्किलें बढ़ गई हैं।अब मामले में आरोपितों को पुलिस पेपर सौंपा जाएगा। ईडी ने चार्जशीट में लिखा है कि संजीव लाल के नौकर के ठिकानों पर हुई छापेमारी में 32.20 करोड़ रुपये मिले। पूछताछ में यह बड़ी रकम टेंडर कमीशन का निकला है। यह रकम आलमगीर आलम के माध्यम से प्राप्त हुआ है। ईडी ने चार करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति भी जब्त कर चुकी है।इसके अलावा ईडी ने कई चल-अचल संपत्ति का भी जिक्र किया है, जिस पर जल्द ही ईडी अटैच की कार्रवाई करेगी। ईडी ने संजीव लाल व नौकर जहांगीर आलम को छह मई को गिरफ्तार किया था। आलमगीर आलम को 15 मई को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी ने गिरफ्तारी के बाद तीनों से 14 दिन तक पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया था। तब से तीनों आरोपित जेल में हैं।

## सोना चांदी व्यवसायी समिति ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**रांची** : सोना चांदी व्यवसाय समिति रांची का एक प्रतिनिधिमंडल लोहरदगा के युवा व्यवसाय संदीप सोनी के अपहरण कर हत्या करने के विरोध में लोहरदगा के व्यवसाईयों के साथ अपनी भागीदारी निभाई एवं लोहरदगा के उपायुक्त को संयुक्त रूप से एक ज्ञापन सौंपा । पिछले तीन दिन पूर्व संदीप सोनी को जेवर खरीदने के नाम पर दो अपराधी ग्राहक बनकर घर में बुलाकर उनका हत्या और 5 लाख से ज्यादा का जेवर लूटने के उपरांत पास के एक खेत में स्कूटी और संदीप की हत्या कर जमीन में गा दिया गया जो पास के किसान के द्वारा खोजा गया। इसके उपरांत लोहरदगा के सोना चांदी व्यवसाईयों में व्यापक आक्रोश व्याप्त हो गई और और उन्होंने संपूर्ण लोहरदगा के जेवर व्यवसाय अपना प्रतिष्ठन बंद रखा। इस संबंध में ज्ञापन रांची व्यवसाय समिति के पूर्व अध्यक्ष संतोष, गोपाल एवं उमेश के नेतृत्व में साथ ही लोहरदगा सर्राफा एसोसिएशन के संरक्षक उदय बर्मन सहित तमाम पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ उपायुक्त कार्यालय में जाकर ज्ञापन सौंपा।

## टाटानगर-हटिया स्पेशल ट्रेन 14 जुलाई को रहेगी रद्द

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल के अंतर्गत मूरी चांडिल रेलखंड पर विकास कार्य के लिये मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। इसके चलते 14 जुलाई को दो ट्रेने रद्द रहेंगी। इसमें ट्रेन संख्या 08151 और 08152 टाटानगर-बरकाकाना-टाटानगर मेमू पैसेंजर के साथ ट्रेन संख्या 08195 और 08196 टाटानगर-हटिया-टाटानगर मेमू स्पेशल रद्द रहेगी।

